सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 29.1
न्यूनतम : 23.3

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-82 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 10 सितम्बर 2025
17 रबीउलअव्वल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# सीपी राधाकृष्णन होंगे नए उपराष्ट्रपति

■ प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई, कहा- वे एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे



**नई दिल्ली।** भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने मंगलवार को हुए मतदान में 452 वोट पाकर जीत दर्ज की, जबकि विपक्षी उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए कहा कि राधाकृष्णन का जीवन हमेशा समाज सेवा और गरीबों-वंचितों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहा है।

उन्होंने लिखा, उनका जीवन हमेशा समाज की सेवा और गरीबों व हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहा है। मुझे विश्वास है कि वे एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे, जो हमारे संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेंगे और संसदीय संवाद को आगे बढ़ाएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत पर बधाई दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर लिखा, सार्वजनिक जीवन में आपके दशकों के समृद्ध अनुभव राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मैं आपको एक सफल और प्रभावशाली कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

भाजपा नेता शाहनवाज़ हुसैन ने उपराष्ट्रपति चुनाव में सीपी राधाकृष्णन की जीत पर कहा, देश के लिए अच्छी खबर है कि एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति होंगे, उन्हें 452 वोट मिले, विपक्षी सांसदों ने भी अपनी अंतरात्मा की आवाज़ पर उन्हें वोट दिया, उन्हें वे पसंद आए। यह बहुत बड़ी जीत है... मैं सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति बनने पर बधाई देता हूं।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपराष्ट्रपति चुनाव में सीपी राधाकृष्णन की जीत पर कहा, यह अद्भुत और अकल्पनीय जीत है। जिस बड़े अंतर से उन्होंने जीत हासिल की है, उससे साबित होता है कि देश को प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए पर भरोसा है। सी.पी. राधाकृष्णन को बधाई। वे एक परिश्रमी, तपस्वी, कल्पनाशील समाजसेवी और उदार सोच वाले व्यक्ति हैं। हम सौभाग्यशाली होंगे कि हमें उनके संरक्षण में काम करने का अवसर मिलेगा क्योंकि वे राज्यसभा का संचालन करेंगे। उन्हें बहुत बधाई।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उपराष्ट्रपति चुनाव में राधाकृष्णन की जीत पर कहा, महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अब देश के उपराष्ट्रपति चुने गए हैं... मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं, प्रधानमंत्री और एनडीए के सभी दलों को भी धन्यवाद देता हूं। मुझे विश्वास है कि सी.पी. राधाकृष्णन देश के उपराष्ट्रपति के रूप में इस पद की गरिमा बढ़ाएंगे। मुझे खुशी है कि जब उनके चुनाव की घोषणा हुई, तो उनका पता महाराष्ट्र दिया गया। मुझे खुशी है कि सी.पी. राधाकृष्णन जो महाराष्ट्र के निवासी हैं, देश के उपराष्ट्रपति बने हैं... विपक्ष बड़बोलापन कर रहा था... लेकिन हुआ उल्टा और विपक्षी दल अपने वोट नहीं बचा पाए।

### विपक्ष के उम्मीदवार को 152 मतों के अंतर से हराया

उप राष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन विजयी घोषित किए गए। राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 तथा विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 98 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शाम पांच बजे मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद छह बजे मतगणना प्रारंभ हुई। मतगणना समाप्त होने के बाद आज देर शाम नतीजे घोषित किए गए। जिसमें एनडीए उम्मीदवार को कुल 452 वोट मिले।

# पंजाब को मिली 1,600 करोड़ की मदद

■ पीएम ने की घोषणा किसानों और बाढ़ प्रभावितों के लिए खास पैकेज भी



**चंढीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के लिए 1,600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की घोषणा की है। यह मदद पहले से उपलब्ध 12,000 करोड़ रुपये के अलावा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने आज पंजाब पहुंचकर बाढ़ पीड़ितो से बात की। साथ ही कई क्षेत्रों का दौरा भी किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि बाढ़ और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित इलाकों को बहुआयामी मदद की जरूरत है। इसके लिए पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत, स्कूलों का पुनर्निर्माण और पीएम राहत कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

केंद्र सरकार ने खासतौर पर किसानों के लिए राहत पैकेज का एलान किया है। जिन किसानों के पास बिजली कनेक्शन नहीं हैं, उन्हें विशेष सहायता दी जाएगी। जिन बोरवेल को बाढ़ में नुकसान हुआ है, उनकी मरम्मत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत की जाएगी। डीजल से चलने वाले पंपों को सोलर पैनल से जोड़ने और माइक्रो सिंचाई के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना का लाभ भी दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में जिन परिवारों के घर नष्ट हो गए हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय मदद दी जाएगी। पंजाब सरकार ने इसके लिए स्पेशल प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया है। केंद्र सरकार ने साफ किया है कि पात्र परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। बाढ़ में पंजाब के कई सरकारी स्कूलों को नुकसान हुआ है। इनकी मरम्मत के लिए केंद्र समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय मदद देगा।

### हिमाचल को 1500 करोड़ की मदद देगी केंद्र सरकार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का हवाई सर्वे करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का एलान किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदनाएं प्रकट कीं और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने कांगड़ा में एक आधिकारिक बैठक की जिसमें हिमाचल प्रदेश में हुए नुकसान का आकलन करने के साथ-साथ राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की।

# नफरत फैलाने का माध्यम बन रहा सोशल मीडिया : योगी

■ बीमारू कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज विकास का इंजन बन गया



**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेट फार्म का सोसाइटी में दुरुपयोग हो रहा है। इस प्लेटफार्म का उपयोग अच्छी शिक्षा के लिए किया जाना था। कोरोना काल में जगह-जगह से ऑन लाइन शिक्षा की व्यवस्था की गई। यह इसका सकारात्मक पक्ष है।

मगर दूसरी तरफ सोशल मीडिया गलत ग्रुप बनाकर जातियों के बीच गाली-गलौज करने का माध्यम बनती जा रही है। फेक ग्रुप बनाकर नफरत फैलाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। टेक्नॉलोजी को अपने अनुरूप ढालने का दायित्व हमारे ऊपर है। उसे समाज लोक कल्याण के लिए कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है, इस पर काम करना होगा। विद्या भारती के नए प्रकल्प का भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रकृति और परमात्मा का प्रदेश है। हमारे पास सब कुछ है लेकिन हम भाग्य के भरोसे छोड़े हुए हैं। जिसे बीमारू कहा जाता था आज वही उत्तर प्रदेश विकास का इंजन बन गया है। चार सौ वर्ष पहले भारत में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था थी। मगर भारत के आजाद होते तक इतना लूटा गया कि वह कमजोर होता गया। भारत को तोड़ा गया, उसकी विरासत को लूटा गया। विदेशी ताकतें देश के लोगों को हतोत्साहित करते थे। जिसका असर यह हुआ कि लोग हेय दृष्टि से देखने लगे थे। सालार मसूद को जगह-जगह पूछने लग गए लेकिन सुहेल देव महाराज को भूलते गए। स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने की पैरवी करते हुए कहा कि विदेशी कंपनियों को जाने वाला पैसा आतंकवादियों तक आता है।

सीएम ने कहा कि सभी को विकसित बनना होगा। इसके लिए योजना बनाकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने 25 वर्ष की कार्य योजना बनाने को कहा है। योजना बनाकर किए गए कार्य से ही समर्थ बना सकते हैं। सरकार हर साल बजट प्रस्तुत करती है, जिसमें एक विजन होता है, जिसमें एक वर्ष के लिए तो व्यवस्था करते ही हैं, पांच व पच्चीस वर्ष की भी योजना बनाई जाती है।

### टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग भी हो रहा

सीएम ने कहा कि सभी को अल्प कालीन, मध्य कालीन और दीर्घ कालिक योजना बनाना चाहिए। एआई जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसमें नया सबक होगा। इसका महत्वपूर्ण कार्यों में इसका इस्तेमाल तो करें लेकिन इसका दुरुपयोग भी बहुत हो रहा है। डीप फेक के माध्यम से ब्लैक मेलिंग, डिजिटल अरेस्ट को रोकने के लिए सरकार ने उपाय तो किए हैं लेकिन टेक्नोलॉजी से आगे बढ़ाने में इसका उपयोग तो करना चाहिए लेकिन यदि मनोरंजन के लिए तीन-चार घंटे खर्च कर रहे हैं तो पैर में कुल्हाड़ी मार रहे हैं।

## साध्वी प्रज्ञा समेत सात को बरी करने वाले फैसले को चुनौती

**मालेगांव ब्लास्ट**

**मुंबई।** मालेगांव ब्लास्ट मामले में मृतकों के छह परिजनों ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन परिवारों ने विशेष एनआईए अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया गया था। यह अपील सोमवार को निसार अहमद सैयद बिलाल और अन्य ने अपने वकील मतीन शेख के जरिए दाखिल की।

29 सितंबर 2008 को मालेगांव की एक मस्जिद के पास खड़ी मोटरसाइकिल पर बंधा विस्फोटक फट गया था। यह घटना नासिक जिले के साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाके में हुई थी।

# थम गई भारत-नेपाल व्यापार की रफ्तार

■ नेपालगंज में उग्र प्रदर्शन से सीमा पर खड़े 200 ट्रक



**बहराइच।** पड़ोसी बांके जिले के नेपालगंज शहर में मंगलवार सुबह से ही हालात बिगड़ गए। उग्र भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़प और फायरिंग के बाद भारतीय सीमा पर असर दिखना शुरू हो गया है। रुपईडीहा बॉर्डर पर 200 से ज्यादा ट्रक खड़े हो गए हैं। इनमें खाद्यान्न, पेट्रोलियम पदार्थ और घरेलू सामान लदा हुआ है। वहीं नेपाल के भीतर गए सैकड़ों भारतीय वाहन अब तक वापस नहीं लौट पाए हैं।

नेपालगंज की स्थिति बिगड़ने के बाद रुपईडीहा स्थित लैंड पोर्ट अथॉरिटी के दफ्तर के बाहर करीब 200 ट्रक खड़े कर दिए गए हैं। इनमें खाद्यान्न, पेट्रोलियम पदार्थ और घरेलू सामान भरा हुआ है। सीमा पार जाने वाले वाहनों की रफ्तार थम गई है। केवल पेट्रोल और गैस के कुछ वाहन ही नेपाल प्रशासन की अनुमति और सेना की सुरक्षा में आगे भेजे जा रहे हैं। लगातार विरोध प्रदर्शनों और हिंसा के चलते नेपाल के कई शहरों में सड़कों पर तनाव है। इस कारण सामान लेकर नेपाल गए भारतीय ट्रक वहीं पर फंसे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, पिछले दो दिनों में रुपईडीहा से जो ट्रक नेपाल की ओर गए थे, उनमें से 150 से अधिक अब तक वापस नहीं लौट पाए हैं। ट्रक चालकों और व्यापारियों की चिंता बढ़ती जा रही है, क्योंकि न तो गाड़ियों की सुरक्षा की गारंटी है और न ही माल सुरक्षित पहुंचने का भरोसा। लैंड पोर्ट अथॉरिटी प्रबंधन सुधीर शर्मा का कहना है कि नेपाल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा और प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार संपर्क बना हुआ हैं। पेट्रोलियम और गैस के वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर भेजा जा रहा है।

## सियाचिन बेस कैंप पर भीषण हिमस्खलन, तीन जवान बलिदान

■ शवों की तलाश जारी इलाके में बढ़ा खतरा

**लद्दाख।** लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर स्थित बेस कैंप पर मंगलवार को एक भीषण हिमस्खलन की चपेट में आने से सेना का एक जवान और दो अग्निवीर बलिदान हो गए। रक्षा सूत्रों के मुताबिक हादसा अचानक हुआ और बचाव दल तुरंत राहत कार्य में जुट गया। सेना ने अन्य जवानों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। फिलहाल इलाके में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है।

हादसे में बलिदान हुए जवान की पहचान सिपाही मोहित कुमार, अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी और अग्निवीर डाभी राकेश देवभाई के तौर पर हुई है। सियाचिन ग्लेशियर पूरी दुनिया का सबसे ऊंचा युद्ध क्षेत्र है। जहां पर तापमान शून्य से 60 डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। जिसकी वजह से वहां रहने वाले सैनिकों को ज्यादा ठंड की वजह से शरीर के सुन्न हो जाने की परेशानी हो जाती है।

माइनस शून्य से भी कम तापमान में तैनात सैनिकों को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांस में तकलीफ के साथ ही दिमागी सूनापन की भी दिक्कतें आती हैं। कोल्ड इंज्युरी तो सामान्य है। सियाचिन ग्लेशियर भारत-पाक नियंत्रण रेखा के पास लगभग 78 किमी में फैला है। इसके एक तरफ पाकिस्तान तो दूसरी तरफ चीन की सीमा अक्साई चीन है। सामरिक दृष्टि से इस ग्लेशियर का काफी महत्व है।

## चार महीने बाद अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचेंगे राहुल गांधी

**रायबरेली।** सांसद राहुल गांधी चार माह बाद बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंच रहे हैं। इस दौरे में वह दो विधानसभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्षों से संवाद करके न सिर्फ पार्टी की जमीनी हकीकत जानेंगे। दिशा की बैठक में भाग लेकर जिले में कराए गए विकास कार्यों की नब्ज भी टटोलेंगे।

इससे पहले बीते 29 अप्रैल को राहुल रायबरेली संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए थे। राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर मंगलवार देर शाम सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के मुताबिक दौरे के पहले दिन 10 सितंबर को राहुल गांधी बटोही रिसार्ट में हरचंदपुर विधानसभा के लोकसभा चुनाव 2024 के बूथ अध्यक्षों से संवाद करेंगे।

# नेपाल में प्रदर्शनकारियों ने फूंका सुप्रीम कोर्ट, संसद में लगाई आग

■ पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया

■ प्रधानमंत्री ओली ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** सोशल मीडिया बैन से नेपाल में शुरू हुआ बवाल बैन हटने के बाद भी जारी है। मंगलवार को देश एक गंभीर राजनीतिक संकट में पहुंच गया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दे दिया और उनकी सरकार के कई मंत्री भी इस्तीफा दे चुके हैं। सिर्फ इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों ने कई हाई-प्रोफाइल नेताओं के निजी आवासों, राजनीतिक दलों के मुख्यालयों पर हमला किया और यहां तक संसद में भी तोड़फोड़ की। मंगलवार तक प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या 22 हो चुकी है।




नेपाल में जेन-जी विरोध प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने नेपाल के सबसे बड़े मीडिया हाउस, कांतिपुर पब्लिकेशंस की इमारत में आग लगा दी है। इस बिल्डिंग में कांतिपुर और द काठमांडू पोस्ट के प्रकाशक कांतिपुर पब्लिकेशंस के साथ-साथ कई और ऑफिस और बिजनेस भी शामिल हैं। जेन-जी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा।

प्रदर्शनकारियों की एक भीड़ देश के पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनाल के घर पर हमला बोला और आग लगा दी। इस घटना में खनाल की पत्नी और पूर्व प्रथम महिला राज्यलक्ष्मी चित्रकार को भी प्रदर्शनकारियों ने निशाना बनाया। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें भी जला दिया और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब प्रदर्शनकारी दल्लू स्थित खनाल के घर में दाखिल हो गए और यहां प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घर के अंदर घेरकर आग लगा दी थी।

केपी शर्मा ओली के अपने पद से इस्तीफा देने से कुछ मिनट पहले, जेन-जी के प्रदर्शनकारियों ने संसद में घुसकर परिसर की एक बिल्डिंग में आग लगा दी। तस्वीरों में हजारों प्रदर्शनकारियों को संसद पर धावा बोलते हुए दिखाया गया है, जबकि इलाके में धून और काले धुएं का गुबार देखा जा सकता है। नेपाल में प्रदर्शनकारियों ने ओली सरकार के पतन के बाद नेपाल के वित्त मंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

### राष्ट्रपति पौडेल ने की आंदोलनकारियों से बातचीत की अपील

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने मंगलवार को सभी पक्षों से संयम बरतने और संकट के समाधान के लिए बातचीत की अपील की। उन्होंने कहा, देश एक कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है। उन्होंने आंदोलनकारी समूह 'जेन जी' समेत सभी से शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, चूंकि प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली का इस्तीफा पहले ही स्वीकार कर लिया गया है, इसलिए मौजूदा गतिरोध का समाधान निकालने के लिए देश, जनता और लोकतंत्र से प्रेम करने वाले सभी पक्षों के सहयोग की आवश्यकता है।

**उपलब्धि**

## 2035 तक भारत के पास हो जाएगा अपना स्पेस स्टेशन

# मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए देश तैयार : इसरो प्रमुख

■ दो मानवयुक्त मिशन को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा है कि भारत 2027 तक अपनी पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत 7,700 ग्राउंड टेस्ट पूरे हो चुके हैं और 2,300 और परीक्षण किए जाने बाकी हैं। इसके बाद ही अंतरिक्ष में मानव मिशन को अंजाम दिया जाएगा।

नारायणन ने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत तीन बिना चालक दल वाले मिशन होंगे। इनमें से पहला मिशन इसी साल दिसंबर में प्रस्तावित है। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन पूरे किए जाएंगे। यह सभी उड़ानें भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन को सफल बनाने के लिए अहम कदम साबित होंगी।

इसरो को गगनयान परियोजना के तहत दो मानवयुक्त मिशनों की मंजूरी मिल चुकी है। इसका मतलब है कि भारत अब उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है, जिन्होंने अपने नागरिकों को अंतरिक्ष में भेजा है। इसरो प्रमुख ने कहा कि इन मिशनों से भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता दुनिया के सामने और मजबूत होकर उभरेगी। इसरो प्रमुख ने बताया कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 400 से ज्यादा वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया। मिशन में पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों का उपयोग किया गया। इस दौरान सभी उपग्रह पूरी तरह सक्रिय रहे और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जरूरतें पूरी की गई। यह इस बात का सबूत है कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अब रक्षा के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बड़े पैमाने पर ड्रोन और लाइटरिंग म्यूनिशन का इस्तेमाल हुआ। इस मिशन में भारत के स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश तीर की क्षमताओं का भी परीक्षण किया गया। इससे यह साबित हुआ कि भविष्य के सशस्त्र संघर्षों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और उपग्रह डेटा की भूमिका बेहद अहम होगी।


सरकार की तरफ से 14 मई को जारी एक आधिकारिक बयान में भी इसरो की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया गया था। इसमें कहा गया कि कम से कम 10 सैटेलाइट्स लगातार निगरानी के लिए काम कर रहे थे। इसरो प्रमुख ने कहा, देश की सुरक्षा के लिए सैटेलाइट्स का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा- हमें अपने 7000 किलोमीटर लंबे समुद्री तट और उत्तरी सीमाओं की लगातार निगरानी करनी होती है। सैटेलाइट और ड्रोन तकनीक के बिना यह संभव नहीं है। वी नारायणन के मुताबिक, इन सैटेलाइट्स की मदद से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। इसरो प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वैज्ञानिकों ने पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों का उपयोग करके सहायता प्रदान करने के लिए चौबीसों घंटे काम किया। सशस्त्र संघर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्पष्ट रूप से सामने आई, जिसमें ड्रोन और युद्ध सामग्री का व्यापक उपयोग किया गया।

### पीएम मोदी ने तय किए बड़े लक्ष्य

इसरो प्रमुख ने ये भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चांद पर भेजने का लक्ष्य दिया है। इन लक्ष्यों ने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को एक नई ऊंचाई दी है। मोदी ने कहा है कि भारत को आने वाले समय में अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा होना होगा।

# भारत के खिलाफ जिहाद छेड़ने की साजिश

■ पांच राज्यों में 21 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आईएसआईएस और अन्य आतंकवादी संगठनों से जुड़े एक आतंकी साजिश के मामले में पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में छापेमारी की है। यह मामला भारत के खिलाफ जिहाद छेड़ने की साजिश से जुड़ा है। आरोपियों द्वारा अपने मकसद में कामयाबी के लिए पाकिस्तान/सीरिया के आतंकी संगठनों से मदद ली जा रही थी। पांच राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के 21 ठिकानों पर की गई छापेमारी में मोबाइल फोन सहित कई डिजिटल उपकरणों के अलावा आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

एनआईए की छापेमारी में बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु सहित और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर भी शामिल रहा। एनआईए, जिसने इस साल जून में तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले में कयार पुलिस से यह मामला अपने हाथ में लिया था, ने पुख्ता सबूतों के आधार पर उक्त छापेमारी की है। यह मामला अखलाथुर उर्फ मोहम्मद अखलाक मुजाहिद नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी से शुरू हुआ, जिसने कथित तौर पर भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची थी। एनआईए के मुताबिक, इस साजिश का उद्देश्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के साथ मिलकर भारत के खिलाफ जिहाद छेड़ने के लिए लोगों को एकत्रित करना था। इतना ही नहीं, आरोपियों ने भौतिक सहायता जुटाने की रणनीति भी बनाई। एनआईए की जांच के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इन आतंकवादी संगठनों के संपर्क में था। इसके अलावा, उसके पाकिस्तान और सीरिया में कई संस्थाओं से संबंध होने का भी पता चला है।

# तेज रफ्तार कार ने बुलेट सवार खांडसारी निरीक्षक को मारी जोरदार टक्कर



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** महिला थाना गेट के ठीक सामने मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार ने बुलेट सवार खांडसारी निरीक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज हुई कि वह बुलेट से करीब तीन फुट ऊपर उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना महिला प्रभारी ने सरकारी गाड़ी से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद चालक वाहन मौके पर छोड़कर भाग निकला हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। खांडसारी निरीक्षक रविंद्र कुमार नौरंगाबाद चौराहा की तरफ से सौजन्या चौराहा की तरफ जा रहे थे। महिला थाना के सामने सिकटिहा रोड से अचानक रोड पर आई कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज हुई कि खांडसारी निरीक्षक बुलेट से करीब तीन फुट ऊपर उछलकर सड़क पर आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। कार चालक कुछ दूरी पर कार छोड़कर मौके से भाग निकला मौके पर पहुंची थाना महिला पुलिस ने सरकारी गाड़ी से खांडसारी निरीक्षक को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। महिला थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला ने बताया कि एंबुलेंस आने में देर हो रही थी, इसलिए घायल निरीक्षक को थाने की सरकारी जीप से अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज गति में थी और अचानक सामने से आकर बाइक से टकरा गई। घटना की खबर फैलते ही थाना परिसर और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित किया और यातायात सुचारू कराया। निरीक्षक रविंद्र कुमार का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

# शताब्दी संकल्प @ 2047 : शिक्षा-कृषि जगत से गूंजे सुझाव



**लखीमपुर खीरी ।** 'विकसित उत्तर प्रदेश' के शताब्दी संकल्प ञ्च2047 को लेकर सोमवार को जिले में प्रबुद्धजन विशेषज्ञ टीम का संवाद जारी रहा। टीम ने युवराज दत्त महाविद्यालय में छात्रों, शिक्षकों व शिक्षाविदों से सीधी बातचीत की। इसके बाद वि.खं. कुंभी गोला स्थित कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में कृषि शिक्षाविदों, शोधार्थियों, कृषि वैज्ञानिकों और किसानों से सुझाव सुने कार्यक्रम की शुरुआत सीडीओ अभिषेक कुमार, सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस अजय कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत संयुक्त निदेशक यूपीसी कॉरपोरेशन डॉ. रामशब्द जैसवारा और सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव और प्राचार्य, वाईडी कॉलेज डॉ हेमंत पाल ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीडी कृषि गिरीश चंद्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।

# घटना का सफल अनावरण कर वांछित 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस एवं स्वाट टीम/सर्विलांस टीम द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत 341/2025 धारा 331(4)/305(ए) भादवि की घटना का सफल अनावरण कर वांछित 02 नफर अभियुक्तों 1.सत्तार उर्फ छोटे भैया पुत्र शाहिद निवासी ग्राम कसटन टोला कस्बा व थाना तम्बौर जनपद सीतापुर 2.अजमल पुत्र तैयब उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सिरस टोला कस्बा व थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किया गया माल एवं एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अधद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।



# शारदानगर बैराज के किनारे बाइक खड़ी कर नदी में कूदा युवक

## बाइक की डिग्गी से सुसाइड नोट बरामद

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** धौरहरा क्षेत्र में शारदानगर बैराज के किनारे बाइक खड़ी कर खीरी टाउन निवासी युवक प्रिंस जोशी नदी में कूद गया। जानकारी मिलने पर शारदानगर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां उसकी बाइक खड़ी मिली, जिसकी डिग्गी खुली थी। उसमें सुसाइड नोट रखा मिला। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। उसकी तलाश में गोताखोरों को लगाया गया है पुलिस के मुताबिक खीरी टाउन के मोहल्ला जोशी टोला निवासी प्रिंस जोशी 25 वर्ष पुत्र कमलेश कुमार जोशी मंगलवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे शारदानगर बैराज पर पहुंचा। उसने अपनी बाइक बैराज के किनारे खड़ी कर दी और नदी में छलांग लगा दी। यह देख बैराज पर मौजूद पुलिसकर्मी दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक गहरे पानी में लापता हो गया। पुलिस ने बाइक की डिग्गी से सुसाइड नोट बरामद किया है। सुसाइड नोट में एक युवती और उसके परिवार से परेशान होकर जान देने की बात लिखी है। युवक ने लिखा है कि जब तक मैं जिंदा रहूंगा तब तक ये लोग मेरे परिवार को परेशान करते रहेंगे। मैं अपना मानसिक संतुलन खो चुका है। सूचना पर एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि, शारदानगर प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों को लगाया है।

# नेपाल के धनगढ़ी शहर में चल रहे प्रदर्शन के बीच बॉर्डर पर भी दिखाई दी काफी चौकसी

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** पलियाकला में भारत-नेपाल के गौरीफंटा बॉर्डर पर भी सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। यहां पर पुलिस व एसएसबी के जवान चेकिंग कर रहे हैं। नेपाल के धनगढ़ी शहर में चल रहे प्रदर्शन के बीच मंगलवार को बॉर्डर पर भी काफी चौकसी दिखाई दी। सुरक्षा एजेंसियां दलबल के साथ चेकिंग में लगी रही। नेपाल जाने-आने वाले लोगों की चेकिंग की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या की देखरेख में 13 सितम्बर (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नांकित विषयों से संबन्धित वादों का निस्तारण किया जायेगा-प्रिलिटीगेशन स्तर के विवाद-धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर) व अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद) न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)-आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाऐ, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि। उक्त जानकारी अनिल कुमार वर्मा अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या ने दी है।

# भाकियू ने फिर भेजी बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** पंजाब में आई बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए भाकियू पदाधिकारियों ने नजीबाबाद तहसील के ग्राम इस्माईलपुर, बड़ा पैमार, रतनपुर, पदारतपुर, दाऊदपुर नन्हेड़ा आदि गांवों से सैकड़ों कुंतल गेहूं किसानों से इक्ठा करके जिला कार्यालय जमा कराया जहां से पंजाब में आई भयंकर बाढ़ से पीड़ितों के लिए भेजा जाएगा। इसमें ग्राम समस्त इस्माईलपुर से लगभग 30 कुंटल, बड़ा पैमार से 15 कुंतल, रतनपुर से 11 कुंतल, गढ़वाला से 10 कुंतल, दाऊदपुर से 15 कुंतल अनाज, कुछ अन्य खाद्य सामग्री व 51 हजार नकद धनराशि इकट्ठा की गई। अनाज इक्ठा करने वालों में जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्यम तोमर, सूरज सिंह, राविंद्र तोमर, सोनू गिरिराज, बंटी तोमर, नरेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, सोमवीर सिंह, मोहित तोमर, राजू बाबू, पीतम सिंह आदि उपस्थित रहें।

# तटबंध पूर्णतः सुरक्षित है, मरम्मत का कार्य युद्ध स्थल पर जारी हैः डीएम साहिबा



**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** डीएम जसजीत कौर साहिबा ने जानकारी देते हुए बताया कि तटबंध अभी सुरक्षित है तथा तटबंध को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय एवं प्रयास युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। मौके पर मौजूद जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं कि तटबंध को आज मरम्मत करके पानी पूरा रोक दिया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जिला, तहसील, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ साथ स्थानीय ग्रामीण भी तटबंध को सुरक्षित रखने के प्रयास में जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जब सामान्य का आह्वान किया कि उक्त संबंध में किसी भी अफवाह से बचें और बिना किसी अधिकारित पुष्टि के किसी अफवाह पर विश्वास ना करें। उन्होंने बताया कि नदी में पानी कम हो रहा है और वर्तमान में समस्त आबादी सुरक्षित है। मौके पर स्वयं जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, सिंचाई विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी आदि सब मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि तटबंध के करीब जाने का प्रयास न करें और किसी भी अवस्था में वहां के फोटो, वीडियो अथवा रील बनाने का प्रयास न करें क्योंकि इस प्रकार मरम्मत के कार्य में अवरोध उत्पन्न होता है वहीं स्वयं उनके लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो वाहन चोर,सात मोटरसाइकिलें बरामद

## विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने भेजा जेल

*अवधनामा संवाददाता*



**बदायूँ।** थाना बिल्सी पुलिस द्वारा बाइक चोर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर इनको जेल भेजा गया है। पुलिस को इनके कब्जे से सात मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना बिल्सी पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी,इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने दो लोगों को रोककर पूछताछ की पुलिस पूछताछ में इन लोगों ने अपना नाम राजेश पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम अम्बियापुर थाना बिल्सी तथा अशोक बाबू पुत्र किशनलाल नि0 ग्राम उरैना थाना बजीरगंज बताया,पुलिस को इनके कब्जे से अलग-अलग राज्यों से चोरी की गई सात मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। गिरफ्तार दोनों लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए इन्हे जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी (प्रशिक्षु) गौरव उपाध्याय ने बताया कि थाना बिल्सी पुलिस द्वारा सोमवार को थाना बिल्सी क्षेत्र के बेहटा गुसांई क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी, चेकिंग के दौरान दो लोग संदिग्ध पाए गए,जिनसे पुलिस द्वारा गहनता से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया इनके कब्जे से पुलिस को सात मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने बताया है कि वह यह चोरी पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश राज्यों में करते थे और वहां से चोरी की मोटरसाइकिलें लाकर बदायूं के बिल्सी क्षेत्र में सस्ते दामों पर बेच देते थे।

# अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर पुलिस ने एक को भेजा जेल



**बदायूँ।** थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध असलहा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस को इसके कब्जे से अवैध असलहा तथा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस द्वारा दरगाह तिराहे से मोहल्ला कबूलपुरा निवासी अकबर पुत्र मोहम्मद अहमद को एक तमंचा 315 बोर व 02 कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने इसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए इसे जेल भेजा है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व से ही कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

# प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने रावली तटबंध कटान में प्रशासन की घनघोर लापरवाही



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर** - भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने रावली में बंदे के कटान क्षेत्र का दौरा करते हुए कहा कि क्षेत्रीय किसानों द्वारा गंगा जी धार से बंदे के कटान की सूचना सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को कई बार देने के बाबजूद प्रशासन के कटान रोकने के लिए शीघ्र प्रभावी कदम न उठाने की लापरवाही से बिजनौर शहर सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ के कारण किसानों की फसलें तबाह होने के कगार पर है जबकि बालावाली से लेकर बैराज गंगा क्षेत्र तक सरकार द्वारा बाढ़ से बचाने के पुख्ता इंतजाम करने के लिए 65 करोड़ रुपए भी आए हुए है फिर भी किसान और मजदूरों को बाढ़ के मुंह में धकेलना और पूरे बंदे के ध्वस्त हो जाने के बाद भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पत्थरों को लोहे के जाल में फंसाकर बंदे पर लगाने की जगह मिट्टी और रेत के कट्टों का इस्तेमाल करना घोर उदासीनता है अगर सरकार बंदे के मरम्मत कार्य में तेज़ी लाकर ऐसे उदासीन अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन नहीं लेती तो भाकियू उदासीन अधिकारियों के खिलाफ खुद मोर्चा खोलते हुए जन आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने बंदे को बचाने के लिए त्वरित पत्थरों के ट्रैकों को मांगकर बंदे की मरम्मत कार्य में पत्थरों से तेजी लाने की मांग की।

# सपा की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

*अवधनामा संवाददाता*

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रुप से संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक पीडीए जन पंचायतों के आयोजन कराने एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित कराने पर विशेष स्तर पर चर्चा हुई।

श्री यादव ने उपस्थित सभी नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का एक-एक पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में पार्टी को और भी सशक्त बनाने तथा और भी लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए पीडीए पंचायत का आयोजन कराएगा। हम सभी को एकजुट होकर प्रत्येक विधानसभा के एक-एक बूथ को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध होना है और मजबूती के साथ काम करना है हमारा संगठन जितना अधिक एकजुट और सक्रिय होगा हम उतना ही आगे बढ़ेंगे। बैठक में पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव सुन्दरलाल लोधी, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, पूर्व एमएलसी अरुण शंकर शुक्ला, पूर्व विधायक बदलू ख़ान, पूर्व विधायक कृपाशंकर सिंह, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना अल्वी, पूर्व प्रत्याशी अंकित परिहार, पूर्व प्रत्याशी डॉ0 आंचल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, शिवशंकर वर्मा, हाजी सैय्यद इरफान, नरेंद्र लोधी, साधु यादव, बितेन्द्र यादव, रमेश रावत, फ्रंट्ल संगठन के अध्यक्षगण अंकित यादव, राहुल अग्निहोत्री, लकी यादव, राहुल गौतम, विधानसभा अध्यक्षगण मनीष सैनी, ओमप्रकाश पासवान, अशोक सिंह गुड्डू, मकसूद अली, रामपाल कुशवाहा, रामकिशन लोधी, सुजाउर्रहमान, नगर अध्यक्ष पंकज लोधी, नियाज ख़ान, सैफ ख़ान, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, प्रेम यादव, सलीमुर्रहमान, आलोक त्रिपाठी, मुकेश रावत, अजय यादव, छोटेलाल भारतीय आदि पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री हेमंत पाल ने किया।

# दस वर्षो से जनपद में रह रहा विदेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**उन्नाव।** जनपद में लगभग 10 वर्षो से रह रहा विदेशी युवक अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत में घुसा बंग्लादेशी घुसपैठिया बीते दिवस लखनऊ एयरपोर्ट पर बोलचाल के दौरान शक होने पर एयरपोर्ट कर्मियों ने सुरक्षा कर्मियों को बताया। सुरक्षा कर्मियों ने पूंछताछ की तो पकड़े गये युवक ने खुद को बंग्लादेशी बताया। गिरफ्तार किये गये विदेशी युवक से भारत का आधार कार्ड, पासपोर्ट बरामद हुआ।

चौधरी चरण सिंह लखनऊ एयरपोर्ट पर 6 सितंबर को पकड़ा गया बंगलादेश का रहने वाले विदेशी युवक ने लखनऊ के सरोजनी नगर पुलिस को पूंछताछ में बताया कि उसका नाम मोहम्मद नसीम है वह बांग्लादेश के चिटगांव डिवीजन के बांदोरबन जिले के नैखॉन्गछड़ी गांव का मूल निवासी है। फर्जी पासपोर्ट के सहारे मलेशिया के लिए भाग रहे मो.नसीम को एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट के अधिकारियों को शक होने पर फर्जी पासपोर्ट 9857356 की जांच में पुलिस हिरासत में पूंछताछ में बताया कि वर्ष 2015 में त्रिपुरा बॉर्डर से अवैध तरीके बंगलादेश की सीमा पार कर भारत में घुसा और उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के सफीपुर कोतवाली अंतर्गत गढ़ी इलाके में किराये पर कमरा लेकर एक स्लॉटर हाउस में काम किया। वर्ष 2017 में यूपी में स्लॉटर हाउस बंद किए गये तो नसीम ड्राईवरी, मजदूरी करने लगा। इस दौरान उसने फर्जी तरीके से 2016-17 आधार कार्ड और पैनकार्ड बनवा लिया।

# पंचायत सहायकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** पंचायत सहायकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दातागंज मार्ग पर स्थित पटेल गार्डन में किया गया। मंगलवार को पंचायती राज विभाग बरेली मंडल बरेली द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार सक्सेना तथा सुषमा राठौर ने प्रतिभागियों का परिचय कराया। कार्यक्रम में ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत में अंतर ग्राम पंचायत की समितियां एवं उनका गठन आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा सतत विकास लक्ष्य की 9 थीम जैसे गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ गांव , वाल हितेषी गांव , पर्याप्त जल युक्त गांव , स्वच्छ एवं हरित गांव , आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव , सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव ,आदि पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर अमर सिंह,लव कुमार, अदिति रस्तोगी ,उर्मिला राठौर,विनोद कुमार, अशोक कुमार,हनी शर्मा,अंशिका सक्सेना, नीलम, पिंकी पाल, शिवानी पांडे, राहुल , अभिषेक , अयाज मोहम्मद आदि पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# दुर्घटना में घायल विक्रम चालक की इलाज के दौरान मौत

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में घायल हुए नेवादा निवासी विक्रम चालक प्रकाश चंद्र मिश्र उम्र लगभग 40 वर्ष की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। शाम को सरयू तट ढेमवा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। जहां बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी रही अज्ञात वाहन की चपेट में आए इस विक्रम चालक को सुबह ही किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिली है। छानबीन के साथ केस दर्ज किया जा रहा है।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत का गन्ना समिति में हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत का गन्ना समिति में हुआ आयोजन। जिसमें वक्ताओं ने समस्याओं पर विचार रखें। पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए अधिक से अधिक मदद करें, और रावली तटबंध को प्रशासन शीघ्र ठीक कराए, जिससे कि गांव के लोग राहत की सांस ले सकें। गुलदार का आतंक फिर फैलता जा रहा है, गुलदार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में हमला कर रहा है गुलदार से बचने के लिए राहत के इंतजाम कराए जायें। बिजली व्यवस्था में सुधार कर जाए, गन्ना मूल्य ?500 घोषित करें सरकार चीनी मिल बरकतपुर क्षमता के अनुरूप गन्ना दिया जाए अधिक नहीं। सभी गन्ना को अर्ली में लिया जाए, नजीबाबाद चीनी मिले को समय से चलाए, अंश निर्धारण सशी किया जाय। मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार और संचालन साजिद अहमद ने किया। मीटिंग मे जिला उपाध्यक्ष मदन चौहान, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह,प्रांतीय नेता अजय कुमार, वीरेश राणा,मुकुल कुमार,सूरज, अजीत, पप्पू, अमित कुमार, योगेंद्र सिंह, विजय, अजेंद्र सिंह, परवेज, नफ़ीस, ज्ञान सिंह, जय सिंह,राज सिंह, रजत, बंटी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा में सबका साथ सबका विकास, अन्य दलो में परिवारवादः अपर्णा यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**उन्नाव।** सोमवार को 1 बजे ब्लाक मुख्यालय पर कुटीवीर बाबा सेवा संस्थान के तहत आयोजित पौध वितरण व सेवानिवृत्त अध्यापकों के सम्मान समारोह में राज्य महिला आयोग की प्रदेश उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शामिल हुई। इस अवसर पर श्रीमती यादव ने कहा कि 2021 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया था जिसके बाद से लगातार पौधे लगाये जा रहे है। प्रदेश सरकार भी लगातार पौधरोपण करा रही है। 2025 में प्रदेश सरकार ने 36 करोड़ पौधरोपण कराया। अपर्णा ने कहा भाजपा सरकार में महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है। दिल्ली की सीएम महिला है और अन्य प्रदेशों में भी अब महिलाओ को मौका मिलेगा। भाजपा नेता संजय शुक्ल के आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए अपर्णा यादव ने पीडीए के जवाब में कहा अगर भाजपा जाति धर्म देखती तो केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री यादव नहीं होते। उन्होंने कहा



विपक्षी पार्टियां परिवाद कर रही है। उन्हीं के घर के ही अध्यक्ष और सीएम बनते है। राज्य में महिलाओ पर अत्याचार कम हुए है। अब रात में महिलायें निकलने में डरती नहीं है। यादव ने उपस्थित लोगो से संस्कृत भाषा को जरूर पढ़ने की बात कही। साथ ही कहा भारत के हर कोने मे संस्कृत के श्लोक एक ही रहते है। ब्लॉक सभागर में एक सैकड़ा सेवानिवृत्त अध्यापक, वरिष्ठजन, प्रभुद्धजनों को पौधा तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले असोहा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंची और बच्चों को सरकार द्वारा दिये जा रहे पुष्टाहार आदि की जानकारी ली। इसके बाद अपर्णा यादव कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय पहुंची जहां बच्चों से पढ़ाई और रहन-सहन के विषय में जानकारी ली। यहां पर अपर्णा यादव ने 6 छात्राओं के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे केक काटकर जन्मदिन मनवाया। आयोजक संजय शुक्ला ने अपर्णा यादव को अंगवस्त्र भेंट कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

ह्नइस दौरान डीपीओ अजय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगाप्रसाद, सरोज सिंह, मनोज निगम, रामभरोसे रावत, राजेन्द्र पाल, देवीप्रसाद शुक्ल, गुरुप्रसाद, रामनरेश लोधी, वाणीकांत द्विवेदी, रोहित अवस्थी, राजेन्द्र पाल, रविशंकर शुक्ल, आनन्द मोहन शुक्ल, राजकिशोर त्रिवेदी, रामू मिश्रा, गणेश शंकर, अंकित दुबे, संजू शुक्ल, मोहित शुक्ल, सुनील रावत, त्रिभुवन, भगवती यादव, फिरोज अहमद, रामू कश्यप सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्युरिटीका फाउंडेशन एंड द आर्ट गैलरी द्वारा चित्र प्रदर्शनी का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** गुजरात ललित कला अकादमी के सौजन्य से ÷नारी÷और ÷चित्रायनम÷ का आयोजन कृतिका फाउंडेशन एंड द आर्ट गैलरी,वाराणसी के खंड अ और खंड ब में आज सोमवार को भव्य उद्घाटन हुआ। प्रदर्शनी में दो ख्यातिनाम छाया चित्रकार प्रकाश लोखंडे और शैलेन्द्र गोसाई के छाया चित्रों की एकल चित्र प्रदर्शनी को लोगों ने देखा।

दोनों चित्रकारों के छायाचित्रों में मानव जीवन के विविध स्वरूप दिखाई गई है।बताया गया कि,चित्रकारों की एकल प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 9 सितंबर से ही 17 सितंबर तक किया जा रहा है।प्रदर्शनी उद्घाटन में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की संकाय प्रमुख प्रोफेसर उत्तमा दीक्षित, बीएल्डब्ल्यू के महिला कल्याण संगठन की सदस्य श्रीमती प्रियंका प्रवीण,वरिष्ठ फोटोग्राफर सुरेश खैरे,संगीत विशेषज्ञ डॉ0 प्रेम नारायण सिंह,वरिष्ठ चित्रकार राणा शेरू सिंह एवं आईसीसीआर में एंपेनल्ड कल्चरल फेस्टिवल डायरेक्टर डॉ शशि कांत नाग ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वरिष्ठ सेवानिर्मित प्राध्यापक एवं कलाकार विजय सिंह काशी के उद्योगपति श्याम कृष्ण अग्रवाल, उत्तर प्रदेश अपराध प्रतिरोध समिति के काशी प्राप्त अध्यक्ष राजेश सिंह संगीत विद्या के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रेम नारायण सिंह छाया चित्रकार विनय रावल, मनीष आदि उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**समस्याओं का निराकरण न होने पर किसान संघ ने आंदोलन की दी चेतावनी**



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्र पंचायत कार्यालय कबरई में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी खंड विकास अधिकारी कबरई सल्तनत परवीन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान संघ ने रबी फसलों की बुवाई के लिए खाद, गुणवत्तापूर्ण बीज, विद्युत आपूर्ति, अन्ना पशुओं से फसलों का बचाव के अलावा फसल बीमा का लाभ दिलाए जाने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में बताया गया कि किसानों की खरीफ फसलों में खाद बीज आदि की आपूर्ति व अव्यवस्थाओं के चलते किसानों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जिससे किसानों में शासन प्रशासन के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। बताया कि रबी फसल की बुवाई के लिए समय से खाद दिलाई जाए जिससे किसानों फसल उगाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकें। किसानों ने बताया कि अति वृष्टि के कारण किसानों ने बुवाई नहीं कर और उनके द्वारा डाले गया बीज भी नष्ट हो गया, जिसकी भरपाई सरकार द्वारा की जाए, और अग्रिम फसल के लिए आवश्यक सुविधाएं भी सरकार उपलब्ध कराएं। बताया कि जिले में अन्नापशुओं के सड़कों व खेतों के आसपास घूमने से उनके थोड़ी बहुत खेतों में लगी फसल पर खतरा बढ़ गया, जिसके लिए अन्नापशुओं को गौशालाओं भेजा जाए।

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति न होने से भी फसलों को नुकसान उठाना पड़ रहा, जिसके लिए सरकार नियमित रुप से विद्युत आपूर्ति करने के विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करे। उन्होंने बताया कि अधिक वर्षा के चलते फसल बर्बाद होने के बाद भी फसल बीमा का लाभ किसानों तक नहीं पहुंचा। किसान संघ ने सर्वे कराते हुए फलस बीमा दिलाए जाने की मांग है साथ ही चेतावनी दी कि किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द निदान नहीं होता बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले 03 गिरफ्तार

**महोबा।** उप कृषि निदेशक महोबा की तहरीर सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0स0 387/25 धारा 318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था, जिसमें आरोप था कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना भूस्वामी की सहमति के कूटरचित तरीके से फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से विभिन्न गाटा संख्याओं पर बीमा करा लिया गया है एवं कम्पनी द्वारा बिना डाटा सत्यापित किये क्लेम का भुगतान कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह ने उक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लिया गया जिसके क्रम में उक्त धोखाधडी से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में संलिप्त अभियुक्तों की जानकारी एवं उनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा मनीष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

## हजरत हाजी फिरोज शाह का सालाना उर्स हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** हजरत हाजी फिरोज शाह रहमत उल्ला अलैह का सालाना उर्स मंगलवार को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। अकीदतमंदों ने मजार ए अकदस पर पहुंचकर फातिहा पढ़ी और दुआएं मांगी। उर्स के मौके पर मुस्लिम भाईयों के अलावा हिन्दू भाईयों ने भी बढ़चढ़ कर शिरकत की। सुबह से मजार ए अकदस पर अकीदमंदों का जमावड़ा लगना शुरु हुआ जो देर शाम तक लगा रहा। शहर के अलावा कस्बों के लोगों ने भी उर्स में शिरकत कर बड़ी बड़ी देगे चढ़ाकर फातिहा के लिए तबर्रूख का इंतजाम किया गया।

सोमवार की रात साढे नौ बजे मजार का संदल शरीफ का आयोजन किया गया, जिसमें चादर जुलूस निकाला गया, जो परम्परागत मार्गो से होता हुआ रात दस बजे मजार पर पहुंचा, जहां पर अकीदमंदों ने नारा ए तकबीर अल्लाह हो अकबर की सदाएं बुलंद करते हुए चादर चढ़ाई, इसके बाद सभी लोगों ने संदल की रस्म अदा करने के बाद फातिहा पढ़ी गई और सभी ने सच्चे मन से हाथों को उठाकर दुआएं मांगी। हाफिज मौलानाओं और अकीदमंदों बुलंद आवाज में सलाम पेश किया, इसके बाद नातिया कलाम का सिलसिला शुरु हुआ और देर रात तक चलता रहा, जिससे मजार परिसर में भारी भीड़ जुटी रही। उर्स के मौके पर कुछ दुकानदारों ने फातिहा के लिए मिठाई, किसमिस, अगरबत्ती, फूल आदि की दुकाने लगाई गई थी।

# अनाहार-अभाव से लड़ता रहा शिकागो का नायक

**शिकागो धर्म सभा के 132 वर्ष पूर्ण**



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** मंजिल तक पहुंचने की परीक्षा रास्ते की मुश्किलें लेती है। जो इन मुश्किलों को पार कर लेते है वो युग पुरुष बन जाते है। शिकागो धर्म सभा के नायक स्वामी विवेकानंद को भी यह परीक्षा देनी पड़ी। खुद उनके अनुभव बताते है कि धर्म सभा तक पहुंचने की राह उनके लिए कांटों भरे डगर से कम न थी। उनके लिखे पत्र की पंक्तियां उस दौर में हालात से लगातार दो-चार हो रहे उनके संघर्षो का बयान है। यहां के बहुतेरे लोग मुझे ठग समझते रहे है। यहां पर सभी लोग मेरे विपक्ष में है।

एक तो मिशनरी के लोग ही मेरे पीछे पड़े हुए हैं साथ ही यहां के हिन्दू भी ईर्ष्या के कारण उनका साथ दे रहे है- ऐसी दशा में उनको जवाब देने के लिए मेरे पास कुछ नहीं है। 28 जून 1894 को शिकागो से यह पत्र विवेकानंद ने मद्रास में रह रहे अपने एक शिष्य को लिखा। पत्र का एक-एक शब्द बताता है कि युवा संन्यासी के लिए धर्म सभा की राह आसान न थी। आज से125 वर्ष पहले मद्रास से शिकागो के लिए चले विवेकानंद को अभाव,अनाहार और अपमान से भी लड़ना पड़ा था। सभा के बाद की ख्याति और जय-जयकार से पहले सभा तक उनके पहुंचने की राह अग्निपथ से कम नहीं थी। जिस धर्म सभा के बाद नायक बन उभरे जिस विवेकानंद को अमेरिकी मीडिया ने साईक्लोनिक हिंदू की संज्ञा दी उसी विवेकानंद ने धर्म सभा के चंद रोज पहले अमेरिका से मद्रास में अपनी शिष्या आलसिंगा पेरूमल को तार के जरिए संदेश भेजकर कहा सारे पैसे खर्च हो गए है। कम से कम स्वदेश लौट आने के लिए रुपये भेजो।

अमेरिका प्रवास के दौरान अर्थ संकट से उन्हें दो-चार होना पड़ रहा था। उन्हीं के सहयोगी रहे अमेरिकी साधक कृपानंद ने न्यूयॉर्क से मिसेज उली बुल को चुपके-चुपके खबर दी कमरे का किराया, विज्ञापन छापने का सारा खर्च स्वामी जी खुद वहन कर रहे है। ये सारे खर्च चलाते हुए, अक्सर वो बिन खाए रह जाते है। लेकिन वे दैत्य की तरह मेहनत करते है।

भूख किसे कहते है वो जानते थे, इसलिए दुनिया भर के भूखे लोगो की पीड़ा को खुद में महसूस करते हुए सैकड़ों तरह की बिमारियों से लड़ते हुए जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने अपने प्रिय शिष्य शरतचंद्र को एक भोजनालय खोलने की हिदायत देते हुए कहा जब रुपए आए तब एक बड़ा भोजनालय खोला जाएगा।

भोजनालय में सिर्फ यही शोर गूंजता रहेगा-दीयता;नीयता;भज्यता;।

...देश में ऐसा भोजनालय खुलते हुए, अपनी आंखों से देख लूं, तो मेरे प्राण चैन पा जाएं...

शिकागो से 2 नवंबर 1893 को आलसिंगा को लिखे पत्र में स्वामी जी हावर्ड यूनिवर्सिटी के भाषा के प्रोफेसर डॉ.राइट् के बारे में जिक्र करते हुए लिखते है- उन्होंने जोर दिया कि मैं सर्वधर्म सम्मेलन में अवश्य जाऊं, क्योंकि उनके विचार से इससे मेरा परिचय सारे अमरीका से हो जायगा। प्रोफेसर साहब ने ही मेरे लिए सब बन्दोबस्त किया और मैं फिर शिकागो आ गया। इसके बाद धर्म सभा में अमेरिकीनिवासी भागिनी तथा भ्रातृगण के उदबोधन ने इतिहास को बदल दिया। लक्ष्य और उसकी प्राप्ति तक बिना रुके, बिना थके चलते रहने का मंत्र मानव जाति का सबसे बड़ा संकल्प बन गया। जो आज भी वैश्विक जगत में करोड़ों लोगो के लिए विपरीत परिस्थितियों में असंभव को संभव बनाने का मंत्र बना हुआ है। अंधेरे से प्रकाश की तरफ चलने को विवेकानंद ने जीवन का मूल मंत्र माना। समता-समानता उनके चिंतन का हिस्सा था।

## एमएलसी ने संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप कुमार गुप्ता ने जनपद दौरे के दौरान संगठनात्मक बैठक ली इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान की जिला कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी पदाधिकारी को इस महत्वपूर्ण अभियान को लेकर दिशा निर्देश दिए हैं इस अभियान की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए अभियान में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जुड़ने का आवाहन किया है।

मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य अनूप कुमार गुप्ता ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों का रूप देना है 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य प्रदेश संगठन ने सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है इसके अंतर्गत देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस पर जिला स्तर पर रक्तदान शिविर लगाकर न्यूनतम 75 यूनिट का रक्तदान करना है।

इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं एवं सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र देना है मंडल के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक बूथ के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाना है यह स्वच्छता अभियान पार्क स्कूल मंदिर बस स्टैंड एवं ऐतिहासिक स्थानों पर आयोजित होगा स्वच्छता के उपरांत उपस्थित लोगों को स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दिलाना है। 17 सितंबर को सभी जिला अस्पतालों पर आयोजित होने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों महिलाओं बच्चों एवं दिव्यांग जनों से संपर्क करके कार्यक्रम में बुलाना होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुनना होगा। पार्टी मुख्यालय पर उनके जन्मदिन उसके अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 19 सितंबर से 20 सितंबर के मध्य प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर चर्चा करनी है।

## जरारी के मुस्लिम पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आए आगे



अता उल्लाह खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड कमालगंज के मुस्लिम बाहुल्य ग्राम जरारी से मुसलमानों ने पंजाब की मदद के लिए चंदे में रुपए गेहूं चावल कपड़े इत्यादि का जोर सोर से चंदा किया दरअसल आपको जानकारी देते चले कि बीते दिनों पंजाब बाढ़ की चपेट में आने से गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है जहां लोगों का जीना बद से बेहाल हो गया है।

इसी के चलते हर प्रदेश हर शहर से पंजाब के लिए मदद की जा रही है इसी श्रृंखला में आज फर्रुखाबाद ब्लाक कमालगंज के कस्बा जरारी से लोगों ने एक अच्छी पहल की शुरुआत की है और क़स्बा जरारी के लोगों ने बताया कि हम अपने क़स्बा ज़रारी से चंदा करेंगे और कोई अगर चंदा देने वाला है तो हमारे नंबर पर फोन करके चंदा दे सकता है और हम अपनी जरारी से ही इतना चंदा इकट्ठा कर लेंगे पंजाब की मदद के लिए और फिर हम लोग पंजाब में जाएंगे और चंदा पंजाब के सुपुर्द करेंगे और लोगों की हर संभव मदद करेंगे तो वही क़स्बा जरारी की जनता ने खूब दिल खोलकर चंदा दिया और पंजाब के लिए हाथ उठाकर दुआ की।

## नरक दर्शन करा रही है राजापुरा की ये सड़क

**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** मोहल्ले का नाम है राजापुरा लेकिन आपको यहां लेकर जाने वाली सड़क आपको साक्षात सौ फीसदी नर्क से गुजरने का अनुभव देगी। कारन हफ्तों से यहां गंदा-बदबूदार, मलयुक्त सीवर का पानी बह रहा है।बिन बरसात सड़क सीवर के पानी से जाम है। लोग किसी तरह इस गंदे पानी से होकर गुजर रहे है। लेकिन शहर को स्मार्ट सिटी कहने का दंभ भरने वाला नगर निगम सोया पड़ा है। स्मार्ट सिटी की यह तस्वीर बैचैन करने वाली है। क्यों कि घनी आबादी वाले इस इलाके में लगातार बह रहे सीवर के पानी से संक्रामक बिमारी फैलने का डर बना हुआ है।

जैतपुरा थाना क्षेत्र में आने वाले राजापुरा के लोगो को इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस क्षेत्र के लोगो का कहना है हफ्तों से यही स्थिति बनी हुई है। हम साक्षात नर्क भोग रहे है लेकिन समस्या का हल नहीं निकल रहा है। अगर ऐसे हालात बने रहे तो गंभीर संक्रमित रोग फैल सकता है।

## विकसित उत्तर प्रदेश के लिए डीएस कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** समर्थ उत्तर प्रदेश ञ 2047 अभियान के तहत 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश विजन को साकार करने के लिए द्वितीय दिवस में धर्म समाज इंटर कॉलेज में ओरिएण्टेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस प्रभात कुमार एवं सेवानिवृत्त आईएफएस उमा शंकर सिंह ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। पीडी डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी, डीआईओएस पूरन सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रभात कुमार ने पीपीटी के माध्यम से उत्तर प्रदेश की वर्तमान में भारत एवं वैश्विक स्तर पर स्थिति और प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित करने के लिए निर्धारित रोडमैप और एक्शन प्लान को बड़े ही सहज और सरल ढ़ंग से समझाया। उन्होंने विकसित उत्तर प्रदेश के लिए ''अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति'' पर बल देते हुए युवाओं से आव्हान किया कि भारत इस समय विश्व का सबसे युवा देश है ऐसे में यहां नवाचार की असीम संभावनाएं हैं। उमाशंकर सिंह ने बालिका शिक्षा को देश और प्रदेश के विकास की धुरी बताते हुए कहा कि जब बेटियां शिक्षित होती हैं तो पूरा समाज शिक्षित होता है। यदि हमारी शिक्षा ठीक है तो फिर हम बड़े से बड़ा लक्ष्य बड़ी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रशक्ति से आव्हान किया कि रिसर्च के क्षेत्र में आगे आएं और आउट ऑफ बाक्स सोचें।

## ग्रो म्यूचुअल फंड ने पेश किया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** ग्रो म्यूचुअल फंड ने ग्रो मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड योजना है और वह इक्विटी, डेट (ऋण), सोना, चांदी आदि में निवेश करती है। न्यू फंड ऑफर 10 सितंबर, 2025 से 24 सितंबर, 2025 तक खुला रहेगा। यह योजना निवेशकों को विविध आवंटन ढांचा प्रदान करने का प्रयास करती है जो पोर्टफोलियो की अस्थिरता को कम करने और बदलती बाज़ार परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए कई एसेट क्लास को जोड़ती है। मल्टी एसेट निवेश का आधार यह है कि विभिन्न परिसंपत्ति वर्ग की स्थिति बाज़ार में अलग-अलग परिस्थितियों में अलग होती है। इक्विटी को आर्थिक विकास और कॉर्पोरेट आय विस्तार से लाभ होता है। डेट के परिणाम ब्याज दर के रुझानों और मुद्रास्फीति चक्रों से प्रभावित होते हैं। दूसरी ओर, सोना और चांदी अक्सर अनिश्चितता, वैश्विक जोखिम की घटनाओं या मुद्रा में उतार-चढ़ाव के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं। ये कारक पूरी तरह से एक-दूसरे से जुड़े नहीं होते, इसलिए कोई भी एक परिसंपत्ति वर्ग हर समय अच्छा प्रदर्शन नहीं करता।आंकड़ों के मुताबिक बाज़ार में परिस्थितियां बदलती रहती हैं।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

रेलगाड़ियों के ठहराव की बहाली

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों को उनके समक्ष दर्शाये गये स्टेशनों पर ठहराव को निम्नानुसार पुनः बहाल करने का निर्णय लिया गया है:–

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | स्टेशन का नाम | समय–सारणी आगमन | समय–सारणी प्रस्थान | तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12590 | चर्लपल्ली | गोरखपुर | बेल्लमपल्ली | 01:09 | 01.10 | 11.09.2025 |
| 12591 | गोरखपुर | यशवंतपुर | सिरपूर कागजनगर | 08:29 | 08:30 | 13.09.2025 |
| 12592 | यशवंतपुर | गोरखपुर | सिरपूर कागजनगर | 10:54 | 10:55 | 15.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | जम्मीकुंटा | 01:34 | 01:35 | 10.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | रामगुंडम | 02:24 | 02:25 | 10.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | बेल्लमपल्ली | 03:05 | 03:06 | 10.09.2025 |
| 12722 | हजरत निजामुद्दीन | हैदराबाद | पेद्दपल्ली जं. | 22:54 | 22:55 | 10.09.2025 |
| 12722 | हजरत निजामुद्दीन | हैदराबाद | जम्मीकुंटा | 23:19 | 23:20 | 10.09.2025 |
| 12751 | हजूर साहिब नांदेड | जम्मू तवी | बसमत | 12:19 | 12:20 | 12.09.2025 |
| 12752 | जम्मू तवी | हजूर साहिब नांदेड | बसमत | 13:44 | 13:45 | 14.09.2025 |
| 16031 | चेन्नै सेंट्रल | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | बिट्रगुंटा | 08:13 | 08:15 | 11.09.2025 |
| 16032 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | चेन्नै सेंट्रल | बिट्रगुंटा | 02:13 | 02:15 | 12.09.2025 |
| 16093 | चेन्नै सेंट्रल | लखनऊ जं. | बिट्रगुंटा | 08:13 | 08:15 | 13.09.2025 |
| 16094 | लखनऊ जं. | चेन्नै सेंट्रल | बिट्रगुंटा | 02:13 | 02:15 | 11.09.2025 |
| 22669 | एरणाकुलम जं. | पटना जं. | रामगुंडम | 00:49 | 00:50 | 13.09.2025 |
| 22669 | एरणाकुलम जं. | पटना जं. | बेल्लमपल्ली | 01:19 | 01:20 | 13.09.2025 |
| 22683 | यशवंतपुर | लखनऊ | मलकाजगिरी | 11:05 | 11:06 | 15.09.2025 |
| 22684 | लखनऊ | यशवंतपुर | मलकाजगिरी | 00:39 | 00:40 | 18.09.2025 |

विस्तृत जानकारी के लिए रेलयात्री कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

2745/25

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अहर्निश प्रासंगिक हैं युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के विचार

**लोक कल्याण को समर्पित रहा महंत दिग्विजयनाथ जी का जीवन**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त करने, विरासत पर गौरव की अनुभूति करने और गुरु के प्रति सम्मान प्रकट करने की सनातनी परंपरा की संवाहक गोरक्षपीठ में प्रतिवर्ष स्मृतिशेष गुरुजन की स्मृति में अध्यात्म और राष्ट्रीयता के सुर गुंजित होते हैं। अवसर होता है युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह का। इस वर्ष ब्रह्मलीन महंतद्वय की स्मृति में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा 4 सितंबर से और समाज व राष्ट्र को प्रभावित करने वाले समसामयिक विषयों पर चिंतन-मंथन के सांगोष्ठिक कार्यक्रम 5 सितंबर से जारी हैं। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत आश्विन कृष्ण तृतीया पर 10 सितंबर (बुधवार) को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं पुण्यतिथि पर तथा आश्विन कृष्ण चतुर्थी पर 11 सितंबर (गुरुवार) को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में किया जाएगा। पुण्य स्मरण का यह कार्यक्रम गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में होगा जहां देशभर के प्रमुख संतजन उपस्थित रहेंगे।

पुण्यतिथि समारोह में बुधवार को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की स्मृतियों के जीवंत होने के इस अवसर पर यह जानना भी प्रासंगिक है कि उन्हें युगपुरुष क्यों कहा जाता है। भौतिक विद्यमानता न होने के बावजूद जो व्यक्तित्व अपने कार्यों-विचारों से अपने बाद की पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते हैं, सही अर्थों में युगपुरुष होते हैं। कारण, हरेक कालखंड में उनके बताए मार्गों, विचारों और आदर्शों की प्रासंगिकता रहती है। ऐसे ही युगपुरुष हैं ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ। वर्ष 1935 से 1969 तक नाथपंथ के विश्व विख्यात पीठ के कर्ता-धर्ता रहे ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की बुधवार (आश्विन कृष्ण तृतीया) को 56वीं पुण्यतिथि है। पांच दशक से अधिक समय से उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को श्रद्धा भाव से न केवल नमन-स्मरण किया जाता है बल्कि उनपर अमल करने का संकल्प भी लिया जाता है। महंत जी न केवल गोरखनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के शिल्पी रहे बल्कि उनका पूरा जीवन राष्ट्र, धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, शिक्षा व समाजसेवा के जरिये लोक कल्याण को समर्पित रहा। तरुणाई से ही वह देश की आजादी की लड़ाई में जोरदार भागीदारी निभाते रहे तो देश के स्वतंत्र होने के बाद सामाजिक एकता और उत्थान के लिए। इसके लिए शैक्षिक जागरण पर उनका सर्वाधिक जोर रहा।

महंत दिग्विजयनाथ का जन्म वर्ष 1894 में वैशाख पूर्णिमा के दिन चित्तौड़, मेवाड़ ठिकाना ककरहवां (राजस्थान) में हुआ था। उनके बचपन का नाम नान्हू सिंह था। पांच वर्ष की उम्र में 1899 में इनका आगमन गोरखपुर के नाथपीठ में हुआ। अपनी जन्मभूमि मेवाड़ की माटी की तासीर थी कि बचपन से ही उनमें दृढ़ इच्छाशक्ति और स्वाभिमान से समझौता न करने की प्रवृत्ति कूट कूटकर भरी हुई थी। उनकी शिक्षा गोरखपुर में ही हुई और उन्हें खेलों से भी गहरा लगाव था। 15 अगस्त 1933 को गोरखनाथ मंदिर में उनकी योग दीक्षा हुई और 15 अगस्त 1935 को वह इस पीठ के पीठाधीश्वर बने। वह अपने जीवन के तरुणकाल से ही आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेते रहे। देश को स्वतंत्र देखने का उनका जुनून था कि उन्होंने 1920 में महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए असहयोग आंदोलन के समर्थन में स्कूल छोड़ दिया।

**श्रीराम मंदिर आंदोलन में महंतश्री की रही महती भूमिका**

अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर के निर्माण को लेकर हुए आंदोलनों में गोरक्षपीठ की महती भूमिका से सभी वाकिफ हैं। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ इस आंदोलन में नींव के पत्थर हैं। 1934 से 1949 तक उन्होंने लगातार अभियान चलाकर आंदोलन को न केवल नई ऊंचाई दी बल्कि 1949 में वह श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के नेतृत्वकर्ता भी रहे। 22-23 दिसंबर 1949 को अयोध्या में भगवान रामलला की मूर्ति प्रकट होने के नौ दिन पहले महंत दिग्विजय नाथ के नेतृत्व में अखंड रामायण के पाठ का आयोजन शुरू हो गया था। रामलला के प्रकट होने के समय महंत जी स्वयं वहां उपस्थित थे। पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम अपनी जन्मभूमि स्थित मंदिर में विराजमान हो चुके हैं।

# शिक्षा, विकास व नवाचार से विकसित बनेगा उत्तर प्रदेश

## समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 संवाद कार्यक्रम में लगा किसानों का जमावड़ा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित- उत्तर प्रदेश - 2047 अभियान के तहत कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। युवाओं एवं किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस राजीव कपूर ने कहा कि आज भी हमारा उत्तर प्रदेश कुछ मामलों में बहुत से प्रांतों से पीछे है। आज की आवश्यकताएं बहुत अधिक हो गईं हैं और श्रोत सीमित हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए हमें आमजन से बातें करके नीति तैयार करनी होगी। कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का मुख्य लक्ष्य उत्तर प्रदेश को विकसित भारत का अग्रदूत बनाना और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को आधुनिक विकास की धारा के साथ जोड़ना है। विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा, कौशल, विकास और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे प्रदेश में एक मजबूत और सक्षम जनशक्ति तैयार हो सके। इसमें स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को केंद्र में रखा गया है, जिससे प्रदेश के नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं प्रदान की जा सकें। इसमें निवेश और आर्थिक अवसरों का विस्तार भी शामिल है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि 22 वर्षों के बाद कृषि का परिदृश्य कैसा हो, इस परिकल्पनाओं पर युवाओं और किसानों को ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। किसानों को वर्ष में तीन फसल तैयार करना होगा और पैदावार बढ़ाने के लिए सही फसल व उत्तम बीजों को चयन करना होगा।

कुलपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक नई प्रजातियों को विकसित करने पर कार्य कर रहे हैं। कहा कि युवाओं को रोजगार के पीछे भागने की जरूरत नहीं है बल्कि कृषि में उद्योग को बढ़ाकर रोजगार को सृजित करने पर कार्य करना होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी और उभरती तकनीक, पर्यटन, नगर और ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सुरक्षा और सुशासन जैसे क्षेत्रों पर सुझाव मांगे जा रहे हैं। किसान और युवा अपने सुझाव ऑनलाइन पोर्टल (लिंक उपलब्ध नहीं है) के माध्यम से दे सकते हैं या फत् कोड स्कैन करके अपनी राय दर्ज करा सकते हैं।

पूर्व कृषि निदेशक ए.पी. श्रीवास्तव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में ग्राहकों की जरूरतों और इच्छाओं को समझना बहुत जरूरी है।

बाजार की जानकारी लेने के बाद ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार उत्पादों और सेवाओं का विकास करना होगा। डा. श्रीवास्तव ने कहा कि डाबर और पतंजलि की कंपनियां आपके सामानों की खरीदारी के लिए तैयार हैं लेकिन इसके लिए आपको पहले से बाजार में जाकर उनके उत्पादों की जानकारी लेनी होगी। कहा कि किसानों ने खेती में प्रयोग करने वाले छोटे उपकरणों का प्रयोग बंद कर दिया है जिसके कारण उनकी मजदूरी अधिक लग रही है।

## प्रभारी मंत्री ने पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के साथ पंचकोसी परिक्रमा मार्ग उदया तिराहा से लेकर साकेत गैस गोदाम, ब्रह्मकुंड, गुरुद्वारा, राजघाट, झुनकी घाट, हलकारा का पुरवा व हनुमानगुफा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने कार्य की गति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड-4 को मार्ग के निर्माण कार्य को मानक एवं विशिष्टियों के अनुरूप गुणवत्तापरक पूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिये। मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग को परिक्रमा के पहले पूरा करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड-4 सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षिका के शिक्षक पति का असामयिक निधन, शिक्षकों में शोक की लहर



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** प्राथमिक विद्यालय रनापुर शिक्षा क्षेत्र हैरिंग्टनगंज के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। वे लगभग 44 वर्ष के थे।

प्रवीण कुमार फैजाबाद स्थित मशीनिया के पास अपने निजी आवास पर अपनी पत्नी के साथ रहते थे। मंगलवार को सुबह 5:00 बजे तबीयत खराब होने पर उन्हें जिले के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें दर्शन नगर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर उनका निधन हो गया। उनके निधन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ व शिक्षा मित्र संगठन ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार के निधन पर पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, मिल्कीपुर के विधायक चंद्रभान पासवान व जिला पंचायत सदस्य साहब लाल यादव ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है। मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत कुरावन पूरे रामतारा निवासी प्रवीण कुमार 2006 में बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक पद पर तारुन ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सिहोरिया में तैनात हुए थे। किंतु बाद में उनका प्रमोशन प्रधानाध्यापक पद पर प्राथमिक विद्यालय रनापुर शिक्षा क्षेत्र हैरिंग्टनगंज में हो गया था। जहां वह वर्तमान समय में कार्यरत थे। उनकी पत्नी सुनीता रावत मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुगीशपुर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनके दो पुत्र उत्कर्ष 14 वर्ष व उत्कृष्ट10 वर्ष के हैं। अंतिम संस्कार में प्राथमिक शिक्षक संघ हैरिंग्टनगंज अध्यक्ष संतोष यादव, मंत्री रविंद्र वर्मा, मंत्री भगवती प्रसाद यादव, शिक्षक नेता चंद्रशेखर सिंह, विजय सिंह, जामवंत, साहबदीन यादव, संतोष शर्मा, दूरस्थ बीटीसी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धर्मपाल यादव, कुरावन प्रधान माता दीन,प्रधान प्रतिनिधि विजय शुक्ला सहित सैकड़ो शिक्षक शिक्षामित्रों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर गहरा व्यक्त किया है। प्रवीण कुमार के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। क्योंकि वह सामाजिक सरोकार के बहुत ही धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से शिक्षा जगत के साथ समाज की भी अपूर्णीय क्षति हुई है।

# ब्लाक मुख्यालय पर किसान यूनियन की मासिक पंचायत संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**सोहावल-अयोध्या।** ब्लाक मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने मासिक पंचायत कर सात बिंदुओं का ज्ञापन एडीओ आईएसबी सुषमा रानी को सौंपा। पंचायत की अध्यक्षता प्रेम शंकर वर्मा ने किया। पंचायत का संचालन किसान नेता फरीद अहमद ने किया। किसान समस्याओं को देखते हुए बताया कि सोहावल ब्लाक क्षेत्र में आवारा पशु हिंसक सांड़ों द्वारा आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। तमाम लोगों की जान भी चली गई है। किसान की फसल को चौपट कर रहे हैं। सरकार इस पर फेल नजर आ रही है। तत्काल पकड़वाकर गौशाला भेजवाया जाए। हर ग्राम सभा में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का जांच करा कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास दिलाया जाय। पात्र व्यक्तियों को शौचालय की सुविधा दिलाई जाए।ग्राम पंचायत पिलखावां के मजरे अरकुना गांव में जल भराव से निजात दिलाया जाए। रुकी हुई वृद्ध विधवा विकलांग पेंशन शीघ्र चालू कराया जाए। सोहावल ब्लाक के सामने पूरा आवास खंडहर में तब्दील हो गया है जिसे बनवाया जाए। पंचायत में राकेश वर्मा जवाहर लाल तिवारी, जगदंबा वर्मा, राजू निषाद, राम नेवल आसमा निशा शहजादी बेगम, लाजवती, लालमति, लालू शर्मा, बिग मोहम्मद, मगरू दादा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावितों को वितरित की गयी राहत सामाग्री

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** जनपद के प्रभारी मंत्री/ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा तहसील रूदौली व तहसील सोहावल में बाढ़ से प्रभावित 100 व्यक्तियों को राहत सामाग्री का वितरण पास्तामाफी बाढ़ चौकी पर किया गया। जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री को बुकें देकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं बचाव कार्यों के लिये योगी सरकार अत्यन्त संवेदनशील है तथा कार्यों की नियमित रूप से निगरानी भी की जा रही है। स्थानीय प्रशासन को यह निर्देश दिये कि भोजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुये प्रभावित लोगों को समय से भोजन उपलब्ध कराया जाये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री हमेशा तत्पर रहते है तथा बाढ़ के कारण किसी को कोई कठिनाई नही होनी चाहिए जिला प्रशासन आपके साथ है।

जिलाधिकारी नखिल टीकाराम फुंडे ने बाढ़ क्षेत्र से प्रभावित परिवारों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बाढ़ प्रभावित लोगों को बाढ़ राहत सामग्री किट के पैकेट वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की सहायता के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाय, जिससे दवाईयों का वितरण किया जा सकें। राहत सामग्री वितरण के दौरान पशुओं दवाओं व चारे/भूसा का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रूदौली विकासधर दूबे, तहसीलदार रूदौली सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण ने बाढ़ पीड़ित व्यक्तियों को बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। अगले चरण में प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी के साथ मांझाकला कोटसराय, सोहावल में बाढ़ प्रभावित परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सोहावल सविता राजपूत, तहसीलदार सोहावल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण ने बाढ़ पीड़ित व्यक्तियों को बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया।

# सपा की मासिक बैठक में समाजवादियों ने ली शपथ



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने 2027 के विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर साइकिल निशान को जिता कर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। हर बूथ पर मतदाता सूची का गहन अध्ययन कर जो भी नाम मतदाता सूची में नहीं है उनको जुड़वाएं और जो उस बूथ के मतदाता है उनका नाम कटने ना पाए। पारसनाथ यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने तानाशाही के बल पर मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी करना चाह रही है। समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता मतदाता सूची पर विशेष ध्यान रखें ताकि गड़बड़ी न होने पाए। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पवन पांडे ने कहां की भाजपा सरकार में जुल्म,अत्याचार, लूट, डकैती, महिला अपराध चरम पर है प्रदेश में जंगलराज कायम है। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भारतीय जनता पार्टी का सफ़ाया कर देगी। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने संगठन के विस्तार व मजबूती पर विस्तार पूर्व चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर अखिलेश यादव बनकर साइकिल निशान को जिताने का काम करेगा। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया।

# सीएचसी सोहावल पर महिला चिकित्सक की हुई तैनाती



*अवधनामा संवाददाता*

**सोहावल-अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पर बतौर प्रभारी चिकित्साधिकारी और महिला चिकित्सक के रूप में तैनात महिला चिकित्सक तैनात डाक्टर फातिमा हसन के स्थानांतरण के बाद महिला चिकित्सक की कमी को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने डाक्टर प्रियंका गुप्ता को भेजा है। जिन्होंने शनिवार से ही क्षेत्र से आई महिला रोगियों को देखा और उनका उपचार किया। बीते 31 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल में बतौर प्रभारी चिकित्साधिकारी तैनात रहीं महिला चिकित्सक डाक्टर फातिमा हसन रिजवी को आशाओं के भारी विरोध के चलते हटना पड़ा था। जिसके बाद से ही महिला चिकित्सक की केंद्र पर लगातार कमी बनी हुई थी। जिसे पूरा करने के लिए डा0 प्रियंका गुप्ता को तैनात किया गया है। पूछे जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील कुमार बानियान ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर फातिमा हसन के जाने के बाद उनकी कमी को पूरा करने के लिए तैनाती कर दी गई है।

## ग्रामीणों के विरोध के चलते बड़ा मामला टला

### आरोपी युवक को रौनाही पुलिस ने भेजा जेल

**सोहावल-अयोध्या।(अवधनामा संवाददाता)** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सत्तीचौरा क्षेत्र के एक गांव से भगाकर लाई गई किशोरी को गैर धर्मावलंबी युवक ने धर्मांतरण कराकर शादी करने की योजना बनाई थी। जो स्थानीय ग्रामीणों के दबाव पर फेल हो गई और युवक को गिरफ्तार कर पुलिस को जेल भेजना पड़ा। मामले में आरोपी बनाई गई पीआरवी पुलिस के साथ चौकी के एक सिपाही की संदिग्ध भूमिका की जांच की जा रही है। सोमवार को बड़ागाँव में लहरापुर निवासी युवक मोहमद इसरार पुत्र स्व0अजीम उम्र लगभग 24 वर्ष द्वारा भगा कर लाई गई दूसरे धर्म से जुड़ी एक किशोरी से शादी करने का मामला परवान चढ़ता रहा। स्थानीय लोगों को भनक मिली तो बड़ी संख्या में सड़क पर उतरे ग्रामीणो ने विरोध जताना शुरू किया। सूचना पाकर पहुंची पीआरवी पुलिस के साथ चौकी का एक सिपाही मौके पर पहुंचा। दोनों ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जगह उसे मौके से भागने में मदद की। यह बात ग्रामीणों को नागवार गुजरी इसकी लिखित शिकायत प्रभारी निरीक्षक रौनाही से की गई और उच्चाधिकारियों के फोन बजाए गए तो फटकार खा कर पुलिस हरकत में आई और युवक को गिरफ्तार कर अपहरण और जबरन शादी करने के प्रयास जैसी संगीन धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने युवक को जेल भेज दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ। इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस कर्मियों की संलिप्तता मिली तो कार्रवाई जरूर होगी।

## विजयदशमी के दिन आरएसएस का होगा पूजन कार्यक्रम

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विवेकानंद नगर में मंगलवार को जनसंपर्क करके आने वाले शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम विजय उत्सव के बारे में विचार परिवार के लोगों को बताया गया, प्रत्येक नगर में आगामी 2 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन पूजन कार्यक्रम होगा उससे पहले 14 सितंबर को प्रत्येक नगर में पद संचलन का कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया है जो की बस्ती स्तर पर होगा। सघन जनसंपर्क करने वालों में प्रमुख रूप से आरएसएस महानगर के व्यवस्था प्रमुख विवेक अग्रवाल ने संघ के 100 वर्ष में किए गए कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया।

# भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ में नई नियुक्ति

## राकेश गुप्ता बने संयोजक, मणिकांत द्विवेदी सह संयोजक



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)**भारतीय जनता पार्टी ने जिले में संगठन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से व्यापारिक प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियाँ की हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि राकेश कुमार गुप्ता को व्यापारिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक तथा मणिकांत द्विवेदी को सह संयोजक मनोनीत किया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी समाज भाजपा का सशक्त आधार है। व्यापारिक प्रकोष्ठ की भूमिका यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है कि सरकार की योजनाओं का लाभ व्यापारी वर्ग तक पहुँचे, उनकी समस्याओं का समाधान हो और उन्हें संगठन से जोड़ा जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी व समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। नई जिम्मेदारी मिलने पर संयोजक राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने जिस भरोसे के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, वे उसे पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से निभाएँगे। उन्होंने कहा, व्यापारिक प्रकोष्ठ का उद्देश्य व्यापारी वर्ग की समस्याओं को सरकार और संगठन तक पहुँचाना तथा व्यापारियों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ना है। मैं जिले के प्रत्येक व्यापारी की आवाज़ को मजबूती से उठाने का कार्य करूंगा। नई नियुक्ति पर बधाई देने वालों में जिला प्रभारी रामजियावन मौर्य, पिछड़ा आयोग सदस्य जनार्दन गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, संतोष सिंह, बबलू यादव, राम हरख गुप्ता, मधु पांडेय, संतोष जायसवाल और गोलू सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी ने किया संगठन विस्तार



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनसत्तादल (लोकतांत्रिक) पार्टी के संगठन विस्तार में समस्त पदाधिकारियों का चयन जिलाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह उर्फ जेडी के द्वारा किया गया। जिसमें मुख रूप से जिलाध्यक्ष युवा उमंग श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ मो. शैफ कुरैशी जिला अध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ तथास्तु व जिला सचिव छात्र जय चतुर्वेदी, महेन्द्र विश्वकर्मा, दीपचन्द निषाद आदि लोग मौजूद रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों में तिलकराम निषाद को जिला उप सचिव, विजय निषाद महानगर उपसचिव, गोपी निषाद महानगर महासचिव, बालकृष्ण निषाद को वार्ड अध्यक्ष वार्ड संख्या 1, परमजीत यादव महानगर उपाध्यक्ष युवा, राजेश निषाद को बूथ अध्यक्ष बूथ नम्बर 1, मुन्ना निषाद को जिला उपसचिव, ब्रजेश निषाद को महानगर सचिव, हर्श्ज्ञ निषाद महानगर अध्यक्ष, उमेश गौतम को महानगर अध्यक्ष युवा, सत्यम सिंह को जिला महासचिव छात्र प्रकोष्ठ व विकास पाल को बूथ अध्यक्ष रौवा लोहानी गोसाईगंज बनाया गया है।

# नरकटहा प्राथमिक विद्यालय में बालवाटिका का शुभारंभ




*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** स्थानीय विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय नरकटहा में मंगलवार को युग्मन नीति के तहत विकसित बालवाटिका (3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे माननीय विधायक नौतनवा श्री ऋषि त्रिपाठी ने बालवाटिका का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद विधायक जी ने बालवाटिका में संचालित योजनाओं एवं पूर्व से चल रही गतिविधियों की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, बाल विकास परियोजना अधिकारी और अन्य संबंधित कर्मियों से ली। उन्होंने सभी बालवाटिकाओं के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और विद्यालय प्रधान को परिसर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडे उपस्थित रहीं।

उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी मौजूद रहीं।इस अवसर पर विधायक जी ने बच्चों का पारंपरिक ढंग से रोली, चंदन, टीका और माला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें पेंसिल बॉक्स आदि उपहारस्वरूप भेंट किए। साथ ही उन्होंने एक महिला की गोद भराई और एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया।

# विश्व साक्षरता दिवस पर शिक्षा और जागरुकता का संदेश

*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, शाखा महराजगंज द्वारा मंगलवार को ग्राम पंचायत बड़हरा मीर स्थित शिव मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लीड बैंक मैनेजर महराजगंज भूपेंद्र मिश्रा रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि वित्तीय साक्षरता और बीमा योजनाओं–जैसे अटल पेंशन योजना और पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना–से जोड़ना जरूरी है। शिक्षा सतत विकास का आधार है, जो न केवल जीवन स्तर को बेहतर बनाती है बल्कि सामाजिक कुरीतियों को मिटाने, गरीबी दूर करने और आर्थिक उन्नति में भी सहायक होती है। कार्यक्रम में समिति के सहायक निदेशक फादर लीजो ने शिक्षा को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रमुख साधन बताते हुए बच्चों और युवाओं को शिक्षित करने पर बल दिया। उन्होंने सामूहिक प्रयासों से गांव के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।संजा देवी, जेंडर स्पेशलिस्ट (हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, महिला कल्याण विभाग महराजगंज) ने सरकारी टोल फ्री नंबरों और बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। वहीं थाना सिंदुरिया से आईं एसआई प्रियंका मौर्या ने महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए 112 और 1090 पर तुरंत मदद लेने की सलाह दी। शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीपत चौबे ने संस्था की सराहना करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान बाल संसद, यूथ क्लब और महिला मंडल के सदस्यों ने जागरूकता गीत, सामूहिक नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। अंत में चन्द्रमणि ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सिसवा को तहसील बनाने के लिए सड़क पर उतरे युवा व्यापारी

*अवधनामा संवाददाता*



**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा बाजार को तहसील का दर्जा दिलाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल इकाई सिसवा के पदाधिकारियों ने कहा सिसवा को तहसील का दर्जा नहीं दिया गया तो आगामी चुनाव में मतदाता वोट का बहिष्कार करेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सिसवा ऐतिहासिक कस्बा है, जिसे 1871 में ही टाउन एरिया घोषित कर दिया गया था। इसके बावजूद यहां के लोगों को अब तक तहसील जैसी मूलभूत प्रशासनिक सुविधाओं से वंचित रखा गया है। तहसील न होने के कारण यह शहर विकास से कोसो दूर है, लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए भी कई किलोमीटर दूर दौड़ना पड़ता है। वक्ताओं ने कहा कि सिसवा बाजार न सिर्फ व्यापारिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसंख्या की दृष्टि से भी पूरी तरह से तहसील बनने योग्य है। बावजूद इसके, अब तक सिसवा को यह हक नहीं मिला है। यही कारण है कि जनता में आक्रोश व्याप्त है। अध्यक्ष शिबू खान ने कहा कि संगठन इस बार चुप बैठने वाला नहीं है। यदि मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन के साथ-साथ वोट बहिष्कार जैसा कठोर कदम भी उठाया जाएगा। महामंत्री अश्वनी रौनियार ने कहा कि यह कस्बा लंबे समय से उपेक्षित है और अब जनता अपने हक को लेकर जागरूक हो चुकी है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मकसूद अंसारी, उपाध्यक्ष धीरज जायसवाल, दीपक जायसवाल, प्रमोद गुप्ता, संगठन मंत्री मनीष सोनी, सदस्य हरिलाल सोनी, उपाध्याय राजोल अंसारी, उपाध्यक्ष अविनाश मद्धेशिया, नगर मंत्री निखिल रौनियार, उपाध्यक्ष साहब सिंह शेट्टी, इरफान अंसारी, शमीम अंसारी, टेनी, शंकर चौधरी और बुचन गुप्ता सहित कई पदाधिकारी व व्यापारी इस दौरान मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई समर्थ उप्र-विकसित उप्र अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों को लेकर बैठक

**12 एवं 13 सितम्बर को जनपद स्तर पर आयोजित किये जाएंगे कार्यक्रम**



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत 2047 की अवधारणा को साकार करने के हेतु समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में 12 एवं 13 सितम्बर को जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने को लेकर मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने निर्देश दिया कि सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाये। 12 सितम्बर को शिवपति डिग्री कालेज शोहरतगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके पश्चात अम्बेडकर सभागार में कृषि विभाग द्वारा कृषि वैज्ञानिक प्रगतिशील किसान, मत्स्य पालक एवं पशु पालको का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके पश्चात व्यापारियों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें उद्यमी, व्यापारी, होटल वालों का संवाद कार्यक्रम होगा।

13 सितम्बर को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में शिक्षक, प्रोफेसर एवं छात्रों द्वारा विकसित भारत 2047 पर संवाद किया जायेगा। इसके पश्चात अम्बेडकर सभागार में स्वयं सहायता समूह की महिलाये, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा का संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पश्चात राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, उच्च शिक्षा विभाग के प्रोफेसर, डाक्टर, आदि का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पर्यावरण के बारे में जानकारी देने के लिए एनजीओ से बुलाने का निर्देश दिया। इसके अन्तर्गत जनपद के लिये 3 प्रबुद्धजन यशपाल सिंह सेवानिवृत्त/आईपीएस, शैलेन्द्र प्रताप सिंह सेवानिवृत्त/प्राचार्य, दिग्विजय नाथ पीजी कालेज गोरखपुर, डा0 ओमप्रकाश वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या (कार्यरत) नामित किये गये है। प्रबुद्धजनों के जनपद भ्रमण के दौरान कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी एसवीएस रंगाराव, सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद, उ0प्र0 को नामित किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, डीडीओ सतीश सिंह, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएसयादव, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग इटवा आशीष भारद्वाज, बांसी विवेक राय, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मो मुजम्मिल, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जबरन जमीन बैनामा व पैसों की मांग करने के 02 आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-215/2025 धारा 308(5),127(2),351(3),352 बीएनएस से संबंधित 02 आरोपी अभियुक्तों-01. फरहान खान, 02. सुनील कुमार को छिटनापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

वादी शिवकुमार गोस्वामी निवासी ग्राम पृथ्वीनाथ पचरन थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना खरगूपुर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 07.09.2025 को समय लगभग 04 बजे विपक्षी लवकुश गोस्वामी व उसके साथी सुनील कुमार व फरहान द्वारा जबरन गाड़ी में बैठाकर उसके पुत्र शिवम् की जमीन का बैनामा कराने व ?35 लाख की मांग की गयी। मना करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना खरगूपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ।

# सही दिशा ही सफलता की कुंजी : डीआईओएस

**राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसौनी में आयोजित हुआ कैरियर काउंसलिंग मेला**



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसौनी में मंगलवार को कैरियर काउंसलिंग मेला का आयोजन किया गया। कैरियर काउंसलिंग मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव ने फीता काट कर एवं द्वीप प्रज्वलन कर किया।

मेले को सम्बोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने कहा कि जीवन में सही दिशा और उचित मार्गदर्शन का बहुत महत्व होता है। आज शिक्षा केवल प्रमाण पत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपके भविष्य की नींव रखती है। इस मेले का उद्देश्य है कि आप अपने रुचि, योग्यता और सामर्थ्य के अनुसार अपने लिए उचित कैरियर का चुनाव कर सकें। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने अवसरों की कोई कमी नहीं है। परंपरागत क्षेत्रों के साथ-साथ विज्ञान, तकनीक, कृषि, प्रबंधन, कला, खेलकूद और स्टार्टअप जैसे नए-नए क्षेत्रों में भी असीम संभावनाएँ मौजूद हैं। सही जानकारी और सही दिशा ही सफलता की ओर ले जा सकती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह देते हुए कहा कि आप केवल रोजगार पाने की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने के संकल्प के साथ कैरियर का चुनाव करें। मेले के आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य हेतु इतना सार्थक प्रयास किया है। आशा करता हूँ कि आप सभी विद्यार्थी इस अवसर का लाभ उठाकर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाये गए करियर मॉडल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य विभा चतुर्वेदी ने सभी अतिथियो को स्मृति चिन्ह एवं तुलसी व अपराजिता के पौधे भी भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हिंदी प्रवक्ता राधेश्याम, जुबली कॉलेज गोरखपुर, विज्ञान प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज बस्ती विवेक मणि त्रिपाठी, सैनिक, एमपी त्रिपाठी, जिला समन्वयक डॉ भारद्वाज शुक्ला, समाजिक कार्यकर्ता जय प्रकाश गुप्ता, शिक्षक अवधेश कुमार, संजय, नदीम, पूजा, ममता, मीरा, ज्ञान प्रसाद, अजय आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 13 सितंबर को आयोजित होने वाले रालोअ की सफलता को लेकर प्री-ट्रायल बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की शत प्रतिशत सफलता सुनिश्चित किये जाने को लेकर मंगलवार को नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत बीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिले के प्रशासनिक अधिकारीग एवं बैंक के अधिकारीग के साथ प्री-ट्रायल बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे नोडल अधिकारी बीरेन्द्र कुमार ने उपस्थित जिले के प्रशासनिक अधिकारीगण एवं बैंक के अधिकारीगण के साथ विचार-विमर्श किया तथा अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी डॉ ललित मिश्रा ने बताया कि राजस्व संबंधी वादों के अधिकाधिक निस्तारण हेतु मामलों को चिन्हांकित किया जा रहा है तथा साथ ही साथ प्री-लिटिगेशन मामलों को भी चिन्हित किया जा रहा है। बैंको की ओर से उपस्थित बैंक अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि वे एनपीए व ऋण वसूली संबंधी ऐसे मामले जो लोक अदालत में निस्तारित किये जा सकते हैं को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु प्रयास करें।

उक्त बैठक में शैलेन्द्र नाथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एसडीएम डा0 ललित कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक, शेषभान गौतम डिप्टी सीएमओ, अशोक कुमार भारतीय स्टेट बैंक, प्रतुल कुमार पंजाब नेशनल बैंक अशोक कुमार श्रीवास्तव वन विभाग, दिलीप कुमार वरिष्ठ निरीक्षक बाट तथा माप, अमन त्रिपाठी कनिष्ठ सहायक यूपी नेडा, मोहम्मद सईद यातायात कार्यालय, रियाज अहमद सहायक लेखाधिकारी कृषि विभाग, अजहरूददीन कार्यालय सहायक नगर पालिका परिषद, उज्जवल कुमार त्रिपाठी श्रम प्रर्वतन अधिकारी, सुभम साहू उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, नित्यानंद एडीपीआरओ, श्रीमती विन्ध्यवासिनी श्रीवास्तवा सप्लाई इस्पेक्टर जिलापूर्ति विभाग, अभिषेक शर्मा सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया उपस्थित रहे।

# एफएलएन पांच दिवसीय प्रशिक्षण का पहला बैच का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ बीआरसी में मंगलवार को बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान एफएलएन तथा एनसीईआरटी पाठ पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ। प्रशिक्षण में शोहरतगढ़ ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभाग कर रहे शिक्षकों को प्रशिक्षकों द्वारा पहले दिन गणित मेला आधारित जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षक प्रवीण कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, आनन्द प्रकाश, सतेन्द्र प्रताप ने बुनियादी शिक्षा के अंतर्गत भाषा एवं संख्या ज्ञान के बारे में जानकारी को शिक्षकों के बीच साझा किया।

खंड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संजय कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। प्रार्थना व प्रेरणा गीत से प्रशिक्षण सत्र कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। पचास-पचास की संख्या में शिक्षकों ने दो कमरों में प्रशिक्षण शुरू किया। प्रशिक्षण में लालजी यादव, कृपा शंकर त्रिपाठी, मणिकांत उपाध्याय, राजीव धर द्विवेदी, मनमोहन, सुरेंद्र गुप्ता, राजेश यादव, प्रदीप मौर्या, सरोज रानी, पूनम विश्वकर्मा, अनिल कुमार, पवन कुमार, ममता यादव, सुनीता पटेल, रागिनी सिंह, नीलम पाण्डेय ,सुनील कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहें।

# अभिनय राय के नेतृत्व में लोगों ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** पटेलनगर वार्ड के लोगो ने अभिनय राय के नेतृत्व में ईदगाह रोड पर नाला और सी सी रोड का निर्माण करने से पूर्व सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग को लेकर एस डी एम के नाम संबोधित ज्ञापन मंगलवार को नायब तहसीलदार सदर चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव को सौंपा है।

ज्ञापन में लिखा गया है कि इस रोड के दक्षिण दिशा के मकान मालिकों को इस आशय का नोटिस दिया गया है कि आप लोग यदि नाली पर अतिक्रमण किए हैं तो नाली पर से अतिक्रमण पंद्रह दिन के अन्दर हटा । जिस क्रम में मोहल्ले के लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद बांसी ईदगाह रोड के उत्तर दिशा में बने मकान स्वामियों को भी सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की नोटिस दिया जाय। इन लोगों का कहना है कि ईदगाह रोड पटेल नगर जिसका निर्माण नगर पालिका परिषद बांसी कराना चाहता है उस रोड की चौड़ाई लगभग 38 से 40 फीट है परन्तु सुरसा मन्दिर से लेकर राजेश कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू के मकान तक कुछ मकान स्वामियों ने रोड पर अत्यधिक अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे रोड की चौड़ाई कहीं ढ़ाई मीटर और कहीं दस मीटर हो गई है। जिससे मुहल्ले वासियों को अपनी गाड़ी लाने ले जाने-ले आने में अत्यधिक कष्ट का समाना करना पड़ता है।

ज्ञापन सौंपने वालों ने मांग किया है कि नाला एवं सड़क निर्माण कराने से पहले सड़क के दोनों तरफ जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है उसे पहले खाली कराया जाय। इसके बाद नाला और सी सी रोड निर्माण कराया जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में, अनिल कुमार अग्रहरी, राम करण मौर्य आलोक ओझा, गुलाब चंद्र, राजेश शास्त्री, जुल्फेकार खान, मोबीन खान, मनोज श्रीवास्तव सहित तमाम लोग शामिल थे।

# संस्कृत महाविद्यालय गौरी बांसी ने छात्रों को किया टैबलेट वितरण



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत संस्कृत महाविद्यालय गौरी बांसी सिद्धार्थनगर को मंगलवार को छात्रों को टैबलेट वितरण किया गया। जिसमें प्रबन्धक/मुख्य अतिथि बृजेश्वर प्रताप नारायन विशिष्ट अतिथि वृजेश कुमार पाण्डेय प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षक संघ एवं प्राचार्य अश्वनी कुमार मिश्र ग्राम, प्रधान मनोज द्विवेदी, आमंत्रित शिक्षक द्विजेन्द्र मणि त्रिपाठी, गोवर्धन शर्मा, दिवाकर मिश्र,अनुचर झिनकन गौड़ आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने कहां कि शिक्षण की गई शिक्षा को आप सब अपने जीवन में आत्मसात करें तो वही वृजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि टैबलेट से उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहयोगी होगा छात्र अधिक से अधिक संस्कृत विद्यालयों में नामांकन कराये तथा अपनी संस्कृति को बचाए तथा आम जनमानस कि बोल चाल की भाषा के रुप में प्रयोग करे जिससे भारतीय संस्कृति और संस्कृत के संरक्षण को बल मिले हमारी संस्कृति और संस्कार दोनों की दिशा और दशा को बदलने का? काम करें जिससे हमारी संस्कृति और संस्कृत का उत्थान, प्रचार प्रसार हो तथा समृद्ध हो।

# टेट के अनिवार्यता के विरोध में कल ज्ञापन देगा पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** न्यायालय द्वारा अपने एक निर्णय में शिक्षकों के सेवाकाल और अनुभव को नजरअंदाज कर सभी को टीईटी पास करने के दिए गए फैसले से लाखों शिक्षक अपने भविष्य को लेकर काफी परेशान हैं। न्यायालय के निर्णय के बाद शिक्षकों ने सरकार से अध्यादेश लाकर अनुभव एवं सेवाकाल को देखते हुए टीईटी से मुक्त किए जाने की मांग हेतु ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया है।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि न्यायालय के निर्णय से लाखों शिक्षकों का भविष्य दांव पर लग गया है, इसलिए प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और मानव संसाधन विकास मंत्री को ज्ञापन देकर टेट लागू होने से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति प्रदान किए जाने हेतु अध्यादेश लाए जाने की मांग करेगा। इसके बाद जिले के लोकसभा व राज्य सभा सांसद को 13 से 26 सितंबर तक ज्ञापन देकर सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग करेगा। सरकार द्वारा कोई ठोस कदम न उठाने पर दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना एवं प्रदर्शन किया जाएगा।

जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि दशकों पूर्व शिक्षक भर्ती हेतु जो भी नियम निर्देश और शर्ते और योग्यता निर्धारित की गई थी उसे पूरा करके ही शिक्षकों की भर्ती हुई थी। और सभी लोग तीस साल से अधिक समय से अनवरत विद्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं, न्यायालय द्वार उनके सेवाकाल और अनुभव को नजरअंदाज करके जो फैसला दिया गया है, उससे शिक्षकों के मध्य अपने भविष्य को लेकर चिन्ता बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु 11 सितंबर बृहस्पतिवार को जिला अधिकारी कार्यालय पर दिन में 2ऽ30 बजे प्रधान मंत्री और मानव संसाधन विकास मंत्री को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। कोषाध्यक्ष मस्तराम चौधरी ने बताया कि टीईटी लागू होने के पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति प्रदान करने की मांग हेतु 11 सितंबर को दिए जाने वाले ज्ञापन के दौरान सभी शिक्षकों से भारी तादात में पहुंचने की अपील की हैं।

## कार सवार बदमाशों में बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

**अवधनामा संवाददाता, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के पकड़ी चौराहा के आगे दक्षिण विगत रविवार रात लगभग 8 बजे का समय था जब कार सवार बदमाशों में बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर बाइक सवार युवक बाइक से गिर गये।तब कार में सवार बदमाशों ने बाइक सवार युवक अतुल कुमार पाण्डेय पुत्र सहदेव पाण्डेय उम्र वर्ष, विक्की पुत्र फागु उम्र 32 वर्ष युवकों को गोली मारी गोली मिस होने पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया हमले में बदमाशों ने सरिया व लोहे के राड से अतुल पाण्डेय को मारने लगें और बदमाशों ने अतुल पाण्डेय के पैर के दो अंगुली काट दिया और पैर को तोड़ कर घायल कर दिए। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। घायलों का इलाज माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थ नगर में चल रहा है।

घायलों की पहचान शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के धनगढ़िया निवासी अतुल कुमार पाण्डेय पुत्र सहदेव पाण्डेय उम्र 30 वर्ष, माधवपुर निवासी अश्वनी उर्फ विकी पुत्र फागुन उम्र 32 वर्ष किसी काम से जा रहे थे। विक्की ने पुलिस को बताया कि विगत रविवार साढ़े सात बजे लगभग एक बाइक से पकड़ी चौराहे से आगे खेल मैदान के पास जैसे हम लोग पहुंचते हैं कि उनकी बाइक में पीछे से कार सवार ने टक्कर मार दी जिससे मैं और अतुल कुमार पाण्डेय गिर गयें कार में सवार पांच लोग निकले जिसमें से एक व्यक्ति तमाचा लेकर निकला दूसरा व्यक्ति अपने हाथ में धारदार हथियार और अंतिम व्यक्ति हाथ में लोहे का सरिया और राड लिए हुए थे उनमें से एक व्यक्ति ने गोली मारी, गोली मिस हो गई तब बदमाशों ने हथियार से मार कर लहुलुहान कर दिया और और अतुल क पैर का दो उंगली काट दिये।

## जलालपुर समाजवादी पार्टी ब्लॉक ईकाई का विस्तार



**हजपुरा अम्बेडकरनगर।** सोमवार जलालपुर ब्लॉक इकाई की बैठक संपन्न हुई और कमेटी का विस्तार हुआ जिसकी अध्यक्षता जलालपुर के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप वर्मा एवं संचालन अखिलेश यादव ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुभाष राय पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ राजेश सिंह राजित राम यादव डॉ राजेंद्र प्रसाद चौधरी आसाराम वर्मा गौरी शंकर वर्मा बाबूलाल यादव केशव राम पटेल सिद्धार्थ मिश्रा कपिल देव राजभर धर्मेंद्र यादव किरदार मेहंदी हरिओम यादव मंजूर अहमद मयाराम पटेल सत्येंद्र चौधरी पंकज यादव संदीप यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष संदीप वर्मा ने कहा कि इस किसान विरोधी नौजवान विरोधी रोजगार विरोधी एन डी ए सरकार को पी डी ए के लोग मिलकर हराएंगे और आने वाले 2027 में पी डी ए के जननायक श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे। जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया और बधाई दिया और कहा कि 2027 में सरकार बनाने के लिए सभी को एकजुट हो कर घर घर जाकर लोगों को संगठित करने की जरूरत है।

## बस से आ रहा युवक ज़हर खुरानी का हुआ शिकार

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** जिले में जहरखुरानी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताज़ा मामला बसखारी थाना क्षेत्र के हरैया बाईपास का है, जहां एक युवक अचेत अवस्था में मिला। युवक की उम्र लगभग 22 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार, युवक किसी बस से यात्रा कर रहा था। आशंका जताई जा रही है कि रास्ते में उसे नशीला पदार्थ खिलाकर लूटपाट की गई और फिर अचेत अवस्था में हरैया बाईपास पर फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर बसखारी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बसखारी में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस युवक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। उसके पास से कोई वैध पहचान पत्र नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त में कठिनाई हो रही है।इस तरह की घटनाएं एक बार फिर यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही हैं। यदि किसी व्यक्ति की जान पहचान का हो तो बसखारी थाने में संपर्क करें।

## टांडा पालिका प्रशासन ने नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दुकानों से जब्त की पालीथीन

**टांडा अम्बेडकरनगर।** शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद टांडा क्षेत्र मोहल्ला नेहरू नगर, हयातगंज, मीरानपुर में अरविंद त्रिपाठी उपजिलाधिकारी/प्रभारी अधिशाषी अधिकारी अरविन्द त्रिपाठी के निर्देश पर शमशाद जुबेर कर अधीक्षक के नेतृत्व में प्रतिबंधित प्लास्टिक/कैरीबैग 5.600 किलो ग्राम जब्त कर रुपया 5000/- जुर्माना वसूला गया जिसमे नागरिकों दुकानदारों को पर्यावरण को बचाने और स्वच्छता को अपनाने के साथ सिंगल यूस प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग को पूर्ण रूप में प्रयोग,उपयोग क्रय/विक्रय न किए जाने की अपील कर जनजागरुक किया गया,जिसमे आशीष कुमार चौहान जलकल अभियंता/प्रभारी सफाई निरीक्षक, अनूप कुमार यादव, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद रब्बानी, मोहम्मद सुहेल, शकील अहमद, मंशाराम, महेंद्र कुमार, सफाई नायक और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन

**वक्ताओं ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी**

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार में समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश - 2047 विषय पर एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद की नोडल अधिकारी कंचन वर्मा (विशेष सचिव), जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, प्रबुद्धजन, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, उद्यमी, महिला समूह, किसान एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वर्ष- 2047 तक एक समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा। संवाद के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और भावी योजनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में सहभागी प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। इसी क्रम में, जिला पंचायत परिसर में दीनदयाल शोध संस्थान, लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोपाल ग्राम द्वारा आयोजित समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश - 2047 कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा लगाए गए विविध स्टालों का अवलोकन भी किया गया। इन स्टालों पर आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों, प्राकृतिक खेती, नवीन बीजों एवं उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

नोडल अधिकारी कंचन वर्मा एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कृषकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की। कृषकों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए तकनीकी सहायता, बाजार से जोड़ने एवं प्रशिक्षण की निरंतर उपलब्धता की आवश्यकता जताई।

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी को देखकर उनकी सराहना की और स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने विकसित उत्तर प्रदेश - 2047 के संकल्प को साकार करने हेतु अपने स्तर से सक्रिय योगदान देने का आश्वासन दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन एडीएसटी अरुण कुमार सिंह ने किया है।

# मल्टी स्टेट पैक्स सदस्यता अभियान को सफल बनाने पर हुई विस्तृत चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास भवन स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित बैठक में एम-पैक्स (मल्टी स्टेट पैक्स) सदस्यता अभियान को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि जिले के अधिक से अधिक किसानों व ग्रामीणों को सहकारी समितियों से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें सहकारिता के माध्यम से आर्थिक मजबूती और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा दी जा रही है। एम-पैक्स सदस्यता अभियान इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। सहकारिता के जरिए किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को सहकारी समितियों की सदस्यता दिलाकर न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, खाद-बीज की उपलब्धता और अन्य योजनाओं का लाभ भी सहजता से मिल सकेगा। बैठक में जिला सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर समितियों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके साथ ही गांव-गांव जाकर किसानों को सदस्यता के लाभ बताए जाएंगे। उपस्थित लोगों ने सुझाव दिए कि किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी गांव तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ के निदेशक दिलीप चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक की उपाध्यक्ष नेहा चौधरी, जिला सहकारी बैंक के निदेशक लाल आनंद प्रकाश, आशीष शुक्ला, अभिषेक राय, महेंद्र लोधी, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, डीसीएफ अध्यक्ष अजय उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, प्रभारी जिला सहायक निबंधक सहकारिता चंद्रजीत यादव, जिला सहकारी बैंक के सचिव वीरेंद्र यादव, अरविन्द उपाध्याय, सभी सहायक विकास अधिकारी सहकारिता के अलावा जनपद के सभी समितियों के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित रहे।

## आपदा का अपराधी पहाड़ ही क्यों

सड़क पर विकराल होती बारिश ने कहर ढहाया या विकास ने आगे दौड़ पीछे चौड़ कर दी। जो भी हो मुसीबत के इस समय आंखों में सुरमा लगाए भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पहाड़ के पत्थर नहीं कोसे, बल्कि कोसी लापरवाही जो जिंदा विकास के मुर्दाघरों को नीलाम करने पर तुली रही। गडकरी ने फोरलेन की डीपीआर के कान पकड़े हैं, तो हिमाचल को भी विकास के आईने साफ कर लेने चाहिएं। केंद्रीय मंत्री ने न आपदा के बीच क्रंदन किया और न ही तोहमतें इधर उछालीं, बल्कि पहाड़ पर निर्माण की ऐसी व्याख्या की जो विज्ञान और विमर्श के बीच अगली कई सदियों को माप सकती है, बशर्ते हर इंच पर आगे बढ़ने की चुनौती को समझा जाए। अभी तो हमने पहाड़ पर विकास को केवल चिना है, न कि पहाड़ के लायक विकास को चुना है। पर्वतीय विकास की जिस इंजीनियरिंग की तरफ नितिन गडकरी इशारा कर रहे हैं, वह तो अभी शुरू ही नहीं हुई। फोरलेन परियोजनाओं के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री का खुलासा सरासर लापरवाही तथा सार्वजनिक धन की सौदेबाजी है, लेकिन यह एक नियम के तहत बने तो मजमून बदलेगा। इस वक्त जलवायु परिवर्तन की सारी चुनौतियों का ठीकरा पहाड़ के सिर पर फोड़ा जा रहा है, क्योंकि देश आफत को समझने में अभी तक सचेत नहीं हुआ। आपदा का अपराधी हिमाचल ही क्यों बने। बेशक पहाड़ों को चीरा जा रहा है ताकि धूप आए और परिश्रम के गंतव्य में आर्थिक भूख मिट जाए, लेकिन यहां हर पेड़ अवैध तरीके से नहीं कटता। पेड़ भी काटता है हमारी रोजी रोटी और कहीं अचानक गिरकर तोड़ देता है जीने की राह पर सारी हड्डियां। जंगल या तो ज्यादा जंगली हो गए या जंगल को पर्यावरण का एकमात्र चिन्ह-प्रतीक मानने वालों ने सारे ताले पर्वतीय राज्यों पर लगा दिए। अपराधी पर्वत, जिसने अपनी तकदीर को जंगल बना लिया, उसे क्या मालूम बादलों का खेल। क्या समुद्र ने अपने भीतर सारी गर्मी को पहाड़ की तरफ धकेल दिया।

क्या मैदानी इलाके जब तपते हैं तो किसी ने पर्वत को रोका कि अपने हिमनद को मत पिघलाओ। पर्वत की छाती से निकलती नदियों को देश की लू जब सुखाती है, तो कौन मैदानी इलाकों को कहता है कि पर्यावरण के लिए प्रचंड गर्मी को रोको। क्या बरसात के दो-तीन महीनों में ही पर्यावरण का चिंतन मनन का दरिया बहने लगता है। शेष नौ महीनों के पर्यावरण संरक्षण के लिए कौन दोषी। हिमाचल-उत्तराखंड की तरह सभी राज्यों को भी निर्देश दीजिए कि सभी आइंदा 70 फीसदी क्षेत्र में केवल वन उगाएं। हिमाचल के पड़ोसी मैदानी राज्य अगर 70 फीसदी जमीन में जंगलों की पैमाइश करें, तो मालूम हो जाएगा पर्यावरण संरक्षण की धार कितनी नुकीली और कितने दबाव से भरी होती है। पर्वत के दबाव, पर्वत की आर्थिकी, पर्वत के रोजगार और पर्वत के विकास को समझने के इस आपदा का घर्षण काम नहीं आएगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने फोरलेन के परिप्रेक्ष्य में संभावना और सद्भावना का अलख जगा कर हिमाचल पर दोषारोपण नहीं किया, बल्कि यह स्वीकार किया है कि डीपीआर बनाने वालों ने विकास का सही आधार ढूंढने में कोताही बरती है। बेशक हिमाचल में हर तरफ के विकास में कोताही हुई। दूसरी ओर भारत सरकार पर्वतीय राज्यों के लगभग 45 लोकसभा क्षेत्रों की आवाज, जरूरतों और मजबूरियों को समझने में नाकाम रही है। अगर आपदा की लानतें पहाड़ पर थोपी जा रही हैं, तो इसके विकास और संरक्षण के लिए एक विशेष दृष्टि क्यों नहीं।

**एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 1,70,924 आत्महत्याएं दर्ज की गईं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है और आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख जनसंख्या रही। यह दर पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो दर्शाता है कि देश का युवा और कार्यशील वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्यवार आंकड़े भी चिंताजनक हैं-सिक्किम में आत्महत्या दर लगभग 43 प्रति लाख रही जबकि बिहार में यह 1 से भी कम है।**

# निराशा से आशा की ओर : आत्महत्या के खिलाफ जंग

दुनिया में आत्महत्या आज एक गहरी एवं विडम्बनापूर्ण वैश्विक चुनौती बन चुकी है। हर साल लाखों लोग अपनी ही जिंदगी से हार मान लेते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल लगभग 7.2 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट भी है। 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग में मृत्यु का



ललित गर्ग

चौथा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है। यही वजह है कि हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। 2024 से 2026 तक इसकी थीम चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड रखी गई है, जिसका उद्देश्य है आत्महत्या पर खामोशी तोड़कर इसे एक निष्क्रिय विषय से संवाद और सहयोग का सक्रिय विषय बनाना। आत्महत्या पर दृष्टिकोण का यह बदलाव आत्महत्या के बारे में लोगों की सोच और बातचीत के तरीके को चुनौती देता है, खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देता है जो कलंक को तोड़ता है और समझ को बढ़ावा देता है। आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज-व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये। निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है।

आत्महत्या जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है, यह मनुष्य होने के अर्थ और गरिमा को धूमिल करती है। जब जीवन जीने का साहस कमज़ोर पड़ता है तो व्यक्ति निराशा और अंधकार में डूबकर स्वयं को समाप्त करने की ओर बढ़ता है। वैश्विक स्तर पर यह एक गंभीर समस्या है, दुनिया भर से आते नए आंकड़े इस चुनौती की गंभीरता को और उजागर करते हैं। 2021 में अनुमानित 7.27 लाख आत्महत्याएं हुईं और विश्व में हर 43 सेकेंड में कोई एक व्यक्ति खुदकुशी कर रहा है। 73 प्रतिशत आत्महत्याएं निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में होती हैं और सबसे अधिक असर युवा और गृहिणियों पर पड़ता है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि आत्महत्या करने वाली महिलाओं में 51.5 प्रतिशत गृहिणियां थीं। आत्महत्या की दर दो दशकों में 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति एक लाख हो गई है। उत्तराखंड जैसे राज्यों में पारिवारिक कलह आत्महत्या का बड़ा कारण है। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा क्षमता से अधिक हो चुकी है, पारिवारिक सामंजस्य खत्म हो गया है, असफलता

**विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस**



का डर और तनाव सहने की क्षमता कम हो गई है। यही कारण है कि पढ़ाई के दबाव, नौकरी में असफलता, रिश्तों के टूटने और आर्थिक अभाव से युवा और किशोर आत्महत्या की ओर धकेले जा रहे हैं।

भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 1,70,924 आत्महत्याएं दर्ज की गई, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है और आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख जनसंख्या रही। यह दर पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो दर्शाता है कि देश का युवा और कार्यशील वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्यवार आंकड़े भी चिंताजनक हैं-सिक्किम में आत्महत्या दर लगभग 43 प्रति लाख रही जबकि बिहार में यह 1 से भी कम है। आत्महत्या के पीछे अनेक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक कारण जुड़े हुए हैं। बेरोज़गारी, गरीबी, पारिवारिक कलह, असफल प्रेम, नशे की लत और बीमारियां इसका बड़ा कारण बन रही हैं। मानसिक रोग और अवसाद ने इस समस्या को और गहरा किया है। एनसीआरबी के अनुसार 2018 से 2022 के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारणों से आत्महत्या के मामलों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 के आँकड़े बताते हैं कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में 33 प्रतिशत मामले पारिवारिक समस्याओं से जुड़े थे, लगभग 19 प्रतिशत मामले बीमारियों के कारण हुए, जबकि 6-7 प्रतिशत मामले विवाह सम्बन्धी समस्याओं और 6 प्रतिशत मामले ऋण और कर्ज़ से संबंधित थे। छात्र आत्महत्या का आंकड़ा भी बड़ा चिंताजनक है-2022 में यह कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत रहा। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर है, परंतु भारत में यह और ज्यादा जटिल इसलिए है क्योंकि यहां सामाजिक प्रतिस्पर्धा, उपभोक्तावादी जीवनशैली, परिवार का टूटता हुआ ढांचा और आर्थिक असमानता आत्महत्या की प्रवृत्ति को तेज़ कर रही है। आत्महत्या केवल एक जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह एक पूरे परिवार और समाज की आशाओं का विघटन है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए केवल व्यक्तिगत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं बल्कि समाज और सरकार दोनों को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा। भारत सरकार ने 2017 में मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम पारित करके आत्महत्या प्रयास को अपराध की श्रेणी से बाहर किया और 2020 में 'किरण' नामक राष्ट्रीय हेल्पलाइन शुरू की जो 13 भाषाओं में चौबीसों घंटे सहायता उपलब्ध कराती है। 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति बनाई गई जिसका लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या दर में 10 प्रतिशत की कमी लाना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, परामर्श केंद्रों की स्थापना, रोजगार सृजन, परिवारिक संवाद को मजबूत करना, मीडिया की संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग जैसे उपायों पर जोर दिया गया है। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं और हेल्पलाइन सेवाओं-जैसे आसरा, वंद्रेवाला, समैरिटन्स मुंबई-की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। आत्महत्या को रोकने का सबसे बड़ा उपाय यही है कि व्यक्ति को निराशा के अंधकार में छोड़ने के बजाय उसके जीवन में आशा, साहस और सहयोग का संचार किया जाए क्योंकि कठिनाइयों का समाधान आत्महत्या में नहीं बल्कि संघर्ष, विश्वास और सहारा देने वाले समाज में है। दुनिया का यह दुखद सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से बीमारियों से मरने वालों की संख्या घटी है पर आत्महत्या के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ी है। भौतिकवादी जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा, अवसाद और असंतुलन ने मनुष्य को भीतर से खोखला बना दिया है। प्रसिद्ध कलाकार, जिनका सार्वजनिक जीवन में हंसता खेलता चेहरा दिखाई देता है, कभी अचानक आत्महत्या कर लेते हैं क्योंकि भीतर का अकेलापन और दबाव उन्हें जीने नहीं देता। सवाल यह है कि जिनके पास साधन और सहयोग की कमी नहीं, वे भी क्यों जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बर्दाश्त नहीं कर पाते।

# पंजाब जल प्रलय : दुनिया के मददगारों को आज मदद की दरकार

**राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। क़रीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फ़सलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फ़सल को तो भारी नुक़सान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुक़सान का अनुमान लगाया जा रहा है।**

भारत का 'अन्न भंडार' कहा जाने वाला देश की खाद्य आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब इन दिनों जल प्रलय जैसे अति गंभीर संकट से जूझ रहा है। कुछ स्रोतों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य भंडार में पंजाब लगभग 45 फीसदी अनाज का योगदान करता है। इसमें देश के गेहूं उत्पादन में लगभग 22 फीसदी और चावल उत्पादन में लगभग 12 फीसदी का योगदान शामिल है। इसीलिए पंजाब देश की खाद्य आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके अलावा इसी पंजाब



तनवीर जाफ़री

का किसान भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में ज़रूरतमंदों की हर तरह की मदद करने के लिये पहली पंक्ति में खड़ा नज़र आता है। चाहे वह युद्ध की विभीषिका से जूझने वाले लोग हों या भूकंप,सुनामी अथवा बाढ़ से प्रभावित लोग,शरणार्थियों की मदद करनी हो या कोरोना जैसे विश्वस्तरीय संकटकाल में लोगों को मुफ़्त भोजन व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराना हो, पंजाब की यह क़ौम हमेशा सबसे आगे खड़ी नज़र आई है। न यह धर्म देखते हैं न देश, न सीमा न जाति या भाषा। इन्हें प्रत्येक मानव की पीड़ा अपनी पीड़ा महसूस होती है और यह क़ौम तन मन धन से एकजुट होकर मदद करने को खड़ी हो जाती है। आज पूरे देश में न जाने कितने गुरुद्वारे दिन रत ज़रूरतमंदों को लंगर उपलब्ध कराते हैं। देश बार में स्वास्थ्य सम्बन्धी दर्जनों प्रयोगशालाएं व अस्पताल इनके सौजन्य से संचालित हो रहे हैं।

दुर्भाग्यवश आज हमारे देश का यही पंजाब प्राकृतिक प्रकोप से जूझ रहा है। इन दिनों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल सहित केवल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से राज्य के सभी 23 ज़िले प्रभावित हैं। राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। क़रीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फ़सलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फ़सल को तो भारी नुक़सान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुक़सान का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकारी व अनेक ग़ैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा राहत और बचाव कार्य तेज़ी से चलाया जा रह है। हज़ारों बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर या राहत शिविरों में पहुँचाया जा चुका है।



इसी दौरान शौर्य समर्पण व बलिदान की इस धरती से बड़े ही हृदय विदारक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हज़ारों गायें भैंसें तेज़ बहाव में बहकर लापता हो गई हैं। पूरी पूरी डेयरियां जल प्रलय का शिकार हो गयी हैं। लोगों के खेतों में वर्तमान फ़सल तो बर्बाद हुई ही है परन्तु ऐसी संभावना भी है कि खेतों में रेत की मोटी परत बैठ जाने के चलते अनिश्चितकाल के लिये इन खेतों की अपनी उर्वरक क्षमता भी समाप्त हो जाएगी। गोया इस जल प्रलय के चलते आने वाले वर्षों में देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है।

बहरहाल आज पीड़ा की इस घड़ी में पंजाब के किसानों के साथ पूरा देश खड़ा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार,दिलजीत दोसांझ,रणदीप हुड्डा, सोनू सूद, प्रीटी जिंटा, करीना कपूर, विक्की कौशल, एमी विर्क, राज कुंद्रा, गुरु रंधावा, गिप्पी ग्रेवाल,करण औजला, सुनंदा शर्मा, शाहरुख़ ख़ान, आलिया भट्ट, करण जौहर, हरभजन सिंह, मनकीरत औलख, बब्बू मान, रणजीत बावा, सोनम बाजवा, संजय दत्त, अजय देवगन, कपिल शर्मा, बादशाह, सिद्धार्थ मल्होत्रा व अनन्या पांडे जैसे अनेक फ़िल्म व कला जगत से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर या तो भारी भरकम रक़म दान की है या पीड़ितों के लिये राहत शिविर स्थापित किये हैं, एम्बुलेंस दान की हैं अथवा उनके साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसी तरह मदरसा ज़ीनत उलूम,नारायणगढ़ मदरसा जमीयतुल उलूम, मेवात के मुस्लिम समुदाय के लोग व दर्जनों मस्जिदों से राहत भरे ट्रक पंजाब की ओर भेजे जा रहे हैं। ईरान ने भी भारत के पंजाब में आई भीषण बाढ़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ङ्ग पर जारी एक संदेश में कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुक़सान और दर्द को देखकर मन दुखी है। दूतावास ने प्रभावित लोगों और राहत कार्यों में लगे सभी के लिए प्रार्थनाएं कीं तथा भगवान से सभी की रक्षा और आशीर्वाद की कामना की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतल्लाह अली ख़ामनेई की ओर से भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हिफ़ाज़त और सलामती के लिए दुआएं भेजी गई हैं। ईरान के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफ़ी सराहना की गयी है।

आज पूरे देश के हर वर्ग व हर धर्म का व्यक्ति पंजाब के इन किसानों के साथ इसीलिये खड़ा है क्योंकि गुरुनानक देव जी महाराज द्वारा किये गये सच्चा सौदा के संस्कारों में परवरिश पाने वाला पंजाब का यह किसान भी बुरे वक़्त में पूरी दुनिया के साथ दुर्गम से दुर्गम परिस्थितियों में भी हमेशा खड़ा दिखाई दिया है। जहां कहीं धर्म देश या जाति देखकर लोगों की सहायता करने वाले संकीर्ण सोच के लोग मुसीबत में खड़े नहीं होते वहीँ पंजाब का यह समुदाय केवल मानवता को मद्देनज़र रखकर हमेशा हर जगह हर एक पीड़ित के साथ खड़ा दिखाई दिया है। संकट की इस घड़ी में देश के कारपोरेट घरानों व उद्योगपतियों को भी खुलकर सामने आना चाहिये। देश के उन बड़े बड़े मठों व धर्मस्थलों को भी मदद के हाथ पंजाब के जल प्रलय प्रभावित लोगों की ओर बढ़ाना चाहिये जिनके भण्डार अकूत सोने चांदी व धन सम्पदा से भरे पड़े हैं। देश के धनाढ्य कथावाचकों व धर्माधिकारियों को भी खुलकर सामने आना चाहिये। देश की बड़ी दरगाहों व जमाअतों को भी संकट में पंजाब के साथ खड़े होना चाहिये। बेशक प्रकृतिक प्रकोप के चलते दुनिया के इन मददगारों को भी आज वक़्ती तौर पर मदद की दरकार ज़रूर है परन्तु विश्वास है कि मानवता व भाईचारे की मिसाल पेश करने व संकट में सबके साथ खड़ी नज़र आने वाली यह क़ौम जल्द ही इस संकट से भी उबार जाएगी।

## पैटन टैंकों का काल : गाजीपुर का लाल

**हरी राम यादव**

सन् 1965, खेमकरण सेक्टर, पाकिस्तानी पैटन टैंक अपने को वीर बहादुर समझकर भारतीय सीमा में अकड़ते हुए चले आ रहे थे। एक जीप पर मांउटेड छोटी सी तोप ने उन्हें पहचान लिया और उसने उन्हें अपना शिकार बनाना शुरू किया। दाहिने बायें कहीं भी भागने का मौका नहीं। सब के सब भौचक्के। आड़ से आती गोलियों के आगे अपने को अजेय समझने वाले वह पैटन टैंक उस जीप माउंटेड छोटी सी तोप के आगे विवश। ऐसी विवशता जिसने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया।

पाकिस्तानी हुकूमत अपने दिल में दुश्मनी पाले 1947 में हुई हार के बदले की भावना से भारत के खिलाफ आपरेशन जिब्राल्टर शुरू कर दिया । दोनों देशों की सेनाएं आमने सामने थीं। समरतांत्रिक अपने देशों की सेना के लिए व्यूह रचना में व्यस्त थे और सैन्य कमांडर अपने अपने सैनिकों के साथ दो दो हाथ करने के लिए बेताब थे। 4 ग्रेनेडियर्स, 7 माउंटेन ब्रिगेड के अंतर्गत खेमकरण सेक्टर में भीखीविंड रोड पर चीमा गांव के पास तैनात थी।

10 सितम्बर 1965 को 0800 बजे पाकिस्तानी सेना ने पंजाब के तरनतारन जिले के खेमरन सेक्टर में भीखीविंड रोड पर चीमा गांव के आगे असल उताड़ गांव पर हमला कर दिया। इस हमले के लिए पाकिस्तान ने काफी तैयारी की थी। उसकी तैयारी का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसने भारत के खिलाफ अमेरिका में बने पैटन टैंकों को युद्ध में उतार दिया था। दुश्मन के टैंक 0900 बजे तक हमारी फारवर्ड पोजीशन में घुस गए। कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद, जो कि एक रिक्वाइललेस गन टुकड़ी के कमांडर थे, वे अपनी गन माऊंटेड जीप से खेतों के बीच से गुजर रहे थे। इसी बीच उन्हें टैंको की दूर से आती आवाज सुनायी पड़ी। सी क्यू एम एच अब्दुल हमीद ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पोजीशन ले ली और अपनी ओर आते हुए टैकों को रेंज में आने का इन्तजार करने लगे। जैसे ही दुश्मन के टैंक उनकी रेंज में आये उनकी माउंटेड गन ने आग उगलनी शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से दुश्मन घबरा उठा। देखते ही देखते वह क्षेत्र पैटन टैंकों की कब्रगाह बनने लगा । सी क्यू एम एच अब्दुल हमीद ने अमेरिका निर्मित और अजेय समझे जाने वाले 07 पैटन टैंकों को मिट्टी के खिलौने की तरह ध्वस्त कर दिया।

टैंक चलायमान तारगेट होने के कारण सी क्यू एम एच अब्दुल हमीद को अपनी पोजीशन बदलनी पड़ी। अब उन्हें प्राकृतिक आड़ से निकलकर बाहर आना पड़ा। इससे वे सीधे दुश्मन के निशाने पर आ गये। उनकी जीप पर दुश्मन ने चौतरफा हमला बोल दिया। चौतरफा हमला होने के कारण उन्हें बार बार अपनी पोजीशन बदलनी पड़ रही थी। अकेला होने के बाद भी वे दुश्मन पर भारी पड़ रहे थे। सी क्यू एम एच अब्दुल हमीद ने शत्रु के टैंकों पर गोलीबारी जारी रखी। पोजीशन बदलने के क्रम में वे शत्रु के भारी गोले से घायल हो गये। 1965 के भारत पाकिस्तान के युद्ध के दौरान खेमकरन सेक्टर में असल उताड़ की लडाई में अद्भुत वीरता का परिचय देते हुए सी क्यू एम एच अब्दुल हमीद वीरगति को प्राप्त हुए। सी क्यू एम एच अब्दुल हमीद को वीरता और अदम्य साहस के प्रदर्शन के लिए देश के सर्वोच्च वीरता सम्मान ÷परमवीर चक्र÷ से सम्मानित किया गया। पाकिस्तानी टैंकों की कब्रगाह को देखकर दुनिया के समरतांत्रिक सोच में पड़ गये कि यह कैसे हुआ? यह घटना उस समय के सैन्य इतिहास में एक अजूबा थी। इस बात की गंभीरता का अनुमान आप इस बात से लगा सकते हैं कि अमेरिका को अपने इन टैंकों की दुबारा समीक्षा करवानी पड़ी। सीक्यूएमएच अब्दुल हमीद का जन्म 01 जुलाई 1933 को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के धामूपुर गांव में हुआ था। इनकी माता का नाम सकीना बेगम और पिता का नाम मोहम्मद उस्मान था। वह 27 दिसंबर 1954 को भारतीय सेना में भर्ती हुए और प्रशिक्षण के पश्चात 4 ग्रेनेडियर में पदस्थ हुए। कम उम्र में ही उनका विवाह रशूलन बीबी से हो गया था। 1965 का युद्ध शुरू होने के समय सी क्यू एम एच अब्दुल हमीद अपने गाँव धामपुर अवकाश पर आये हुए थे अचानक उन्हें वापस ड्यूटी पर आने का आदेश मिला, उनकी पत्नी रसूलन बीबी ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन हमीद मुस्कराते हुए बोले - देश के लिए उन्हें जाना ही होगा। सी क्यू एम एच अब्दुल हमीद के परिवार में चार बेटे जैनुल हसन, अली हसन, जैनुद आलम तथा तहत महमूद तथा और एक बेटी नाजबून निंशा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# वो कच्ची सड़क गाँव की

**बिरमा देवी कहती हैं कि बरसात के दिनों में अक्सर उनकी 7 साल की पोती स्कूल नहीं जा पाती है, क्योंकि बारिश से इतना कीचड़ हो जाता है कि बच्चे उसमें फिसल जाते हैं और उनकी स्कूल ड्रेस खराब हो जाती है। इस बार लूणकरणसर में अच्छी बारिश हुई है। ये किसानों के लिए राहत की बात हो सकती है, लेकिन स्कूल जाने वाली मेरी पोती के लिए ये अच्छा नहीं है। वह अगस्त में के पांच दिन ही स्कूल जा सकी है।**

भारत के गाँवों की तस्वीर अक्सर हरे-भरे खेतों, बैलों की गाड़ियों और मिट्टी की खुशबू से सजाई जाती है, लेकिन असली तस्वीर इससे कहीं अलग है। असली संघर्ष उन कच्ची सड़कों से झलकता है, जो गांव वालों की ज़िंदगी को हर दिन कीचड़ और धूल में उलझाए रखती हैं। सड़क किसी भी गाँव की जीवनरेखा होती है, लेकिन कुछ गांवों में यह जीवन रेखा आज भी



नवदीप कौर

अधूरी है। ऐसा ही एक गांव नकोदेसर भी है। राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूंकरणसर ब्लॉक से करीब 33 किमी दूर इस गांव की तस्वीर मैप से नजर आ जाती है, लेकिन यहां सड़क ढूंढने पर भी नजर नहीं आती है। गांव के 70 साल के परसा राम कहते हैं हमारे युवावस्था के समय से आज तक इस गांव की सड़क खराब है। बारिश के दिनों में बाज़ार तक पहुँचने में आधा दिन लग जाता है। गाड़ी कीचड़ में धँस जाती है, किसान के अनाज रास्ते में ही खराब हो जाते हैं। सड़क होती तो ये हाल न होता। वह कहते हैं कि मैंने उम्र भर यही सपना देखा कि हमारी संतानें इन मुश्किलों से मुक्त होंगी, लेकिन हकीकत यह है कि वही मुश्किलें अब भी उनके पोते-पोतियों की जिंदगी में भी जारी हैं। इस दौरान गांव के बच्चों के लिए स्कूल जाना किसी जंग से कम नहीं है। बारिश होते ही रास्ता दलदल में बदल जाता है। 66 साल की बिरमा देवी कहती हैं कि बरसात के दिनों में अक्सर उनकी 7 साल की पोती स्कूल नहीं जा पाती है, क्योंकि बारिश से इतना कीचड़ हो जाता है कि बच्चे उसमें फिसल जाते हैं और उनकी स्कूल ड्रेस खराब हो जाती है। इस बार लूणकरणसर में अच्छी बारिश हुई है। ये किसानों के लिए राहत की बात हो सकती है, लेकिन स्कूल जाने वाली मेरी पोती के लिए ये अच्छा नहीं है। वह अगस्त में के पांच दिन ही स्कूल जा सकी है। सिर्फ वही नहीं, अधिकतर छोटे बच्चों का स्कूल बारिश में छूट जाता है, क्योंकि रास्ता इतना खराब हो जाता है कि बड़े लोग तक उसमें फिसल जाते हैं, फिर बच्चों को कैसे उस रास्ते से स्कूल भेजें? यह कच्चा रास्ता गांव की महिलाओं की ज़िंदगी को भी प्रभावित करता है। बारिश के समय एक तो जलावन के लिए लकड़ी मिलना मुश्किल हो जाता है वहीं दूसरी ओर उसे लाने जाना हो तो कंधे पर बोझ और पैरों के नीचे कीचड़ दोनों से लड़ना पड़ता है।

गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुँचाना तो मानो मौत और ज़िंदगी की बाज़ी खेलने जैसा है। 65 साल की राजों देवी बताती हैं कि कुछ हफ्ते पहले मेरी बहू को प्रसव पीड़ा हुई, तो हमने एमबुलेन्स को फोन किया। वह आया तो लेकिन बारिश की वजह से रास्ते इतने खराब थे कि गांव में घुसते ही गाड़ी कीचड़ में फंस गई और



लाख कोशिश के बावजूद वह निकल नहीं पाई। आखिरकार घर के मर्दों ने मिलकर उसे खाट पर उठाया और सड़क तक ले गए। कीचड़ में फँसते-गिरते तीन घंटे लग गए। तब तक उसका काफी खून बह गया था। बड़ी मुश्किल से माँ और बच्चे की जान बची है। अगर पक्की सड़क होती तो यह कठिनाई नहीं आती। यहाँ स्त्रियों के लिए सड़क सिर्फ़ सुविधा नहीं, बल्कि जीवन और मौत के बीच की दूरी है।

सड़क का न होना केवल आर्थिक विकास की बाधा नहीं है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ भी सवाल है। रात में अगर किसी औरत या लड़की को अस्पताल ले जाना हो, तो अंधेरे में कच्चे रास्ते से होकर जाना बेहद डरावना होता है। कई बार लोग मजबूरी में घर पर ही दवा देकर काम चलाते हैं। गाँव वाले बताते हैं कि कई बार सड़क के लिए नाप-जोख भी हुई, वादे भी किए गए, लेकिन नतीजा आज तक शून्य है। बुजुर्ग कहते हैं हम जानते हैं कि सड़क केवल पत्थर और डामर की बनी हुई लकीर नहीं है, यह बच्चों के स्कूल तक पहुँचने की सीढ़ी है, यह औरतों की सुरक्षा की गारंटी है, यह बीमार के अस्पताल तक पहुँचने का भरोसा है और यह किसानों की मेहनत का पूरा दाम है।

भारत के ग्रामीण इलाक़ों की सड़कों की हक़ीक़त यह है कि हमारे सड़क नेटवर्क का करीब 71 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद इसकी गुणवत्ता अन्य सड़क नेटवर्क से बेहतर नहीं है। केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 बताती है कि ग्रामीण सड़कों की हिस्सेदारी बहुत बड़ी है, पर सतह की गुणवत्ता (पक्कीकरण) में सुधार की जरूरत है। गांव को जोड़ने में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना निर्णायक रही है। लेकिन मार्च 2024 तक सिर्फ़ PMGSY-I ने 1,56,617 बस्तियों को जोड़ते हुए 6,24,187 किमी सड़कें बनवाई हैं। हालांकि मंत्रालय के आधिकारिक ब्योरे यह भी दर्ज करते हैं कि 10 मार्च 2022 तक योजना के सभी घटकों में क़रीब 7 लाख किमी सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका था। यानी पैमाने पर काम हुआ, और इसका असर सीधे रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच पर दिखा। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के अनुसार PMGSY-I के 99 फीसदी और PMGSY-II के 97 फीसदी लक्ष्यों की पूर्ति हो चुकी है, इसके बाद सरकार ने शेष बस्तियों तक पक्की, सर्व-मौसमी सड़कें पहुँचाने के लिए 11 सितंबर 2024 को PMGSY-IV को मंज़ूरी दी जिसके जरिए लगभग 25,000 शेष बस्तियों को जोड़ने के लिए 62,500 किमी नई सड़कों का प्रावधान किया गया। अगस्त 2025 में समय-सीमा को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

अब राजस्थान पर नज़र डालें, जहाँ फैलते रेगिस्तान और लम्बी दूरियों के बीच सड़क ही जीवन-रेखा है। नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि 2024 तक राजस्थान का कुल सड़क नेटवर्क लगभग 3,17,121 किमी आँका गया जिससे राज्य के 39,408 गांव सड़कों से जुड़े बताए गए हैं। यानी भौगोलिक विकटताओं के बावजूद बुनियादी संपर्क स्थापित हो चुका है, पर गुणवत्ता/उन्नयन की ज़रूरत जस की तस है। बात अगर बीकानेर जिला और ख़ासकर लूंकरणसर ब्लॉक की करें तो यहां की रेतीली भूमि, बिखरी आबादी और धाणियों तक पहुँच की चुनौती से बनती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लूंकरणसर तहसील/ब्लॉक में करीब 140 से अधिक गांव दर्ज हैं, यानी सड़क नेटवर्क को बहुत फैले हुए बस्तियों तक पहुँचना होता है।

# 31 साल पुराने दोहरे हत्याकांड में पूर्व विधायक छोटे सिंह दोषी

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** घटना 30 मई 1994 की है। चुर्खी थाना क्षेत्र के विनौरा वैद गांव निवासी रामकुमार ने रिपोर्ट दी थी कि वह अपने भाइयों जगदीश शरण, राजकुमार उर्फ राजा भैया व अन्य परिजनों के साथ घर के बरामदे में बैठा था। इसी दौरान गांव के ही रुद्रपाल सिंह उर्फ लल्ले गुर्जर, राजा सिंह, संतावन सिंह गुर्जर, करन सिंह उर्फ कल्ले सहित कई लोग हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें राजकुमार और जगदीश शरण की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य घायल हो गया था।

जिले में 31 साल पुराने दोहरे हत्याकांड में अदालत का बड़ा फैसला आया। अपर सत्र न्यायालय/ईसी एक्ट कोर्ट ने कालपी क्षेत्र से 2007 से 2012 तक बसपा विधायक रहे और वर्तमान में भाजपा नेता छोटे सिंह चौहान को दोषी

■ कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट



करार दिया है। न्यायालय ने उनकी हाजिरी माफी खारिज करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अब इस मामले में 11 सितंबर को सजा सुनाई जाएगी।

घटना 30 मई 1994 की है। चुर्खी थाना क्षेत्र के विनौरा वैद गांव निवासी रामकुमार ने रिपोर्ट दी थी कि वह अपने भाइयों जगदीश शरण, राजकुमार उर्फ राजा भैया व अन्य परिजनों के साथ घर के बरामदे में बैठा था। इसी दौरान गांव के ही रुद्रपाल सिंह उर्फ लल्ले गुर्जर, राजा सिंह, संतावन सिंह गुर्जर, करन सिंह उर्फ कल्ले सहित कई लोग हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें राजकुमार और जगदीश शरण की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य घायल हो गया था।

पुलिस ने विवेचना में छोटे सिंह चौहान समेत अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए छोटे सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। बाद में 2007 में वह बसपा से कालपी के विधायक भी बने। इस बीच उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिली और राज्यपाल ने केस वापस लेने का आदेश दिया। लेकिन वादी पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां से राज्यपाल का आदेश निरस्त कर दिया गया और मुकदमे की सुनवाई का निर्देश दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हाल ही में उरई में सुनवाई शुरू हुई। सोमवार को न्यायाधीश भारतेंदु ने छोटे सिंह को दोषी करार दिया।

# एडीए का मास्टरस्ट्रोक, अटलपुरम टाउनशिप लांच

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** विकास प्राधिकरण ने 36 वर्षों बाद शहरी विस्तार को नई दिशा देते हुए अटलपुरम टाउनशिप की नींव रखी है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण एवं नये शहर प्रोत्साहन योजनान्तर्गत विकसित की जा रही यह महत्वाकांक्षी परियोजना 138 हेक्टेयर क्षेत्र में आगरा की तस्वीर बदलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच अगस्त को अटलपुरम का शुभारम्भ किया। जबकि आठ अगस्त से आठ सितंबर तक फेस-1 सेक्टर-1 के 322 आवासीय भूखण्डों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी की गई। इस टाउनशिप को लेकर आगरा-वासियों का उत्साह चरम पर रहा। 322 प्लॉट के सापेक्ष 1842 आवेदन प्राप्त हुए। यानी लगभग छह गुना प्रतिस्पर्धा। अब 15 सितंबर को सभी आवेदन पत्रों की त्रुटिसुधार सूची प्राधिकरण कार्यालय की सूचना पट्टिका और वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाएगी। आवेदकों को 22 सितंबर तक सुधार का अवसर मिलेगा। निर्धारित

■ 29 को लाटरी, 322 प्लॉट के लिए आए 1842 आवेदन




अवधि में त्रुटि सुधार न कराने वाले आवेदकों के फार्म स्वतः निरस्त हो जाएंगे और वे लॉटरी प्रक्रिया से बाहर रहेंगे। अंतिम चरण में 29 सितंबर संभावित तिथि को सूरसदन प्रेक्षागृह में लॉटरी ड्रॉ आयोजित होगा। जिसमें भाग्यशाली आवेदकों को उनके सपनों का भूखण्ड आवंटित किया जाएगा।

आगरा विकास प्राधिकरण का यह प्रयास न केवल शहरीकरण की दिशा में बड़ा कदम है। बल्कि शहर-वासियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं देने की दिशा में भी ऐतिहासिक साबित होगा। इस योजना का लाभ लेने वाले केवल आगरा के लोग नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों जिलों के लोग भी रुचि दिखा रहे हैं।

# नैनो यूरिया हमारे वायुमंडल, पर्यावरण को सुरक्षित रखेगा : डॉ प्रहलाद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कृषि विज्ञान केंद्र देवासु पर इफको नैनो यूरीया प्लस एवं नैनो डीएपी आधारित बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक, बसंत कुमार दुबे एवं विशिष्ट अतिथि जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र, डा योगेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक इफको आगरा, डॉ प्रहलाद सिंह, एसके सिंह इफको आगरा, उप क्षेत्र प्रबंधक इफको मथुरा, सतवीर सिंह रहे।

उक्त कार्यक्रम में उप क्षेत्र प्रबंधक इफको मथुरा द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी व केंद्र प्रभारीयो का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उप क्षेत्र प्रबंधक इफको द्वारा सभी आईएफएफडीसी केंद्र प्रभारीयो एवं एग्रीजंक्शन केंद्र प्रभारीयो को नैनो यूरिया व नैनो डीएपी कि आगामी सेल के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने सभी को नैनो यूरिया व नैनो डीएपी की बिक्री बढ़ने को लेकर बात की गई।




■ कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा खाद बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

इसी क्रम में इफको वरिष्ठ प्रबंधक डॉ प्रहलाद सिंह आगरा द्वारा इफको के उत्पादों पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताया गया कि किसानों को दानेदार डीएपी यूरिया के वैकल्पिक उर्वरक जो कि इफको द्वारा नैनो टेक्नोलॉजी से तैयार किए गए इफको नैनो यूरिया, इफको नैनो डीएपी के विषय में विस्तार से जानकारी देकर संतुष्ट करे उसके पश्चात ही किसान को बिक्री करे साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि यह उर्वरक मृदा की सुरक्षा के साथ-साथ हमारे वायुमंडल, पर्यावरण को सुरक्षित रखेगा और विभिन्न प्रकार की बीमारियां हो रही है इसके प्रयोग से उसकी भी रोकथाम होगी इसी के साथ उन्होंने जैव उर्वरक एनपीके कंसोटिया के विषय में बताया कि इसके प्रयोग से किसान जो अपने खेत में खाद डाल रहा है और वह खेत में पड़ा रहता है उसको भी वह अपने प्रयोग में ला सकता है जिसमें उन्होंने बताया कि एनपी कंसोर्टियां में जीवित जीवाणु पाए जाते हैं जो की फास्फोरस एवं नाइट्रोजन की उपलब्धता पौधे को करवाता है। इसी के साथ उन्होंने इफको उत्पादों पर मिलने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी गई।

# विजनरी मेंटर अवार्ड से डॉ राजेंद्र राजपूत सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**गाजीपुर।** गाजीपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और कम्युनिटी मेडिसिन विषय के आचार्य प्रो. डा. राजेंद्र राजपूत को त्रेता युग फाउंडेशन द्वारा शिक्षक दिवस शैक्षणिक योगदान के लिये डॉ एस राधाकृष्णन विजनरी मेंटर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 'राष्ट्रपति पुरस्कार' और 'अमेरिकन एक्सीलेंस अवार्ड इन कम्युनिटी हेल्थ एंड हॉलिस्टिक मेडिसिन' से नवाजे जा चुके डॉ राजेंद्र राजपूत पिछले 25 वर्षों से पूरे भारत और विदेशों में किशोर यौन स्वास्थ, जीवन शैली रोगों, मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन, करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श द्वारा लाखों युवाओं का मार्गदर्शन कर चुकें है। होम्योपैथिक मेडिकल एजुकेशन के अलावा इंटीग्रेटेड मेडिसीन, कम्युनिटी हेल्थ केयर, विकलांगता जांच एवं पहचान सहित विभिन्न परियोजनाओं का सफल संचालन



आप करते हैं। अध्ययन, अध्यापन और शोध कार्य के अलावा साहित्य सृजन और पत्रकारिता में भी आप दखल रखते हैं, आपकी लगभग 10 किताबें, 4शोध ग्रन्थ और विभिन्न विषयों पर आलेख लगातार प्रकाशित होते रहते हैं। आप कम्युनिटी साइकोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडियन एकेडमी ऑफ हेल्थ साइकोलॉजी, इंडियन स्कूल साइकोलॉजी संस्थाओं के प्रवर्तक, डॉ भीमराव अंबेडकर विश्व विद्यालय, आगरा के डीन, राष्ट्रीय होम्योपैथिक आयोग के विषय विशेषज्ञ और मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग, विश्व विद्यालय अनुदान आयोग के प्रशिक्षक भी हैं।

# फर्जी धनगर प्रमाण पत्र का मामला पहुँचा राष्ट्रपति तक

**मथुरा।** पाल बघेल और गडरिया जाति के द्वारा कथित तौर पर धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र का मामला अब राष्ट्रपति के पास तक पहुंच चुका है पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में धनगड अनुसूचित जाति के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल डॉक्टर अंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट के बैनर तले राष्ट्रपति भवन पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति जी को एक वृहद मांग पत्र जिसमें अब तक के जारी शासनादेश और शोध पत्रों की प्रति सौंप कर फर्जी धनगर जाति प्रमाण पत्रों पर रोक लगाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार डॉ आंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेद्र कुमार निगम के नेतृत्व में धागढ़/ धंगड जाति जो अनुसूचित जाति की मिर्जापुर और सोनभद्र में पाई जाती है का प्रतिनिधि मंडल नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में महामहीम राष्ट्रपति द्रोपदी म्रमू से मुलाक़ात कर पत्र के माध्यम से राष्ट्रपति को अवगत कराया।

# यमुना का बढ़ता जलस्तर, आगरा में खतरे की दस्तक

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** यमुना नदी अब अपने पूरे उफान पर है। खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना ताजमहल की दीवार से सटकर बहने लगी है। इस नज़ारे को देखने के लिए आए देशी-विदेशी पर्यटक दंग रह गए। इतिहास में दर्ज 1978 की बाढ़ की तस्वीरें लोगों की आंखों के सामने घूमने लगी हैं। वहीं तटीय बस्तियों में रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में खौफ़ के साए में जी रहे हैं।

ताजमहल परिसर से बहती यमुना की लहरें अब उसकी पिछली दीवार तक पहुंच गई हैं। पर्यटकों के लिए यह एक शानदार और रोमांचक नजारा है। लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह डर की वजह है। लोगों का कहना है कि इस तरह पानी पहले कभी-कभी ही पहुंचता है और अब यमुना का बढ़ा जलस्तर रौद्र रूप दिखा रहा है।



■ 1978 की बाढ़ फिर याद- बुजुर्ग बोले हालात बिगड़ते दिख रहे

**एतमाद-उद-दौला और रेलवे ब्रिज पर असर :** यमुना किनारे स्थित एतमाद-उद-दौला स्मारक की दीवार भी डूबने की कगार पर है। बुजुर्गों ने बताया कि स्मारक की नींव तक पानी आ चुका है। रेलवे ब्रिज के पिलर भी लगभग पानी में डूब चुके हैं। केवल ऊपरी हिस्से ही दिखाई दे रहे हैं। तेज़ बहाव के चलते पुल के नीचे का रास्ता ठप है।

### यमुना आरती पॉइंट बंद

नदी किनारे रोज़ शाम होने वाली यमुना आरती को रोक दिया गया है। आरती स्थल को बंद कर दिया गया है और पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। लोगों को यहां पहुंचने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग भी कराई गई है।

### क्षेत्रीय लोगों की परेशानी

नदी किनारे रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मदीना नाम की महिला ने बताया कि गलियों में पानी भरने का खतरा मंडरा रहा है। नालियां उल्टा बहने लगी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### काव्य गोष्ठी : साहित्य और संवेदनाओं का संगम



**बिलग्राम, हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** बिलग्राम में साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. आर.के. मिश्रा के सम्मान में एसडी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. कपिल देव त्रिपाठी के आवास पर हुआ। आयोजन ने नगर की साहित्यिक चेतना को नई ऊर्जा दी। मुख्य अतिथि हरदोई मेडिकल कॉलेज की सर्जन डॉ. सुप्रिया तिवारी ने कवियों की रचनाओं की प्रशंसा की। गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। दिव निशेष विक्रम ने सामने से यहाँ हो भला मौन क्यों से माहौल जीवंत किया। कमर बिलग्रामी की पंक्तियों यूँ ही रुसवाइयाँ मिलती न तुम्हें दुनिया में ने जीवन की सच्चाइयाँ उजागर कीं। संचालक असगर बिलग्रामी ने उन्हें खौफ रुसवाई का सता रहा है असगर से सभी को प्रभावित किया। हुजूर बिलग्रामी ने रूह इंसान की हरकात से शरमाती है से संवेदनाएँ जगाईं।

### आगरा में टीटीई का बायोमेट्रिक साइन ऑन शुरू

**आगरा (अवधनामा संवाददाता)।** मंडल में यात्री सेवाओं को पारदर्शी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। अब टीटीई स्टाफ ड्यूटी पर आने और समाप्त करने के लिए बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करेंगे। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के मार्गदर्शन में यह प्रणाली आगरा छावनी, आगरा फोर्ट, ईदगाह जं. और मथुरा जं. स्टेशन स्थित टीटीई लॉबी



में लागू की गई है। इससे पारंपरिक रजिस्टर पद्धति की जगह डिजिटल सिस्टम का उपयोग होगा। बायोमेट्रिक उपस्थिति से मानवीय त्रुटि की संभावना समाप्त होगी। और वास्तविक समय में ड्यूटी का रिकॉर्ड उपलब्ध होगा।

### भीम आर्मी के मंडल संयोजक हेमेंद्र का किया स्वागत



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा, सर्व सहमति से भीम आर्मी के प्रदेश पदाधिकरियों द्वारा आगरा मंडल का संयोजक भाई हेमेंद्र कुमार को बनाए जाने के उपरांत प्रथम बार मथुरा आगमन पर समता फाऊंडेशन कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर भव्य स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन के साथ गगन भेदी नारे लगाकर, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर भव्य तरीके से स्वागत विवेक कुमार एडवोकेट के नेतृत्व किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त भीम आर्मी आगरा मंडल संयोजक हेमेंद्र कुमार जी ने कहा वर्तमान समय में संपूर्ण भारतवासियों को मिलकर बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए भीम आर्मी बाढ़ पीड़ितों को राहत अभियान चलाकर हर संभव मदद करेगी।

### ट्रांसफार्मर से करेंट लगने से एक गौवंश की मौत

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** बिजली विभाग के लापरवाही से लगातार हो रही गायों की मृत्यु हो रही है। विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नगर में ज्यादातर ट्रांसफार्मर खुले में रखें हुये हैं। जिससे वह दुर्घटनाओ को आमंत्रण दे रहे हैं।आये दिन बिजली के करेंट से गौवंश की मौत हो रही है। मुहल्ला मुरली मनोहर अस्पताल के सामने एक नंदी को करंट लग गया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी।

# सर्विलांस ने चोरी व गुम हुए 360 मोबाइल फोन किए बरामद, लोगों को सौंपे

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** करीब दो वर्ष में जिले के विभिन्न थानों से चोरी व गुम हुए 360 मोबाइल फोन सर्विलांस की टीम ने बरामद करने में सफलता हासिल की है। इनकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई गई है।

मोबाइल फोन संबंधित को बुलाकर पुलिस लाइन में उनके सिपुर्द कर दिए। पुलिस की अब तक की ये सबसे बड़ी कार्रवाई है। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खुश नजर आए। एसएसपी ने अपराधियों को संदेश देते हुए कहा कि छोटे अपराधों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकते, पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। करीब दो वर्ष के अंतराल में जिले में चोरी व गुम हुए 360 मोबाइलों को पुलिस ने ढूंढ निकाला है। मंगलवार दोपहर एक बजे पुलिस लाइन स्थित विचार-विमर्श सभागार में एसएसपी श्लोक कुमार ने लोगों व श्रद्धालुओं को बुलाकर उनके गुम हुए



मोबाइल वापस लौटाए। एसएसपी ने बताया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए 360 मोबाइल बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। बरामद मोबाइल फोन उनके असली स्वामियों के सिपुर्द कर दिए गए हैं। अन्य राज्यों के मोबाइल स्वामियों को उनके फोन कोरियर के माध्यम से भेजे जाएंगे।

जिले में मोबाइल बरामद करने की अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। करीब दो वर्ष पूर्व लापता हुए मोबाइल की लोगों ने उम्मीद खो दी थी। लेकिन, एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश में तकनीकी निगरानी और सर्विलांस का इस्तेमाल मोबाइल बरामद किए गए। एसएसपी ने कहा कि मोबाइल चोरी और गुमशुदगी जैसे अपराधों को अक्सर छोटा अपराध समझकर नजर अंदाज किया जाता रहा है। लेकिन अब किसी भी अपराध को हल्के में नहीं लिया जाएगा। जिले के 11 थाना क्षेत्रों से बरामद किए गए मोबाइलों में सबसे अधिक वृंदावन थाने से 107 मोबाइल बरामद हुए हैं। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि गोवर्धन से 35, महावन से 30, सुरीर से 40, कोतवाली 10, हाईवे 25, नौहझील 20, नौहझील 15 सदर से 23 और जैंत थाने से 10 चोरी व गुम हुए मोबाइल बरामद किए गए हैं।

# बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाई

**मथुरा।** गरीब एकता दल द्वारा वृंदावन में यमुना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत सामग्री का वितरण किया। दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बाढ़ क्षेत्र में खाने पीने की आवश्यक वस्तुएं, दवा आदि राहत सामग्री स्टीमर के माध्यम से करीब सैंकडों घरों तक पहुंचाई गई। गरीब एकता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक महाजन एडवोकेट ने कहा कि इस संकट की घड़ी में में सभी को बाढ़ पीड़ितों का साथ देना चाहिए और सभी संस्थाएं दे भी रही हैं जो लोग घरों में बंद है उन्हें पानी दूध जैसी चीजों का अभाव है। गरीब एकता दल के सलाहकार एवं पार्षद घनश्याम चौधरी ने कहा की गरीब एकता दल निरंतर लोगों की सेवा में तत्पर है गरीब एकता दल बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक वस्तुएं पहुंचाई जाएगी। राष्ट्रीय महासचिव गोपाल शर्मा और नगर अध्यक्ष गोविंद गोस्वामी ने कहा कि हम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर वस्तुएं पहुंचने का कार्य पूरे तन मन धन से किया जाएगा।

# प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर तत्काल कार्रवाई की जाए : एसपी



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जनपद हरदोई में आज का दिन आम जनता की फरियादों के नाम रहा। पुलिस अधीक्षक हरदोई व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कुल 163 शिकायतों को सुना गया। सुबह से ही जिला पुलिस कार्यालय में फरियादी पहुँचने लगे थे। महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएँ सामने रखीं। ज़्यादातर शिकायतें जमीन-जायदाद विवाद, पारिवारिक कलह, आपसी रंजिश, पुलिस कार्रवाई में देरी, साइबर अपराध और महिलाओं से जुड़ी समस्याओं से संबंधित थीं। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को साफ शब्दों में निर्देश दिए प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर तत्काल और प्रभावी कार्यवाही की जाए। किसी भी शिकायतकर्ता को न्याय पाने के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने चेताया कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में पहुँचे फरियादियों ने बताया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों ने समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई। महिला फरियादियों ने कहा कि पुलिस अधीक्षक से सीधे मिलकर अपनी बात कहना उनके लिए राहत भरा रहा।

# बाढ़ का असर, 17 विद्यालयों का स्टाफ अन्य में स्थानांतरित

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम हरदोई।** बिलग्राम विकासखंड में नदियों के जल स्तर में वृद्धि के कारण कई विद्यालयों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही संपर्क मार्ग भी जलमग्न होने से छात्रों और शिक्षकों की स्कूलों में उपस्थिति संभव नहीं हो पा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए खंड शिक्षा अधिकारी, गिरिजेश कटियार ने प्रभावित विद्यालयों के स्टाफ को वैकल्पिक स्कूलों में शिक्षण कार्य जारी रखने के निर्देश दिए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हरदोई को प्रेषित पत्र के अनुसार, जलभराव से प्रभावित 10 विद्यालयों के स्टाफ को अन्य स्कूलों में स्थानांतरित किया गया है। इनमें छिबरामऊ, सढ़ियापुर, भोगैतापुर, हसनापुर और परसोला न्यायपंचायतों के विद्यालय शामिल हैं। उदाहरण के लिए, संवि पैंदापुर को प्रावि दीवालीपुरवा, संवि जरसेनामऊ को प्रावि जलालपुर, और




उप्रावि अतर्छा बुजुर्ग को प्रावि अतर्छा बुजुर्ग में स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, 20 अगस्त को जलभराव के कारण बंद किए गए सात अन्य विद्यालयों के स्टाफ को भी वैकल्पिक स्कूलों में शिक्षण कार्य के लिए निर्देशित किया गया है। इनमें सढ़ियापुर और छिबरामऊ न्यायपंचायतों के विद्यालय शामिल हैं, जैसे प्रावि पुन्नापुरवा को प्रावि बाण और प्रावि चिरंजूपुरवा को संवि जरसेनामऊ में स्थानांतरित किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी गिरिजेश कटियार ने निर्देश दिए हैं कि जलभराव की स्थिति सामान्य होने तक सभी प्रभावित विद्यालयों के स्टाफ वैकल्पिक स्कूलों में शिक्षण कार्य सुनिश्चित करें। यह कदम बच्चों की शिक्षा को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए उठाया गया है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष व विधायक ने बांटी राशन सामग्री

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघशाम सिंह ने ग्राम नगला खारी में जलभराव से प्रभावित किसानों को राशन सामग्री वितरित की और उनकी समस्याओं को सुना तथा हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और गोवर्धन उपजिलाधिकारी प्राजक्ता त्रिपाठी से पीड़ित किसानों और ग्रामीणों के बारे में जानकारी ली।

राशन सामग्री वितरित कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मौजूद किसान और ग्रामीणों से कहा उनके नुकसान के लिए प्रशासन सर्वे कर रहा है और उनका प्रयास होगा कि लोगों को समय रहते पर्याप्त मदद मिल पाये। उन्होंने ग्रामीणों से जलभराव और बाढ़ से हुए नुकसान की भी जानकारी ली और कहा कि अगर लेखपाल जांच में कोई हीलाहवाली करें तो इसकी सूचना उन्हें दी जाये ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

# कांग्रेसियों ने प्रियंका रसोई के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई खाद्य सामग्री

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर नेतृत्व में आज मांट विधानसभा के नौझील ब्लॉक के गांव छिनपराई, मुखदमपुर, दौलतपुर, बसाऊं, मंगलखोह, अड्डा मल्लहा, फिरोजपुर, आदि गांव में बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरण की गई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर के द्वारा जनपद मथुरा में यमुना के बाढ़ पीड़ितों के प्रियंका रसोई में कांग्रेसी कार्यकर्ता खाद्य सामग्री को बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उनके द्वारा पूरे जिले में खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर पहली बार इस प्रकार का नजारा देखने को मिला। पूरा कांग्रेस कार्यालय रसोई घर में तब्दील हो गया है। कांग्रेसी कार्यकर्ता खाद्य सामग्री को पैकेट में डालते नजर आ रहे हैं। खाद्य सामग्री को पैकेट में



बंद करके कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा यमुना किनारे के उन क्षेत्रों तक पहुंचा जा रहा है जहां पर बाढ़ से पीड़ित लोग मौजूद थे यह काम कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में किया जा रहा है। बीते 8 सितंबर 2025 को जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर के द्वारा प्रियंका गांधी रसोई का शुभारंभ कर दिया गया और जन-जन तक यह संदेश पहुंचाया गया की बाढ़ पीड़ितों के साथ कांग्रेस कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी है उन्होंने कहा कि जनपद के किसी भी व्यक्ति की पीड़ा उनकी खुद की पीड़ा है बाढ़ पीड़ितों को वह किसी प्रकार से भूखा नहीं सोने देंगे। जहां-जहां यमुना का पानी पहुंचा है और लोगों के पास खाने के लिए कुछ भी नहीं बचा है वहां पर कांग्रेस का कार्यकर्ता पहुंचेगी और उनको खाद्य सामग्री वितरण कराएगा जब तक उनके खाने-पीने की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक कांग्रेसी उनको खाद्य सामग्री वितरण करते रहेंगे चाहे उसके लिए उन्हें भीख मांग करके खाद्य सामग्री जुटाना पड़े तो वह भी उन्हें मंजूर है। मुकेश धनगर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दुखी मजदूर पीड़ित वर्ग के साथ रही है और आज जब उन पर संकट है तब हम आखरी सांस तक उनकी सेवा करेंगे सेवा का कार्य ही कांग्रेस का धर्म है। जिला अध्यक्ष ने कहा जो ऐसे लोग हो जिनके पास खाद्य सामग्री नहीं पहुंच रही हो वह सूचित करें कांग्रेसी कार्यकर्ता वहां खाद्य सामग्री लेकर पहुंचेगा।

# दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क बांटी शिक्षण सामग्री




अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** नगर के राय कॉलोनी स्टेशन रोड स्थित मूक -वधिर एवं अंध विद्यालय में राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सामाजिक संगठन साहित्य उन्नयन संघ के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप कुमार चौहान बागी द्वारा दिव्यांग बच्चों में कॉपी - कलम का निःशुल्क वितरण किया गया। बागी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मेरी अगुवाई में संस्था द्वारा अभी तक विभिन्न जनपदों के लगभग आठ हजार एक सौ पच्चीस जरूरतमंद बच्चों में किताब, कॉपी, कलम एवं अन्य सामग्री का निःशुल्क विवरण किया जा चुका है। एक लाख बच्चों में उक्त सामग्री के वितरण का निर्धारित लक्ष्य है जिसको पूरा करने के लिए हम वचनबद्ध हैं।

इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक श्री मृगेंद्र राय, प्रधानाध्यापिका अर्चना राय, विद्यालय के शिक्षकों में प्रीति, चंदा, ज्योति, मनीष कुमार, मुकेश कुमार एवं कुमारी नंदिनी साहित कई वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा की ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है : राजीव ठाकुर

■ पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ तय की विधानसभा चुनाव में सफलता की रणनीति



रामगंज भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते राजीव ठाकुर

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने रामगंज स्थित कार्यालय पर बैठक कर बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और जनता तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने की रणनीति बनाई।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित पूर्व राज्यमंत्री/छिबरामऊ विद्यायक अर्चना पाण्डेय के कार्यालय पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर नें बैठक में विधान सभावार समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है, इसलिए प्रत्येक बूथ पर समिति सक्रिय रहेगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर संपर्क अभियान चलाने, लाभार्थियों से संवाद करने और पार्टी की योजनाओं व उपलब्धियों को बताने का निर्देश दिया गया। उन्होनें कहा कि विपक्ष भले ही चुनावी वादों और गुमराह करने की राजनीति कर रहा है, लेकिन भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के विकास और जनहित के कार्य किए हैं। इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे जनता के बीच जाकर योजनाओं की सही जानकारी दें और अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ें। बैठक में उन्होनें सोशल मीडिया को भी चुनावी प्रचार का अहम हथियार बताते हुए हर कार्यकर्ता को डिजिटल माध्यमों पर सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस दौरान भूरा सक्सेना, सुधीर शर्मा, सौरभ ठाकुर, प्रदीप भदौरिया, आनन्द राठौर, पवन पाण्डेय, दुर्गेश पाल, रिंकू पाठक, प्रवल प्रताप पाल, अंशू ठाकुर, बकील दिवाकर, अबधेश वर्मा, राहुल राठौर, रानू ठाकुर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा छाप मार कार्रवाई

**अवधनामा संवाददाता**

**हजोई/संभल।** जिलाधिकारी निर्देशानुसार खाद्य/पेय पदार्थो में मिलावट पर प्रभावी कार्यवाही हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा इस्लामनगर रोड, बहजोई स्थित मै0 काजल एजेन्सीज पर छापामार कार्यवाही की गयी। मौके पर मंगलदीप ब्राण्ड बटर मारग्रीन ब्लैण्ड खाद्य पदार्थ की 128 पेटी भण्डारित पायी गयीं जिसमें मिलावट का सन्देह होने पर नमूना संग्रहित कर हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। मै0 काजल एजेन्सीज को केवल फैट एवं आयल के विक्रय हेतु खाद्य लाइसेंस प्राप्त था जबकि मौके पर उनके द्वारा विभिन्न प्रकार की दालें] चावल, मैदा आदि विक्रय हेतु भण्डारित पाये गये जो कि नियमविरुद्ध है जिनके विक्रय पर लाइसेंस प्राप्त किए जाने/अग्रिम आदेशों तक तत्काल रोक लगायी गयी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा



एवं मानक अधिनियम-2006, नियम व विनियम-2011 के अन्तर्गत वांछनीय अभिलेख यथा-कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस, पेस्ट कण्ट्रोल सर्टिफिकेट, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट आदि प्रस्तुत नहीं किये गये तथा साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं पायी गयी जिस हेतु फर्म को धारा-32 के अन्तर्गत नोटिस जारी किया गया है जिसका अनुपालन न करने पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी.

# परियर में विकराल हुई गंगा की बाढ़

**उन्नाव।** सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। उन्नाव कानपुर को जोड़ने वाला परियर-बिठूर सड़क पर पानी कई जगह एक से दो फिट तक भर गया है। अगर ऐसे ही बढ़ता रहा पानी तो जल्द ही उन्नाव कानपुर को जोड़ने वाला परियर-बिठूर मार्ग प्रभावित होगा। गंगा नदी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जिससे क्षेत्र के एक दर्जन गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। जिससे आवागमन का एक मात्र साधन नाव है। प्रभावित गांवों में मानाबांग्ला, ललतूपुरवा, महानंदा पुरवा, टपरा, अतरी, बहरौला, पनपथा, जुड़ापुरवा, बाबूबंगला और वंदनपुरवा शामिल हैं। लेखपाल संघ के अध्यक्ष दीपचंद्र ने बताया कि बाढ़ का पानी पहले से अधिक हो गया है। राहत और बचाव कार्यों के लिए कटरी क्षेत्र में सभी नावें तैनात हैं। स्थानीय लोग ऊंचे स्थानों और बाढ़ राहत शिविरों में शरण ले रहे है।

# सपा की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

■ जिलाध्यक्ष ने अधिक से अधिक पीडीए पंचायतें करने के दिये निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रुप से संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक पीडीए जन पंचायतों के आयोजन कराने एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित कराने पर विशेष स्तर पर चर्चा हुई।

श्री यादव ने उपस्थित सभी नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का एक-एक पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में पार्टी को और भी सशक्त बनाने तथा और भी लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए पीडीए पंचायत का आयोजन कराएगा। हम सभी को एकजुट होकर प्रत्येक विधानसभा के एक-एक बूथ को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध होना है और मजबूती के साथ काम करना है हमारा संगठन जितना अधिक एकजुट और सक्रिय होगा हम उतना ही आगे बढ़ेंगे। बैठक में पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव सुन्दरलाल लोधी, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, पूर्व एमएलसी अरुण शंकर शुक्ला, पूर्व विधायक बदलू ख़ान, पूर्व विधायक कृपाशंकर सिंह, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना अल्वी, पूर्व प्रत्याशी अंकित परिहार, पूर्व प्रत्याशी डॉ0 आंचल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, शिवशंकर वर्मा, हाजी सैय्यद इरफान, नरेंद्र लोधी, साधु यादव, बितेन्द्र यादव, रमेश रावत, फ्रंटल संगठन के अध्यक्षगण अंकित यादव, राहुल अग्निहोत्री, लकी यादव, राहुल गौतम, विधानसभा अध्यक्षगण मनीष सैनी, ओमप्रकाश पासवान, अशोक सिंह गुड्डू, मकसूद अली, रामपाल कुशवाहा, रामकिशन लोधी, सुजाउर्रहमान, नगर अध्यक्ष पंकज लोधी, नियाज ख़ान, सैफख़ान, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, प्रेम यादव, सलीमुर्रहमान, आलोक त्रिपाठी, मुकेश रावत, अजय यादव, छोटेलाल भारतीय आदि पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री हेमंत पाल ने किया।

# मुख्य आरक्षियों ने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन किया है



**अवधनामा संवाददाता**

■ ट्रेफिक कमाण्ड सेंटर में स्थानान्तरित मुख्य आरक्षियों को दी गई यादगार विदाई

**कन्नौज।** यातायात पुलिस विभाग में तैनात तीन मुख्य आरक्षियों का स्थानांतरण होनें पर पुलिस लाइन ट्रेफिक कमाण्ड सेंटर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों व सहकर्मियों ने उन्हें यादगार विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंगलवार को आयोजित बिदाई समारोह में यातायात निरीक्षक रविशंकर त्रिपाठी, यातायात उपनिरीक्षक आफाक खॉ, अरशद अली नें गैर जनपदों में स्थानान्तरित हुये मुख्य आरक्षियों विजय बाबू, राजेन्द्र कुमार, नवदीप यादव को फूल मालायें पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करनें के उपरान्त कहा कि मुख्य आरक्षियों ने अपनी सेवाकाल के दौरान विभागीय दायित्वों का निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और ईमानदारी से निर्वहन किया। वे हमेशा अनुशासनप्रिय रहे और सहकर्मियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे। यातायात व्यवस्था संभालने में उनका योगदान सराहनीय रहा। वहीं सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए पलों को याद कर भावुकता व्यक्त की। इस दौरान यातायात सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# खण्ड शिक्षाधिकारी से भिड़ना शिक्षक को पड़ा मंहगा, निलम्बित

**उन्नाव।** बीआरसी मुख्यालय असोहा पर संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष के आने की सूचना के बाद खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधान शिक्षक अनंत नारायण दीक्षित से विद्यालय की साफ सफाई को लेकर पूंछा। जिसको लेकर अनंत नारायण दीक्षित की खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह से बहस होने लगी। जिसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही बीएसए को मामले की जानकारी देते हुए पत्र भेजा। खंड शिक्षा अधिकारी के पत्र के बाद बीएसए संगीता सिंह ने तत्काल प्रधान शिक्षक अनंत नारायण दीक्षित को निलंबित कर दिया। साथ ही नवाबगंज ब्लाक से संबद्ध करते हुए बांगरमऊ खंड शिक्षा अधिकारी को जांच सौंपी है। वही पुलिस ने अनंत नारायण दीक्षित को थाने बुलाकर पूंछताछ के बाद छोड़ दिया। वही इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# अनूरागिनी संस्था द्वारा स्कूली बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजन

■ मुथूट फाइनेंस की पहल पर सैकड़ों बच्चों को प्रदान कियेगये स्कूल बैग

**अवधनामा संवाददाता**




**उरई (जालौन)।** सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनी प्राथमिकता मानते हुए मुथूट फाइनेंस ने एक महत्वपूर्ण सी.एस.आर पहल के तहत जनपद के विकासखंड महेवा के ग्राम मुसमरिया स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों को स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन करवाया। यह कार्यक्रम अनूरागिनी संस्था द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षा के प्रति बच्चों में उत्साह बढ़ाना और उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान करना था।

इस अवसर पर मुथूट फाइनेंस के वरिष्ठ सी.एस.आर. अधिकारी दिलीप आर्या,उरई शाखा प्रबंधक रौनक संस्था ,अनूरागिनी संस्था अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि दिलीप आर्या ने कहा कि शिक्षा ही समाज का सबसे सशक्त स्तंभ है। विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देना समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य है। उन्होंने आगे कहा, ÷मुथूट फाइनेंस हमेशा समाज की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी बच्चों को समुचित शिक्षा प्राप्त हो, जिससे वे अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। आज के इस कार्यक्रम में हम गर्व महसूस कर रहे हैं कि हम छात्र छात्राओं को उनके शिक्षा के सफर में सहायता प्रदान कर पा रहे हैं।

अनूरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक छात्र छात्राओं का मूल अधिकार है। इसके बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र छात्राओं की आवश्यक शिक्षा और संसाधन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी छात्र छात्राओं बिना किसी आर्थिक बाधा के शिक्षा ग्रहण करें और अपने सपनों को साकार करें। हम मुथूट फाइनेंस के सहयोग से इस मिशन को और आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। अनूरागिनी संस्था के राम कुमार सिंह जादौन ने बताया कि इस पहल के तहत प्राथमिकता विशेष रूप से छात्र छात्राओं को दी गई ताकि समाज में उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके। संस्था के प्रयास से विद्यालय की सभी छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण स्कूल बैग वितरित किए गए, जिससे उनका स्कूल आने-जाने और अध्ययन सामग्री का सुगम ढंग से वहन करना संभव हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### घरो में घुसा बाढ़ का पानी, ग्रामीण परेशान

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा बांगरमऊ क्षेत्र में गंगा के रौद्र रूप से बाढ़ का पानी लोगों के घरो में घुस गया। जिसकी वजह से ग्रामीणों को दिक्कतें हो रही है। समाजसेवक बाढ से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांट रहे है। बांगरमऊ क्षेत्र की रहने वाली पूर्व गृहमंत्री की पुत्री कांग्रेसी नेता आरती बाजपेई ने आज बढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित कर उनके हाल-चाल लिए। आज कांग्रेसी नेत्री ने गढ़ेवा, कुंसी, जगत नगर और मेला आलमशाह सहित कई गांवों का दौरा कर पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि वह जल्द ही प्रशासन से मिलकर अतिरिक्त सहायता दिलाने का प्रयास करेंगी। इस दौरान उनकी पुत्री विदुषी बाजपेई, कांग्रेस किसान संगठन के जिला अध्यक्ष अतुल शुक्ला, महेंद्र कुमार मिश्रा और अनुज द्विवेदी भी साथ मौजूद रहे।

### पांच पर चोरी का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** माखी थाना क्षेत्र के जुनैदपुर गांव निवासी गुड्डी पत्नी देशराज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि गुरुवार को गांव निवासी शनि पुत्र जयशंकर, मालती पत्नी जयशंकर, जयशंकर, सचिन निवासी कोटरा और एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर पांच हजार रुपये की नगदी कपड़े और अनाज चोरी कर ले गए। रविवार को आनाज बोरी में भर रहा था जिसकी पहचान कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पति पत्नी पुत्र सहित पांच लोगों के खिलाफ चोरी का मुकद्दमा दर्ज कर आरोपितों को हिरासत में ले लिया। इस सम्बंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी मोहनलाल का कहना है कि पीडिता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित बाइक फिसलने से दम्पति घायल

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार सफीपुर मोड पर कुत्ते से टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से दम्पति घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि पति का इलाज चल रहा है। सफीपुर कस्बा निवासी रामकिशोर सोमवार पत्नी सुनीला के साथ मियागंज किसी काम से आया था जहां से दोपहर दोनों वापस लौट रहे थे। इसी बीच मियागंज कस्बा के पास सफीपुर मार्ग पर मुडते ही अचानक कुत्ता सामने आ गया जिससे टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से पति-पत्नी घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों ने इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने पत्नी की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गुम हुये एक दर्जन मोबाइलों को पुलिस ने किया बरामद

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने एक दर्जन गुम हुए मोबाइलों को बरामद कर सभी मोबाइल धारकों को सौपे। मोबाइल पाकर सभी मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान दौड़ गई।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत सीओ शैलेंद्र बाजपेई के निर्देशन पर कोतवाल अजय ब्रह्मा तिवारी अतिरिक्त इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद दुबे के कुशल नेतृत्व में कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद सचान द्वारा गुम हुए एक दर्जन मोबाइलों को बरामद किया गया, जिनकी कीमत लगभग 1लाख 75हजार 500 थी। सभी मोबाइल धारकों को कोतवाली बुलाकर उनके मोबाइल सौंपे गए। गुम मोबाइल पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान दौड़ गई।

# भाजपा में सबका साथ सबका विकास, अन्य दलो में परिवारवाद: अपर्णा

■ पीडीए के नाम पर भ्रम फैलाकर परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे क्षेत्रीय दल

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** सोमवार को 1 बजे ब्लाक मुख्यालय पर कुटीवीर बाबा सेवा संस्थान के तहत आयोजित पौध वितरण व सेवानिवृत्त अध्यापकों के सम्मान समारोह में राज्य महिला आयोग की प्रदेश उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शामिल हुई।

इस अवसर पर श्रीमती यादव ने कहा कि 2021 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया था जिसके बाद से लगातार पौधे लगाये जा रहे है। प्रदेश सरकार भी लगातार पौधरोपण करा रही है। 2025 में प्रदेश सरकार ने 36 करोड़ पौधरोपण कराया। अपर्णा ने कहा भाजपा सरकार में महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है। दिल्ली की सीएम महिला है और अन्य प्रदेशों में भी अब महिलाओ को मौका मिलेगा। भाजपा नेता संजय शुक्ल के आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए अपर्णा यादव ने पीडीए के जवाब में कहा अगर भाजपा जाति धर्म देखती तो केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री यादव नहीं होते। उन्होंने कहा विपक्षी पार्टियां परिवाद कर रही है। उन्हीं के घर के ही अध्यक्ष और सीएम बनते है। राज्य में महिलाओ पर अत्याचार कम हुए है। अब रात में महिलायें निकलने में डरती नहीं है। यादव ने उपस्थित लोगो से संस्कृत भाषा को जरूर पढ़ने की बात कही। साथ ही कहा भारत के हर कोने मे संस्कृत के श्लोक एक ही रहते है। ब्लॉक सभागर में एक सैकड़ा सेवानिवृत्त अध्यापक, वरिष्ठजन, प्रभुद्धजनों को पौधा तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले असोहा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंची और बच्चों को सरकार द्वारा दिये जा रहे पुष्टाहार आदि की जानकारी ली। इसके बाद अपर्णा यादव कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय पहुंची जहां बच्चों से पढ़ाई और रहन-सहन के विषय में जानकारी ली।

यहां पर अपर्णा यादव ने 6 छात्राओं के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे केक काटकर जन्मदिन मनवाया। आयोजक संजय शुक्ला ने अपर्णा यादव को अंगवस्त्र भेंट कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीपीओ अजय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगाप्रसाद, सरोज सिंह, मनोज निगम, रामभरोसे रावत, राजेन्द्र पाल, देवीप्रसाद शुक्ल, गुरुप्रसाद, रामनरेश लोधी, वाणीकांत द्विवेदी, रोहित अवस्थी, राजेन्द्र पाल, रविशंकर शुक्ल, आनन्द मोहन शुक्ल, राजकिशोर त्रिवेदी, रामू मिश्रा, गणेश शंकर, अंकित दुबे, संजू शुक्ल, मोहित शुक्ल, सुनील रावत, त्रिभुवन, भगवती यादव, फिरोज अहमद, रामू कश्यप सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर की तैयारी

**उन्नाव।** जिला कार्यालय पर आगामी 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर युवा मोर्चा के नेतृत्व मे होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारी को लेकर जिला बैठक संपन्न हुई। जिसमे मुख्य वक्ता के नाते भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी जिला महामंत्री/युवा मोर्चा प्रभारी प्रवीण सिंह नूतन जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी श्रमिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक/रक्तदान अभियान प्रभारी नवीन सिंह ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ योजना रचना बनाई। इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विवेक तिवारी निवर्तमान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ललित द्विवेदी आजाद, युवा मोर्चा जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह अंकित यादव, जिला उपाध्यक्ष रीतेश चौहान धनुहीखेड़ा मण्डल अध्यक्ष अनुराग अवस्थी पूर्व नगर अध्यक्ष विनय सिंह हितेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# नाम पता बदल कर परीक्षा दे रहा है मुन्ना भाई पकड़ा गया

**अवधनामा संवाददाता**

■ जालौन बालिका इंटर कॉलेज में दे रहा था परीक्षा

**उरई (जालौन)।** पीईटी की परीक्षा दे रहे एक मुन्ना भाई को बायोमेटिक चेकिंग के दौरान सचल दल द्वारा पकड़ा गया।स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने उसके खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर लिखवाई रिपोर्ट पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

पीईटी परीक्षा के दूसरे दिन दूसरी पाली में सचल दल द्वारा परीक्षार्थियो की चेकिंग की जा रही थी। जब सचल दल ने बायोमेट्रिक तरह से चेकिंग की तो उसे संदेह हुआ और फिर उसके रिकार्डो को खंगाला तो पूरी परतें खुलती गयीं। तभी वहां तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट धीरज सचान को बुलाया गया और पूरी जानकारी दी गयी। स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने ऐसे परीक्षार्थी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी।पकड़े गये आरोपी दूसरे की परीक्षा दे रहा था।जो अपना नाम पता बदल कर परीक्षा में बैठा था।स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने लिखित रुप से ऐसे मुन्ना भाई के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया।उन्होंने पत्र देते हुये बताया कि पीईटी परीक्षा के लिये बालिका इंटर कालेज जालौन में बने परीक्षा केंद्र की दूसरे दिन दूसरी पाली तीन से पांच बजे वाली में आनन्द कुमार नाम के परीक्षार्थी के नाम पर अजीत पुत्र राम प्यारे निवासी थरबई कुरमयान पोस्ट थरबई पुण्डिला फाफामऊ प्रयागराज जालौन में बालिका इंटर कॉलेज में नाम पता बदल कर परीक्षा दे रहा था।उक्त आरोपी आन्नद कुमार के नाम पहले कानपुर में भी बीडीओ की परीक्षा में सम्मिलित हो चुका है। जो दुवारा नाम पता बदल कर परीक्षा में बैठा था। पुलिस ने लिखित शिकायती पत्र लेकर मामला दर्ज कर आरोपी मुन्ना भाई को पकड़ कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुये उसे न्यायालय में पेश किया।

# जिलाधिकारी ने बैंकर्स को लगाई फटकार

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त बैंकर्स को रोजगारपरक योजनाओं में ढिलाई बरतने पर कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान जमा-ऋण अनुपात, वार्षिक ऋण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP), मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, पीएमएफएमई, कृषक अवस्थापन निधि, एनपीए खातों की स्थिति और आरसेटी की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनपद का जमा-ऋण अनुपात बेहद खराब है और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में ऋण वितरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत जिले में अब तक 1195 आवेदन हुए, जिनमें से केवल 380 स्वीकृत हुए जबकि 571 आवेदन निरस्त कर दिए गए।

# विकसित उ.प्र.समर्थ उ.प्र.2047 अभियान

■ चिकित्सक बहुत ही महत्वपूर्ण जगह पर है

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** विकसित उ.प्र.समर्थ उ.प्र. 2047 अभियान के अंतर्गत आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पी0सी0 श्रीवास्तव एवं आशीष अस्थाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के एम0बी0बी0एस0 बैच के छात्र-छात्राओं द्वारा विकसित उ0प्र0समर्थ उ0प्र0 2047 अभियान के तहत अपना विजन मुख्य अतिथियों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि चिकित्सक बहुत ही महत्वपूर्ण जगह पर है साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कोरोना के दौरान चिकित्सकों द्वारा बहुत ही उल्लेखनीय भूमिका निभाई गई। उन्होंने कहा कि आगामी 22 सालों में सरकार द्वारा जो भी योजना बनाई जाएं उसमें आमजन का विजन विशेष रूप से दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा समाज में भविष्य के प्रति क्या सुविधा होनी चाहिए का विजन लिया जाए जिससे आगे जब विजन हो तो चिकित्सा सुविधा का लाभ मिले एवं प्रशंसा की जाए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा 2047 तक विकसित उ0प्र0का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान कुलपति द्वारा बताया गया कि विकसित उ0प्र0होना बहुत ही जरूरी है एवं परिकल्पना नहीं होगी तो हम आगे नहीं बढ़ सकते। कार्यक्रम के अंत में कुलपति द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दस वर्षो से जनपद में रह रहा विदेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

■ सफीपुर में किराये पर कमरा लेकर स्लाटर हाउस में करता था काम

**उन्नाव।** जनपद में लगभग 10 वर्षो से रह रहा विदेशी युवक अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत में घुसा बंग्लादेशी घुसपैठिया बीते दिवस लखनऊ एयरपोर्ट पर बोलचाल के दौरान शक होने पर एयरपोर्ट कर्मियों ने सुरक्षा कर्मियों को बताया। सुरक्षा कर्मियों ने पूंछताछ की तो पकड़े गये युवक ने खुद को बंग्लादेशी बताया। गिरफ्तार किये गये विदेशी युवक से भारत का आधार कार्ड, पासपोर्ट बरामद हुआ।

चौधरी चरण सिंह लखनऊ एयरपोर्ट पर 6 सितंबर को पकड़ा गया बंगलादेश का रहने वाले विदेशी युवक ने लखनऊ के सरोजनी नगर पुलिस को पूंछताछ में बताया कि उसका नाम मोहम्मद नसीम है वह बांग्लादेश के चिटगांव डिवीजन के बांदोरबन जिले के नैखॉन्गछड़ी गांव का मूल निवासी है। फर्जी पासपोर्ट के सहारे मलेशिया के लिए भाग रहे मो.नसीम को एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट के अधिकारियों को शक होने पर फर्जी पासपोर्ट 9857356 की जांच में पुलिस हिरासत में पूंछताछ में बताया कि वर्ष 2015 में त्रिपुरा बॉर्डर से अवैध तरीके बंगलादेश की सीमा पार कर भारत में घुसा और उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के सफीपुर कोतवाली अंतर्गत गढ़ी इलाके में किराये पर कमरा लेकर एक स्लॉटर हाउस में काम किया। वर्ष 2017 में यूपी में स्लॉटर हाउस बंद किए गये तो नसीम ड्राईवरी, मजदूरी करने लगा। इस दौरान उसने फर्जी तरीके से 2016-17 आधार कार्ड और पैनकार्ड बनवा लिया। इसके लिए अवैध तरीके से कार्य करने वालो की मदद से तहसील से फर्जी निवास प्रमाणपत्र उसके बाद आधार कार्ड के सहारे भारतीय पासपोर्ट भी बनवाकर भारतीय नागरिक बन गया। नसीम पिछले महीने ही बांग्लादेश से लौटा था। 6 सितम्बर को मलेशिया जाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन जांच के दौरान उसके कागजों में पाई गई गड़बड़ी की जांच में पकड़ा गया।

# आईएसएसएफ विश्व कप के पहले दिन भारतीय निशानेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन



**निंगबो (चीन)।** सुरभि राव और युवा अमित शर्मा की जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल में 594 के कुल क्वालीफिकेशन राउंड स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रही। सुरभि ने 284 जबकि शर्मा ने 290 का स्कोर किया। भारत का आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन रहा क्योंकि उसकी 10 मीटर एयर पिस्टल और राइफल मिश्रित टीमें मंगलवार को यहां फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहीं।

10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमशः 11वें और 13वें स्थान, जबकि 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में 14वें और 34वें स्थान पर रही।

सुरभि राव और युवा अमित शर्मा की जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल में 594 के कुल क्वालीफिकेशन राउंड स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रही। सुरभि ने 284 जबकि शर्मा ने 290 का स्कोर किया। चीन ने 585 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया तथा स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में चेक गणराज्य को 17-5 से हराया।

ओलंपियन रिदम सांगवान और निशांत रावत की अन्य भारतीय जोड़ी 21 टीमों में 571 अंक के साथ 13वें स्थान पर रही। रिदम ने 299 अंक बनाए, जबकि 23 वर्षीय रावत 282 अंक ही बना पाए। 10 मीटर एयर राइफल में, एशियाई खेलों की व्यक्तिगत कांस्य पदक विजेता रमिता जिंदल और मदीनेनी उमामहेश की जोड़ी 628.6 अंक के साथ 14वें स्थान पर रही। रमिता ने 312.9 जबकि उमामहेश ने 315.7 अंक बनाए।

पेंग शिनलू (318.5) और दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शेंग लिहाओ (318.4) की चीनी जोड़ी ने 636.9 का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाकर क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया।

ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार (309.3) और मेघना सज्जनार (312.8) की अन्य भारतीय जोड़ी 36 टीमों में 622.1 अंक के साथ 34वें स्थान पर रही। भारत ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने के 24 खिलाड़ियों को भेजा है।

# भारतीय फुटबॉल टीम ने पहली बार ओमान को दी शिकस्त, पेनल्टी शूटआउट में हराया

**हिसोर।** भारतीय फुटबॉल टीम के लिए यह जीत यादगार और ऐतिहासिक है क्योंकि इससे पहले उसने कभी भी पश्चिम एशिया के अपने प्रतिद्वंद्वी को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच में नहीं हराया था।

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने सीएएफए नेशंस कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास में पहली बार ओमान को शिकस्त दी। भारत और ओमान के बीच नियमित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट के जरिये नतीजा निकला। भारतीय टीम ने पेनल्टी शूटआउट में ओमान को 3-2 से हराया और इस टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल करने में सफल रही।

भारतीय फुटबॉल टीम के लिए यह जीत यादगार और ऐतिहासिक है क्योंकि इससे पहले उसने कभी भी पश्चिम एशिया के अपने प्रतिद्वंद्वी को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच में नहीं हराया था। हालांकि, टीम ने इस तिलिस्म को भी तोड़ा और ओमान पर जीत दर्ज की। भारत को उदांता सिंह ने बराबरी दिलाई, जबकि इससे पहले यहमादी ने ओमान की ओर से गोल किया था।

पेनल्टी शूटआउट में बेहतर रैंकिंग वाली टीम ओमान ने अपने शुरुआती दो मौके गंवा दिए, जबकि गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने अंतिम पेनल्टी को रोककर तीसरे-चौथे स्थान के क्लासीफिकेशन मुकाबले में भारत की जीत सुनिश्चित की। पेनल्टी शूटआउट में भारत की ओर से लालियनजुआला छांगटे, राहुल भेके और जितिन एमएस ने गोल दागे, जबकि अनवर अली और उदांता सिंह गोल करने में नाकाम रहे। दोनों टीम अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहीं थी जिससे उन्हें तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलने का मौका मिला। भारत ने वर्ष 2000 से ओमान के खिलाफ नौ मैच में से छह गंवाए हैं। दोनों टीम के बीच पिछला मुकाबला मार्च 2021 में खेला गया था जो 1-1 से ड्रॉ रहा था।

# जूनियर हॉकी विश्व कप, चिली के खिलाफ अभियान का आगाज करेगा मेजबान भारत



**चेन्नई।** टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 24 टीमों में पाकिस्तान भी शामिल है जिसे पहला मैच स्विटजरलैंड से 28 नवंबर को चेन्नई में खेलना है। मेजबान भारतीय टीम नवंबर दिसंबर में चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान का आगाज 28 नवंबर को चिली के खिलाफ करेगी। पिछली चैम्पियन जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मदुरै में उद्घाटन मैच खेला जाएगा। पहली बार टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।

एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री टी उदयनिधि स्टालिन, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की गई। इन 24 टीमों में पाकिस्तान भी शामिल है जिसे पहला मैच स्विटजरलैंड से 28 नवंबर को चेन्नई में खेलना है। पाकिस्तान ने हालांकि अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सुरक्षा कारणों का हवाला देकर बिहार के राजगीर में रविवार को समाप्त हुए एशिया कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी। भारत ने हालांकि कहा था कि पाकिस्तानी टीम को वीजा मुहैया कराया जाएगा।

भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर एशिया कप खिताब जीता और अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई किया। भारत और पाकिस्तान का सामना 29 नवंबर को चेन्नई में होना है। भारतीय टीम दो दिसंबर को चेन्नई में स्विटजरलैंड से खेलेगी। सभी 24 टीमों को चार चार के छह पूल में बांटा गया है। भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विटजरलैंड के साथ रखा गया है। हर ग्रुप की शीर्ष टीम और दो सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

# टोनाली ने विश्व कप क्वालिफाइंग मैच में इटली को दिलाई जीत



**डेब्रेसेन (हंगरी)।** इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग में सोमवार को इस्राइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जून में नॉर्वे से 3-0 की हार के बाद इटली का क्वालिफिकेशन अभियान मुश्किल में पड़ गया था। उसकी मुश्किल तब और बढ़ गई थी जब तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए मैच में इस्राइल ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। इटली ने मोइज कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने माटेओ रेटेगुई ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया। लेकिन इस्राइल ने दो मिनट में दो गोल करके स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। उसकी तरफ से डोर पेरेट्ज ने दो गोल किए। इसके बाद टोनाली ने खेल समाप्ति से एक मिनट पहले गोल करके इटली को पूरे अंक दिलाए। यूरोपीय क्वालिफाइंग के अन्य मैच में कोसोवो ने स्वीडन को 2-0 से, स्विट्जरलैंड ने स्लोवेनिया को 3-0 से, डेनमार्क ने यूनान को 3-0 से, स्कॉटलैंड ने बेलारूस को 2-0 से और क्रोएशिया ने मोंटेनेग्रो को 4-0 से हराया।

# अनन्या और दिव्यांशी की जोड़ी का दमदार प्रदर्शन, स्टार कंटेंडर में अंडर-15 युगल खिताब जीता



**नई दिल्ली।** अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की।

दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इससे पहले सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था। रियाना और अंकोलिका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

भारत के लिए पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल वर्ग में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (6-11, 7-11, 8-11) से हार गए जबकि ऋत्विक को भी खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेयुंगसू के खिलाफ 0-3 (8-11, 5-11, 8-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 मिश्रित युगल में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी जबकि अंडर-15 बालक युगल में ऋत्विक और साहिल रावत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीते।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं जैस्मीन

**लिवरपूल।** राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लंबोरिया ने शानदार अभियान जारी रखते हुए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जैस्मीन ने इसके साथ ही पहले पदक की ओर कदम बढ़ा लिए हैं। जैस्मीन ने जहां भारत को खुश होने का मौका दिया, वहीं, देश के दो अन्य मुक्केबाज हारकर बाहर हो गए। तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप खेल रहीं जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किलो वर्ग के अंतिम 16 में ब्राजील की दो बार की ओलंपियन जूसीलेन सेरकीरा रोमेउ को 5-0 से हराया। दोनों के बीच जुलाई में अस्ताना टूर्नामेंट में भी स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला हुआ था जिसमे जैस्मीन विजयी रही थीं। अब जैस्मीन विश्व चैंपियनशिप पदक से एक जीत दूर हैं। उनका सामना क्वार्टर फाइनल में एशियाई अंडर 22 चैंपियन उजबेकिस्तान की कुमोराबोनू मामाजोनोवा से होगा।

# ट्यूनीशिया ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, सातवीं बार खेलेंगे टूर्नामेंट



**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया ने कुल सातवीं और लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। मोहम्मद अली बेन रोमधाने के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से ट्यूनीशिया ने इक्वेटोरियल गिनी पर 1-0 से जीत दर्ज करके फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

ट्यूनीशिया को अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए दो मैच बाकी रहते जीत की जरूरत थी।

वह ग्रुप एच में आठ मैचों में 22 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद नामीबिया से 10 अंक आगे है। ट्यूनीशिया ने क्वालीफाइंग में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है।

ट्यूनीशिया ने कुल सातवीं और लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। वह विश्व कप में 2018 और 2022 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।

# माथे से गिरता खून और शरीर पर वर्दी, 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर बैटल ऑफ गलवां सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।




सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

सलमान खान की ये तस्वीर सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गई है और दर्शकों द्वारा इस पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। एक यूजर ने कहा, 'भाई फिर से फॉर्म में आ गए हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, टथिएटर में इस बार बवाल मचा देना सलमान भाई।' वहीं एक और यूजर ने कमेंट सेक्शन में कहा, 'इतिहास रचने वाले हैं।' इसके अलावा अन्य यूजर्स इस लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।

फिल्म बैटल ऑफ गलवान, 15 जून, 2020 को गलवान घाटी में हुए भारत-चीन सैन्य संघर्ष पर आधारित है, जिसमें भारतीय सैनिकों ने साहस और बलिदान दिखाया था। यह फिल्म उनके सम्मान में बनाई जा रही है। सलमान इस फिल्म में कर्नल बी. संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने शूटआउट एट लोखंडवाला जैसी फिल्में बनाई हैं। फिल्म में चित्रांगदा सिंह, जेन शॉ, अंकुर भाटिया, हर्षिल शाह, हीरा सोहल, अभिलाष चौधरी और विपिन भारद्वाज जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

# सलमान की 'एक था टाइगर' ने रचा इतिहास

## फिल्म की उपलब्धि पर निर्देशक कबीर खान ने जताई खुशी

सलमान खान अभिनीत फिल्म एक था टाइगर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ाया है। ये फिल्म इंटरनेशल स्पाई म्यूजियम में प्रदर्शित हो रही है। फिल्म के निर्देशक कबीर खान ने इसपर प्रतिक्रिया दी है।

सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म एक था टाइगर हाल ही में इंटरनेशनल स्पाई म्यूजियम में प्रदर्शित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म के निर्देशक कबीर खान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि टाइगर हमेशा जिंदा रहेगा। चलिए जानते हैं कि डायरेक्टर ने क्या कहा।



**एक था टाइगर आगे भी जारी रहेगी**

कबीर खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म एक था टाइगर को सम्मान मिलने पर खुशी जताई है। पोस्ट के कैप्शन में निर्देशक ने लिखा, 'एक फिल्म का मतलब सिर्फ यह नहीं होता कि उसने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की। बल्कि यह मायने रखता है कि वह कितने समय तक लोगों की कल्पना पर छाई रहेगी। और इस लिहाज से एक था टाइगर आगे भी जारी रहेगी।'

**टाइगर हमेशा जिंदा रहेगा**

निर्देशक ने आगे कहा, 'बेशक यह 2012 में रिलीज होने पर अब तक की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। लेकिन इससे भी ज्यादा खुशी मुझे इस बात की है कि 2025 में भी इसके बारे में प्यार से बात की जाती है। टाइगर हमेशा जिंदा रहेगा।'

**भारत की इकलौती फिल्म, जिसने किया ये कारनामा**

एक था टाइगर अमेरिका के वाशिंगटन डीसी स्थित इंटरनेशनल स्पाई म्यूजियम में प्रदर्शित होने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म बन गई है। फिल्म का पोस्टर मिशन इम्पॉसिबल, स्पाई गेम, मेन इन ब्लैक, टिंकर टेलर सोल्जर स्पाई जैसी हॉलीवुड फिल्मों के साथ प्रदर्शित किया गया है। यह भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। आपको बताते चलें कि एक था टाइगर की सफलता के बाद, मेकर्स ने सलमान और कैटरीना को प्रमुख भूमिकाओं में लेकर टाइगर जिंदा है और टाइगर 3 भी बनाई गई थी।

## नाती निरवैर ने कीं नानू अनुपम से घर वालों की शिकायतें

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर फिल्मों के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। वो अक्सर अपने घर के सदस्यों की फोटोज-वीडियोज भी सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। अब अभिनेता ने अपने नाती का एक प्यारा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में एक्टर अपने नाती के साथ नजर आ रहे हैं।

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में अनुपम अपने नन्हे से नाती के साथ बातें कर रहे हैं। इस वीडियो में अनुपम ऐसे बात कर रहे हैं, जैसे उनका नाती उनसे सबकी शिकायतें कर रहा है। वीडियो को शेयर करते हुए अनुपम ने एक लंबे-चौड़े कैप्शन में इस छोटे से बच्चे का परिचय कराया है। कैप्शन में नाती निरवैर का परिचय कराते हुए अभिनेता ने लिखा, 'निरवैर से मिलिए। वह मेरी प्यारी भतीजी वृंदा और निपुण का बेटा है।

# अनुपर्णा के स्वागत को तैयार पेरेंट्स, पिता ने बताया वेनिस में अवॉर्ड जीतने पर कैसा था रिएक्शन

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड जीतने पर हर कई खुश है। अब माता-पिता अपनी बेटी के स्वागत को तैयार हैं।



वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतने वाली अनुपर्णा रॉय के पिता बेटी की इस उपलब्धि पर खुश हैं। फिल्म सॉन्ग ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज के लिए यह अवॉर्ड जीतने के बाद अब पिता ब्रह्मानंद रॉय बेटी का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, पिता का कहना है कि स्कूल के दिनों में अनुपर्णा को फिल्मों के प्रति कोई खास लगाव और जुनून नहीं था। लेकिन वह अपनी अलग पहचान बनाने के लिए दृढ़ थीं। इस अवॉर्ड की खबर मिलने के बारे में पीटीआई से बात करते हुए पिता ने बताया कि रात के लगभग 12:30 बजे हम सो रहे थे, जब अनुपर्णा ने फोन करके खबर दी। वह बहुत खुश थी। शुरुआत में मुझे यकीन ही नहीं हुआ। मैंने उससे पूछा कि क्या वह सभी प्रतियोगियों में प्रथम आई है। उसका जवाब था, हां बाबा। उसकी मां खुशी से रो रही थी। अनुपर्णा को लंदन में कुछ काम है और वह जल्द से जल्द मुंबई लौट आएगी। उन्होंने कहा कि बंगाल दौरे के दौरान वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात करेंगी।

अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व से भरे ब्रह्मानंद रॉय पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में स्थित अपने घर में इस युवा निर्देशक का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। पिता ने बताया कि हमने उनके स्कूल के दिनों में फिल्मों के प्रति ज्यादा लगाव और जुनून नहीं देखा था, लेकिन वह पढ़ाई में बहुत मेहनती थीं। फिल्मों के प्रति उनकी महत्वाकांक्षा बाद में तब सामने आई जब उन्होंने आईटी क्षेत्र में अपना करियर शुरू किया। उन्होंने अपनी पहचान बनाने का संकल्प लिया था। परिवार के सदस्य उनके इस फैसले से परेशान थे और उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की थी कि वह गलती कर रही हैं।

पिता ने आगे बताया कि जब हमें 2020 के बाद पहली बार उनके फैसले के बारे में पता चला, तो हमें लगा कि यह एक जुआ है। उन्हें फिल्म निर्माण या फिल्म जगत का कोई पूर्व अनुभव नहीं था। लेकिन उनके समर्पण, उत्साह और लगन ने धीरे-धीरे हमें उनकी क्षमता पर विश्वास दिलाया। अंग्रेजी ऑनर्स में ग्रेजुएशन करने के बाद अनुपर्णा दिल्ली में बस गईं और आईटी क्षेत्र में अपना करियर बनाया। 2021 में कोविड काल के दौरान वह मुंबई आ गईं और फिल्म निर्माण में हाथ आजमाने का फैसला किया। उन्होंने यह जोखिम इसलिए उठाया क्योंकि उनमें आत्मविश्वास था।

सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज मुंबई में दो महिलाओं - एक प्रवासी अभिनेत्री और एक कॉर्पोरेट कर्मचारी के बीच के रिश्ते को दिखाती है। अनुपर्णा ने वेनिस फिल्म फेस्टिवल के ओरिजोंटी खंड में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया।

माथे से गिरता खून और शरीर पर वर्दी, 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर बैटल ऑफ गलवां सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

सलमान खान की ये तस्वीर सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गई है और दर्शकों द्वारा इस पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। एक यूजर ने कहा, 'भाई फिर से फॉर्म में आ गए हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, टथिएटर में इस बार बवाल मचा देना

# फिल्म सलाम नमस्ते को दर्शकों ने खूब दिया था प्यार

**मुंबई।** सैफ अली खान और प्रीति जिंटा की अदाकारी वाली फिल्म सलाम नमस्ते को रिलीज हुए आज 20 साल पूरे हो गए। 9 सितंबर 2005 को रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी थी। इसके निर्माता आदित्य चोपड़ा थे। 110 मिलियन रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 572 मिलियन रुपये की कमाई की थी। आइए जानते हैं फिल्म से जुड़े कुछ अहम किस्से।



फिल्म सलाम नमस्ते में लीड रोल ऐश्वर्या राय को ऑफर किया गया था। हालांकि उन्होंने इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया। इसके बाद इस फिल्म में प्रीति जिंटा को काम करने का मौका मिला। इसमें उन्होंने अंबर मल्होत्रा का किरदार निभाया। बॉलीवुड की यह पहली फिल्म है जिसमें लिव इन रिलेशनशिप का जमकर प्रचार किया गया। सलाम नमस्ते पहली ऐसी बॉलीवुड फिल्म है, जो पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया में फिल्माई गई है। फिल्म क्या कहना (2000) के बाद यह दूसरी फिल्म है, जिसमें प्रीति जिंटा अविवाहित मां और सैफ अली खान पिता की भूमिका में हैं।

फिल्म में कई कलाकारों ने अभिनय किया है। इस फिल्म में आखिर में इसके निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने एक टैक्सी ड्राइवर की भूमिका निभाई है।

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म सलाम नमस्ते के बारे में उन्होंने कहा इस फिल्म में भारत और पाकिस्तान का एंगल होना था। प्रीति जिंटा एक पाकिस्तानी लड़की और सैफ अली खान एक भारतीय लड़के होने वाले थे। दोनों ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं, वहां मिलते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं। हालांकि बाद में इसकी कहानी में बदलाव किया गया।

सलाम नमस्ते के 20 साल पूरे होने पर सैफ अली खान ने झ्ह्ढ्ढ से बताया मुझे चीजें बहुत ज्यादा याद नहीं रहती लेकिन सलाम नमस्ते के बारे में मुझे याद है। फिल्म के सेट पर बहुत नयापन था। मैं गर्व महसूस कर रहा हूं कि मैंने इस फिल्म में काम किया। इस फिल्म में जो दिखाया गया है वह वक्त से आगे की चीज थी, मुझे नहीं लगता था कि लोग इसे (लिव इन रिलेशनशिप) पसंद करेंगे। हालांकि लोगों ने इसे पसंद किया।

**सर्दी में गर्मी की तरह शूटिंग की**

उन्होंने आगे कहा इसकी लोकेशन बहुत अच्छी थी। सर्दी में बीच पर चलना और जॉगिंग करना मुझे याद है। बहुत सर्दी थी लेकिन हम ऐसे शूटिंग कर रहे थे जैसे कि यह गर्मी का मौसम हो।

# युद्ध हमेशा अप्रत्याशित होते हैं, आर्मी चीफ ने समझाया रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता क्यों है जरूरी

**सुरक्षा**

**जनरल द्विवेदी ने युद्ध और सैन्य तैयारियों के तीन प्रमुख पहलुओं- बल दृश्यीकरण, बल सुरक्षा और बल प्रयोग पर भी बात की।**



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख ने कहा कि अगर आपके पास कम लागत वाली उच्च तकनीक है, तो आप अपने से बेहतर प्रतिद्वंद्वी को भी परास्त कर पाएंगे। सुरक्षा एक नई चीज है क्योंकि आपको दुश्मन के हमले का सामना करने में सक्षम होना चाहिए।

थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में युद्धों की अप्रत्याशित प्रकृति पर बात की और आधुनिक युद्ध और सैन्य तैयारियों के प्रमुख पहलुओं पर भी बात की। दिल्ली में अखिल भारतीय प्रबंधन संघ के 52वें राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा, जब रूस युद्ध में गया, तो हमने हमेशा सोचा था कि यह युद्ध केवल 10 दिनों तक चलेगा। ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 वर्षों तक चला। लेकिन जब ऑपरेशन सिंदूर की बात आई, तो हमें नहीं था कि यह कितने दिनों तक चलेगा, और हममें से अधिकांश लोग कह रहे थे, यह चार दिन के टेस्ट मैच में क्यों समाप्त हो गया? युद्ध हमेशा अप्रत्याशित होता है। हम किसी मुद्दे के मनोवैज्ञानिक प्रभाव के बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते। जनरल द्विवेदी ने युद्ध और सैन्य तैयारियों के तीन प्रमुख पहलुओं- बल दृश्यीकरण, बल सुरक्षा और बल प्रयोग पर भी बात की। उन्होंने कहा, जहां तक हमारा संबंध है, हम तीन पहलुओं पर विचार करते हैं - बल दृश्यीकरण, बल सुरक्षा और बल प्रयोग। हम देखते हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध में जो बल दृश्यीकरण किया गया था, वह शायद एक गलत अनुमान था। इसमें महत्वपूर्ण बात ये भी है कि हमें उस तकनीक को भी समझना होगा जो युद्ध को लंबे समय तक जारी रखने के लिए दूसरी तरफ मौजूद है। इसका मतलब यह है कि हमें ये पक्का करना होगा कि हमारे पास लंबे समय तक चलने वाले युद्ध के लिए पर्याप्त संसाधन हों।

थलसेना प्रमुख ने आधुनिक युद्ध में डेविड और गोलियथ प्रणाली की प्रासंगिकता पर भी जोर दिया, जहां कम लागत और उच्च तकनीक क्षमताओं वाला एक देश कैसे एक श्रेष्ठ प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ता है। सेना प्रमुख ने कहा कि अगर आपके पास कम लागत वाली उच्च तकनीक है, तो आप अपने से बेहतर प्रतिद्वंद्वी को भी परास्त कर पाएंगे। सुरक्षा एक नई चीज है क्योंकि आपको दुश्मन के हमले का सामना करने में सक्षम होना चाहिए, और उसके बाद आपको जवाबी कार्रवाई करने में भी सक्षम होना चाहिए। इसलिए मैं इन तीनों पर ध्यान केंद्रित करता हूं, यही मुख्य बात है जिस पर हमें काम करने की जरूरत है।

जनरल द्विवेदी ने कहा, %लक्ष्य बदलते रहेंगे। अगर मैं चाहता हूं कि कोई चीज 100 किलोमीटर की दूरी से फायर करे, तो कल उसे 300 किलोमीटर तक जाना होगा। क्योंकि केवल मैं ही नहीं, बल्कि विरोधी भी अपनी तकनीक बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे उसकी तकनीक आगे बढ़ रही है, मुझे यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि मेरा तकनीकी स्तर दुश्मन के तकनीकी स्तर को मात देने सक्षम हो, यहां, आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण हो जाती है।

# अयोध्या दीपोत्सव में बनेगा नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, 26 लाख से अधिक दीपों से जगमगाएगी रामनगरी



**लखनऊ।** अयोध्या दीपोत्सव में इस बार नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। 26 लाख से अधिक दीपों से सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाट जगमगाएंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

रामनगरी अयोध्या में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। पर्यटन विभाग द्वारा सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर दीयों की श्रृंखला से अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। रामनगरी का दीपोत्सव एक बार फिर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। अयोध्या में 2017 से भव्य और दिव्य दीपोत्सव मनाया जा रहा है। इसे बरकरार रखते हुए दीपोत्सव में भी सरयू नदी पर सबसे बड़े दीप जलाने व सबसे बड़े आरती समारोह का आयोजन होगा। इस वर्ष 26 लाख से अधिक दीयों के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव केवल अयोध्या के सांस्कृतिक वैभव को ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर इसकी पहचान को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दीपोत्सव को भव्यता और दिव्यता से मनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर इस बार 26 लाख से अधिक दीयों को जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। वहीं सरयू तट पर अब तक की सबसे बड़ी आरती का आयोजन भी होगा, जिसमें 1100 से अधिक धर्माचार्य, संत-महात्मा और नगरवासी शामिल होंगे। आयोजन से तीन दिन पहले से स्थल पर तैयारी शुरू होगी। गिनीज मानकों के अनुसार डिजाइन आदि से संबंधित समन्वय स्थापित किया जाएगा। इस दौरान छात्र-स्वयंसेवक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए सहयोग करेंगे। स्वयंसेवक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के मानकों के अनुरूप दीयों की सजावट, दीये जलाने, गिनती और सत्यापन की जिम्मेदारी निभाएंगे। दीपोत्सव के लिए पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन, अवध विश्वविद्यालय और अन्य संस्थाओं के साथ लगातार समन्वय कर रहा है। प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि दीपोत्सव हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को दिखाता है। इस साल अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव को पिछले वर्षों की तुलना में और अधिक भव्य बनाने की तैयारियां की जा रही है।

# बहराइच तक पहुंची नेपालगंज में हो रहे प्रदर्शन की आंच

**बहराइच।** नेपालगंज में हो रहे प्रदर्शन की आंच बहराइच तक पहुंच गई है। एसएसबी अलर्ट मोड पर है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने बॉर्डर पर कैंप डाल दिया है। आगे पढ़ें और जानें ताजा अपडेट...

यूपी में बहराइच के रुपईडीहा-नेपाल बॉर्डर पर मंगलवार को कुछ लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नेपाल में कई सोशल मीडिया एप बैन किए जाने के विरोध में किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जगह-जगह तोड़फोड़ और आगजनी की। प्रदर्शन नगर पालिका, बीपी चौक व धम्मबोझी चौक पर हुआ। इस दौरान मामला कंट्रोल करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। साथ ही आंसू गैस छोड़नी पड़ी। बताते चलें कि बहराइच से सटे नेपालगंज में प्रदर्शनकारियों द्वारा जमकर प्रदर्शन किया गया। बीपी चौक समेत जगह-जगह टायर जलाकर प्रदर्शन को उग्र बनाने की कोशिश की। नेपालगंज के बीपी चौक पर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिस तरह सरकार ने सुनियोजित तरीके से गोली चलवाई है, वो बेहद निंदनीय है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए ओली सरकार की बर्खास्तगी की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि युवाओं पर गोली चलाने का खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। इस दौरान कई स्थानों पर पुलिस से नोकझोंक भी हुई। कहा कि प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक प्रधानमंत्री केपी ओली अपना पद नहीं छोड़ देते। वहीं इस दौरान रुपईडीहा बॉर्डर पर आवागमन बाधित रहा। एसएसबी सर्तक मोड है। पुलिस अधिकारी नेपाल की गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए बॉर्डर पर कैंप डाले हुए हैं।

# बारिश से ढहा कच्चा मकान, मलबे में दबकर गृहस्थी का सामान बर्बाद; मजदूर ने समय रहते भागकर बचाई जान



**लखनऊ।** राजधानी में बारिश से कच्चा मकान ढह गया। मलबे में दबकर गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। वहीं मजदूर ने समय रहते भागकर अपनी जान बचाई। अब उसके सामने दो वक्त की रोटी का संकट गहरा गया है।

राजधानी लखनऊ में बारिश से सोमवार की रात कच्चा मकान ढह गया। मलबे में गृहस्थी का सामान दबकर बर्बाद हो गया। मजदूर ने समय रहते बाहर भागकर अपनी जान बचाई। घटना मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के हीरालालखेड़ा की है। यहां के निवासी बच्चा बाबू मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनका मकान कच्चा था। कई दिनों से मकान में दरारें आ गई थीं। इससे उन्हें किसी अनहोनी की चिंता सताने लगी थी।

इस पर बच्चा बाबू ने एक दिन पहले अपनी पत्नी प्रियंका को पांच माह के बेटे विराट के साथ मायके भेज दिया था। सोमवार की रात वह घर पर अकेला था। लगातार हुई बारिश के बाद घर दरकने की आवाज आई। इस पर बच्चा बाबू बाहर की ओर भागा। उसके बाहर जाते ही घर ढह गया। अब उसे खुले आसमान का सहारा रह गया है।

# जिला अस्पताल का बुरा हाल, इमरजेंसी के कक्षों में लटक रहे ताले

**बाराबंकी।** बाराबंकी में जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में मरीजों का बुरा हाल है। सोमवार की रात इमरजेंसी के कक्षों में ताले लटकते मिले। बेड न मिलने से मरीज रातभर स्ट्रेचर पर कराहते रहे। यूपी के बाराबंकी में जिला अस्पताल की इमरजेंसी के दो कक्ष बंद कर दिए गए हैं। इससे मरीजों को पूरी रात स्ट्रेचर पर ही काटनी पड़ी। अमर उजाला की पड़ताल में हैरान करने वाले तथ्य सामने आए। सोमवार की आधी रात 12.30 से 1.00 तक अमर उजाला के साथी अस्पताल में मौजूद रहे। इस दौरान देखा गया कि इमरजेंसी के जो कक्ष पहले मरीजों के लिए खुले थे, अब उनमें ताला जड़ दिया गया है। इससे रात में आने वाले मरीजों को बेड नहीं मिला। वह रातभर स्ट्रेचर पर ही कराहते रहे। बुजुर्ग मरीजों को भी बेड नहीं मिला। मरीजों ने अपनी पीड़ा बयां की। बताते चलें कि अव्यवस्थाओं के चलते हाल ही में जिला अस्पताल में सीएमएस को बदला गया है। नए सीएमएस के आने के बाद हालात सुधरने के बजाय और ज्यादा खराब होते दिख रहे हैं।

# ईडी ने उन्नति फॉर्च्यून ग्रुप की 100 करोड़ की संपत्तियां कीं जब्त




**लखनऊ।** ईडी ने उन्नति फॉर्च्यून ग्रुप की 100 करोड़ की संपत्तियां जब्त की हैं। निवेशकों के साथ धोखाधड़ी में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत यह कार्रवाई की गई। कंपनी निदेशक अनिल मिठास द्वारा 126 करोड़ रुपये डायवर्ट करने के सुराग मिले हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नोएडा के उन्नति फॉर्च्यून होल्डिंग्स लिमिटेड (यूएफएचएल) द्वारा विकसित की जा रही अरण्य परियोजना में करीब 100 करोड़ रुपये कीमत की संपत्तियों को सोमवार को जब्त कर लिया। यह संपत्तियां कंपनी के प्रमोटर अनिल मिठास की हैं। ईडी ने कंपनी के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद संपत्तियां जब्त की हैं।

दरअसल, ईडी ने कंपनी के प्रमोटर अनिल मिठास, मधु मिठास और अन्य लोगों के खिलाफ निवेशकों की ओर से पुलिस में तमाम एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। इसके आधार पर ईडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी ने करीब 100.06 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है।

अनिल मिठास द्वारा 2011 से 2019 के दौरान संबंधित पक्ष को इक्विटी निवेश, वरीयता शेयर, डिबेंचर/बॉन्ड, ऋण और अग्रिम और सुरक्षा जमा आदि के जरिये कंपनी के कई बैंक खातों में निवेशकों की रकम में से 126.30 करोड़ रुपये डायवर्ट कर दिए गए। इससे परियोजनाएं पूरी नहीं हो पाईं और निवेशकों की रकम डूब गई।

# ऑफिस के अंदर सिर कूचकर युवक की हत्या, सुबह खून से लथपथ मिली लाश; पुलिस कर रही जांच




**लखनऊ।** राजधानी में ऑफिस के अंदर सिर कूचकर एक युवक की हत्या कर दी गई। सुबह खून से लथपथ उसकी लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राजधानी लखनऊ में एक युवक की उसके ऑफिस में सिर कूचकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह महिला सफाई कर्मी झाड़ू लगाने पहुंची तो उसने खून से लथपथ लाश देखी। उसने इसकी सूचना ऑफिस के मालिक को दी। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

घटना बंथरा थाना क्षेत्र के दादूपुर की है। मूल रूप से फैजाबाद के धनुआपुर निवासी अशोक शुक्ला फैजाबाद में रोडवेज बस के चालक हैं। उनका बेटा कुनाल शुक्ला (26) दादूपुर स्थित न्यू डेस्टिन सिटी कॉलोनी में अपनी मां सुधा और बड़े भाई सौरभ के साथ रहता था। वह दादूपुर निवासी विवेक सिंह के साथ फाइनेंस की गई गाड़ियों की किस्त न अदा होने पर गाड़ियों की रिकवरी करता था। विवेक ने दादूपुर में स्वास्तिक एसोसिएट नाम से ऑफिस बना रखा है। कुनाल ज्यादातर इसी ऑफिस में रहता था। सोमवार की रात करीब 9 बजे ऑफिस से सभी लोग चले गए। कुनाल वहीं रुक गया था। मंगलवार सुबह 8 बजे सफाई के लिए महिला संगम थारू पहुंची।

संगम आफिस के अंदर दाखिल हुई तो कुनाल खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला। फर्श पर काफी खून बिखरा पड़ा था। उसने आननफानन इसकी सूचना विवेक को दी। खबर फैलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर बंथरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई।

# विद्रोही हमले में कम से कम 60 लोगों की मौत

**गोमा।** कांगो के पूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने सोमवार रात भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की जान चली गई। यह हमला नॉर्थ किवू प्रांत के नटोयो गांव में तब हुआ जब ग्रामीण एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए थे। हमले के बारे में स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमला एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स ने किया था। उन्होंने बेहद क्रूरता से 60 लोगों की हत्या कर दी। हालांकि मरने वालों का सटीक आंकड़ा अभी तक सामने नहीं है। वही, हमले के दौरान बचे एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि करीब 10 हमलावर थे। उनके पास लंबी धारदार चाकू थीं। हमले के दौरान पहले उन्होंने सबको एक जगह इकट्ठा होने के लिए मजबूर किया और फिर मारना शुरू कर दिया। लोग चीख रहे थे।

# क्या रूस ने बना लिया कैंसर का 100% असरदार टीका




**रूस।** जिस कैंसर वैक्सीन का ट्रायल हुआ है, वह काम कैसे करती है? रूस की तरफ से बनाई गई वैक्सीन का ट्रायल कैसे हुआ और इससे क्या जानकारी सामने आई? इस वैक्सीन को लेकर क्या शंकाएं हैं? साथ ही यह कब तक बाजार में आ सकती है? इसके अलावा क्या दुनिया में कहीं और कैंसर वैक्सीन पर काम चल रहा है? आइये जानते हैं... कैंसर! कभी लाइलाज मानी जाने वाली इस समस्या के इलाज के लिए बीते दशकों में कई नई तकनीकें और तरीके सामने आए हैं। हालांकि, अभी भी कैंसर खत्म करने के लिए कोई सधी हुई दवा का आविष्कार नहीं हुआ है। हालांकि, अब रूस की तरफ से इस मामले में खुशखबरी आ सकती है। दरअसल, दावा किया गया है कि रूस में कैंसर की एक वैक्सीन का ट्रायल किया गया था, जिसकी एफिकेसी यानी प्रभावशीलता 100 फीसदी रही है। सीधे शब्दों में समझें तो जितने भी लोगों को यह टीका दिया गया, उनके शरीर में कैंसर के खिलाफ लड़ने की क्षमता पैदा हो गई। रूस से आई इस खबर ने कैंसर की वैक्सीन को लेकर पूरी दुनिया में हलचल पैदा कर दी है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यह वैक्सीन काम कैसे करती है? रूस की तरफ से बनाई गई वैक्सीन का ट्रायल कैसे हुआ और इससे क्या जानकारी सामने आई? इस वैक्सीन को लेकर क्या शंकाएं हैं? साथ ही यह कब तक बाजार में आ सकती है? इसके अलावा क्या दुनिया में कहीं और कैंसर वैक्सीन पर काम चल रहा है? आइये जानते हैं... दुनियाभर में कैंसर के मामलों में जबरदस्त तेजी देखी गई है। आंकड़ों की मानें तो कैंसर वैश्विक स्तर पर दुनिया में सबसे ज्यादा मौतों का कारण बनता है। 2022 के सबसे स्पष्ट कैंसर मौतों के डाटा को देखा जाए तो दुनिया में उस साल 97 लाख लोगों की जान चली गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, कैंसर से मौतों की गति इस तेजी से बढ़ रही है कि 2050 तक ही इसका का बोझ 77 फीसदी तक बढ़कर हर साल 1 करोड़ 82 लाख मौतों का आंकड़ा पार कर सकता है। रूस की संघीय चिकित्सा और जैविक एजेंसी (एफएमबीए) की प्रमुख वेरोनिका स्कवोर्तसोवा ने वैक्सीन के परीक्षण और इसकी प्रभावशीलता को लेकर ईस्टर इकोनॉमिक फोरम में जानकारी सामने रखी। उन्होंने कहा कि इस टीके को परीक्षण के बाद रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। ऐसे में अगर इस टीके को आगे के परीक्षणों के लिए मंजूरी मिल जाती है और वहां यह इसी तरह के नतीजे दिखाने में सफल रहती है तो कैंसर के उपचार का तरीका बदलने वाला है।

रूस की नई कैंसर वैक्सीन-एंटेरोमिक्स को एमआरएनए तकनीक पर बनाया गया है। कुछ समय पहले अमेरिका में भी इसी तरह कोरोनावायरस के टीकों को बनाया गया था। एमआरएनए तकनीक से बने टीके पारंपरिक टीकों से काफी अलग होते हैं। इनमें इंसानी शरीर में मौजूद प्रतिरक्षा तंत्र (इम्यून सिस्टम) को सक्रिय करने के लिए असक्रिय या कमजोर वायरस का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इससे उलट इन वैक्सीन में वायरस के बाहरी आवरण में मौजूद स्पाइक प्रोटीन्स का इस्तेमाल किया जाता है। यानी वायरस का एक छोटा सा हिस्सा भेजकर प्रतिरक्षा तंत्र को खास तौर पर अनुवांशिक निर्देश भेजे जाते हैं।

# नॉर्वे में कड़े मुकाबले में जीती लेबर पार्टी

**ओस्लो।** लेबर पार्टी को 28 प्रतिशत वोट मिले और सेंटर लेफ्ट पार्टी ने लेबर पार्टी को समर्थन दिया है। 169 सदस्यीय नॉर्वे की संसद में लेबर पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को कुल 88 सीटों पर जीत मिली है। नॉर्वे के आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और सत्ताधारी लेबर पार्टी ने एक बार फिर जीत हासिल की है। हालांकि लेबर पार्टी को बेहद कड़े मुकाबले में जीत हासिल हुई। नॉर्वे के प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता जोनास गार स्टोरे ने जीत का एलान किया। लेबर पार्टी ने टैक्स और जनकल्याणकारी नीतियों का डर दिखाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में किया, जिसका उसे फायदा हुआ।नॉर्वे में भी दक्षिणपंथी राजनीति का उभार हो रहा है और आम चुनाव के दौरान मतदाताओं के रुझान ने भी बता दिया कि नॉर्वे में भी आने वाले समय में दक्षिणपंथी पार्टियां सत्ता पर काबिज हो सकती हैं।

# राजनीतिक स्थिरता दूर की कौड़ी, करीब 12% बेरोजगारी; भारत समेत इन देशों में पलायन...



**काठमांडू।** नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू हुए डेढ़ दशक से अधिक समय हो चुका है, लेकिन राजनीतिक स्थिरता दूर की कौड़ी बनी हुई है। बीबीसी नेपाली सेवा और हिमालयन टाइम्स की रिपोर्टों के अनुसार, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व जातिगत असमानता से फैले असंतोष से आज देश छात्र आंदोलन की चपेट में है। भले ही इसका तात्कालिक कारण सोशल मीडिया पर बैन हो, लेकिन गुस्सा बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के पीछे छिपा हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और विश्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि नेपाल की बेरोजगारी दर 2024 में लगभग 11-12त्न है। लेकिन अनौपचारिक श्रम और मौसमी कामकाज के चलते वास्तविक स्थिति कहीं अधिक गंभीर है। लोकतंत्र आने के बाद शिक्षा का प्रसार हुआ, मगर रोजगार सृजन की गति धीमी रही। परिणामस्वरूप लाखों युवाओं को खाड़ी देशों, मलेशिया और भारत की ओर पलायन करना पड़ा। यही स्थिति बार-बार युवाओं और छात्रों को आंदोलित करती रही है।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रैंकिंग में नेपाल लगातार दक्षिण एशिया के सबसे भ्रष्ट देशों में गिना जाता है। नेता, अफसर, बिचौलिए और मुनाफाखोर मालामाल हैं। जनता का गुस्सा बार-बार इस बात पर फूटा कि लोकतंत्र ने अभिव्यक्ति का मंच तो दिया, पर भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाया गया। यही वजह है कि हाल में महंगाई, ईंधन संकट और घोटालों के खिलाफ छात्र संगठनों और नागरिक समूहों ने देशव्यापी प्रदर्शन किए।

संसद और सत्ता संरचना में जातिगत असमानता भी गहरे असंतोष की वजह बनी। आंकड़ों के अनुसार पहाड़ी उच्च जातियों (ब्राह्मण-छेत्री) का संसद में लगभग 50% प्रतिनिधित्व है, जबकि कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 30त्न है। मधेशी समुदाय की 20% आबादी के बावजूद संसद में प्रतिनिधित्व केवल 15त्न है। आदिवासी जनजाति का 35त्न आबादी के बावजूद 20त्न प्रतिनिधित्व है। दलित समुदाय की आबादी 13% है, लेकिन प्रतिनिधित्व केवल 5त्न। यह असमानता 2015 के मधेश आंदोलन और उसके बाद हुए क्षेत्रीय संघर्षों की प्रमुख वजह बनी।

नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी कर दिया गया। नेपाल से लगने वाले उत्तर प्रदेश के महाराजगंज, पीलीभीत, लखीमपुर, खीरी, बहराइच और बलरामपुर जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीमा के आसपास के इलाकों पर ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। सीमा चौकियों पर सैनिकों की संख्या बढ़ा दी गई है और आने-जाने वालों की सघन चेकिंग की जा रही है।

# रूस ने पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किया भीषण हमला, कम से कम 21 लोगों की मौत



**कीव/मॉस्को।** अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है। मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गाँव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज़्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में गिरा। उन्होंने हमले को बहुत ही क्रूर बताया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के जरिए उसके आक्रमण की आर्थिक कीमत चुकाएं। ज़ेलेंस्की ने लिखा, दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को प्रतिक्रिया की जरूरत है। यूरोप को प्रतिक्रिया की जरूरत है। जी-20 को प्रतिक्रिया की जरूरत है। रूस को मौत का तांडव मचाना बंद करने के लिए कड़ी कार्रवाई की ज़रूरत है। हाल के महीनों में अमेरिका के शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं होने के कारण रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को रूस ने राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। जो 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था। ग्लाइड बम सोवियत दौर के हैं। जिन्होंने यूक्रेन में जमकर तबाही मचाई है। इनमें से कुछ का वजन अब 3,000 पाउंड (1,360 किलोग्राम) हैं।

डोनेट्स्क के गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने कहा कि इस हमले में 21 लोग मारे गए और 21 अन्य घायल हुए। यह हमला पेंशन पाने के लिए इंतजार कर रहे बुजुर्गों की कतार पर हुआ। उन्होंने लिखा, यह युद्ध नहीं है।

# सैकड़ों महिलाओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को सौंपा 3 सूत्रीय मांग पत्र

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** नगर के मछलीशहर पड़ाव पर गत दिवस विद्युत प्रवाहित लोहे के खम्भे में करेंट उतरने, खुली जर्जर नाली एवं सीवर लाइन में जाली न लगने से 3 लोगों की हुई मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। इसी के बाबत 3 सूत्रीय मांगों को लेकर समाजवादी महिला सभा मंगलवार को सड़क पर उतर गयी। प्रदेश सचिव उषा जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों महिला सहित पुरूष कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।इस मौक पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये प्रदेश सचिव उषा जायसवाल ने कहा कि बीते 25 अगस्त को मछलीशहर पड़ाव पर स्थित हीरो होण्डा एजेंसी के बगल में विद्युत प्रवाहित खम्भे में लगभग एक माह से करेंट उतर रहा था। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार पोल से सटने पर एक बकरी व एक गाय की मौत हो गय थी। इसकी जानकारी विभाग को रही लेकिन विभागीय लोगों ने उसे ठीक नहीं किया जिसके चलते 25 अगस्त की शाम एक घण्टे की तेज बारिश से शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से शहर की लगभग सभी सड़कें जलमग्न हा गयीं।वहीं दूसरी ओर मछलीशहर पड़ाव पर खुली जर्जर नाली व सीवर लाइन में जाली न होने से प्राची मिश्रा 24 वर्ष पुत्री योगेश मिश्रा ने जैसे ही ई–रिक्शा पर बैठने के लिये बढ़ी कि जर्जर नाला होने से वह उसी में समाहित हो गयी। इतना ही नहीं, उसे बचाने के प्रयास में रिक्शा चालक शिवा गौतम एवं प्रयागराज से जौनपुर रिश्तेदारी में आये मो. समीर पुत्र शौकत की विद्युत प्रवाहित पोल से स्पर्श होने पर दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।उपरोक्त तीनों मृतकों के परिजनों के साथ जिलाधिकारी को पत्रक देने के दौरान सपा नेत्री उषा जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 50–50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाय। प्रत्येक परिवार में एक–एक व्यक्ति को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी दी जाय। तीनों विभाग यानी विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारी के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाय। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी दिया कि यदि शीघ्र ही उपरोक्त मांगों को अमल में नहीं लाया गया तो हम बड़े आन्दोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

# आमजन को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व विवेक त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात के कुशल निर्देशन में शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में घटित सड़क दुर्घटनाओं में अभीष्ठ कमी लाये जाने व ÷नो हेलमेट, नो फ्यूल÷ अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के संयुक्त टीम द्वारा जनपद के आजमगढ़ ङ्क वाराणसी मार्ग व आजमगढ़ ङ्क मऊ मार्ग पर पड़ने वाले समस्त पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल पम्प कार्यरत कर्मियों व आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा पेट्रोल पम्प कार्यरत कर्मियों निर्देशित किया गया कि बिना हेलमेट के किसी भी व्यक्ति को फ्यूल न दिया जाये । आमजन को यातायात नियमों के पालन करने का साथ-साथ दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने व पीछे बैठे सवारी को भी हेलमेट का प्रयोग करने हेतु बताया गया। अभियान के दौरान कुल 08 पेट्रोल पम्पों पर चेकिंग की गयी एवं यातायात पुलिस द्वारा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वाले कुल 51 के चालकों चालान किया गया । संयुक्त टीम में अतुल कुमार यादव, ARTO आजमगढ़ , विक्रांत सिंह, PTO आजमगढ़ , उ0नि0 याता0 जयशंकर सिंह, उ0नि0 याता0 गोविन्द प्रसाद, मु0आ0 चन्द्रशेखर राम, मु0आ0 आशीष यादव, मु0आ0 संजय मौर्य, व मु0आ0 आशुतोष यादव व अन्य कर्मी मौजूद रहे ।

## धान/गन्ने की पराली न जलाने के लिये किसानों को किया गया जागरूक

**आजमगढ़।** कृषि निदेशक महोदय, उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी महोदय, आजमगढ़ के निर्देश क्रम में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन फॉर इन-सीटू योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा, आजमगढ़ में आज कृषि विभाग-आजमगढ़ द्वारा मुख्य अतिथि श्री ध्रुव कुमार सिंह जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 आजमगढ़ की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा कृषकों को मोटा अनाज श्री अन्न की खेती करने हेतु जागरूक करते हुए इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा किसानों से पराली न जलाने की अपील की गयी। इस कार्यक्रम में जनपद के सु-दूर क्षेत्रों से आये तमाम कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## पौधरोपण कर विद्यार्थियों ने दिया हरियाली का संदेश



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण का आयोजन मंगलवार को किया गया। एक छात्र एक पेड़ के स्लोगन को एक छात्रा के जन्मदिवस पर सहपाठियों ने पौधरोपण से जोड़कर इस पल को और भी यादगार बनाया। छात्रा कंचन यादव ने कहा, ÷यह मेरा सबसे यादगार जन्मदिन है क्योंकि इसे प्रकृति की सेवा से जोड़ा गया है।÷ इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक गुप्ता ने छात्रों को पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन का संकल्प दिलाया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और हर छात्र को साल में एक पौधा अवश्य जरूर लगाना चाहिए। प्राध्यापक सुशील कुमार, डॉ. अबु सालेह, डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, यशि सिंह और समस्त छात्र-छात्राओं ने मिलकर उत्साहपूर्वक पौधे लगाए। इस आयोजन को ÷खुशियों और हरियाली का अनोखा मिलन÷ बताया गया। आयोजन समिति के सदस्य आंचल विश्वकर्मा, यश जायसवाल, अमन कुमार, अपेक्षा सिंह, रिन्शू सिंह, सहर फातिमा, तुबा, शिवांगी, नवीन, अंजली सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भारतीय राजनीति के पुरोधा राजा यादवेन्द्र दत्त की पुण्यतिथि पर विशेष श्रद्धांजलि

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जौनपुर रियासत के 11वें नरेश राजा यादवेन्द्र दत्त दुबे भारतीय राजनीति के ऐसे पुरोधा रहे, जिन्होंने संघ, जनसंघ और भाजपा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जन्म 07 दिसंबर 1918 को जौनपुर राजमहल में हुआ था। पिता राजा श्री कृष्ण दत्त के निधन के बाद 27 वर्ष की आयु में उनका राजतिलक हुआ। राजा साहब कुशाग्र बुद्धि और राजनीतिक दृष्टि के धनी थे। नानाजी देशमुख, गुरुजी माधवराव गोलवलकर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, मुरली मनोहर जोशी, कलराज मिश्र जैसे दिग्गज नेता समय-समय पर उनकी हवेली में आते रहे। वे तीन बार विधायक और दो बार सांसद रहे तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी बने।राजनीति के साथ ही वे कुशल शिकारी, साहित्यकार और ज्योतिष शास्त्र के ज्ञाता थे। उनकी आठ पुस्तकें प्रकाशित हुईं, जिनमें दो पुरस्कृत भी हुईं। अपनी राजसी पृष्ठभूमि के बावजूद उन्होंने कभी सरकारी साधनों का लाभ नहीं लिया, बल्कि अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा जनसंघ के प्रचार-प्रसार में लगाया। जीवनकाल में तीन बार जेल भी गए—गांधी हत्या कांड में गलत आरोप, राममंदिर आंदोलन और आपातकाल के दौरान। लेकिन वे हमेशा निष्कलंक सिद्ध हुए। 09 सितम्बर 1999 को वाराणसी के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा में उमड़े जनसैलाब को लोग आज भी याद करते हैं।

## लेखपाल ट्रेनिंग की परीक्षा का डीएम ने किया निरीक्षण



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा उमानाथ सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित लेखपाल ट्रेनिंग की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया गया। यह परीक्षा 09 सितम्बर 2025 से 13 सितम्बर 2025 तक आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक तक आयोजित हुई, द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित होगी। यह परीक्षा 03 दिवस तक दो पाली में आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त एक दिन सर्वेक्षण कार्य तथा एक दिन सदाचार व सव्यवहार की परीक्षा आयोजित होगी। आज प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। आज की परीक्षा में 214 लेखपाल में 213 लेखपाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण: आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिले के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के देऊरपुर बाजार में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में एक व्यक्ति को लोगों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक पकड़े गए व्यक्ति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमे वह धर्मांतरण के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए नजर आ रहा है। सोमवार को कुछ स्थानीय लोगों ने इस मामले में वायरल हो रहे वीडियो के आधार पर आरोपी व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में अतरौलिया थानाक्षेत्र के पुरखीपुर गांव निवासी शुभम पांडेय ने कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि सीतापुर जनपद के रहने वाला व्यक्ति जो अपना नाम सईद बता रहा है उसने मुझे देऊरपुर बाजार में बुलाया और धर्म परिवर्तन करने के लिए तरह-तरह का प्रलोभन दिया। जब मैंने ऐसा करने से मना किया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा और गाली गलौज भी किया। शुभम पांडेय का यह भी कहना है कि आरोपी अब तक कई लोगों का धर्मांतरण करा चुका है। धर्मांतरण के कार्य मे इसके साथ बाकायदा कई लोग शामिल हैं। शुभम पांडेय ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह भी आरोप लगाया कि सईद के साथ के कई लोग गांव-गांव में घूम कर कपड़े बेचने का काम करते हैं। यह लोग मासूम लोगों को बहला फुसलाकर धर्मांतरण कराते हैं। इस मामले को लेकर एसपी ग्रामीण चिराग जैन का कहना है कि कप्तानगंज थानाक्षेत्र में धर्मांतरण का मामला प्रकाश में आया है मामले की जांच क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर व थानाध्यक्ष कप्तानगंज द्वारा कराई जा रही है जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। मामले में पकड़ा गया आरोपी सीतापुर जनपद का रहने वाला है जिसका नाम सईद बताया जा रहा है। मामले में मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**आजमगढ़।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आजमगढ़ अंकित वर्मा ने बताया है कि मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक-13 सितम्बर 2025 को किया जाना है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु दिनांक 10 सितम्बर 2025, दिन बुधवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

## निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण 09 सितम्बर से 13 सितम्बर तक

**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** सहायक सम्भागीय परिहवन अधिकारी (प्रवर्तन) अतुल कुमार यादव ने समस्त व्यवसायिक वाहन चालकों/परिचालकों को सूचित किया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सडक सुरक्षा के दृष्टिगत परिवहन निगम एवं व्यावसायिक वाहन के चालकों/परिचालकों का निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण कराया जाना है। उक्त के क्रम में जनपद में दिनाँक 09 सितम्बर 2025 से 13 सितम्बर 2025 तक, स्थान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बस स्टेशन, आजमगढ़ में स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में चालकों/परिचालकों को हेल्थ कार्ड का वितरण निःशुल्क किया जाएगा। उन्होने समस्त व्यवसायिक वाहन चालकों/परिचालकों से अपील किया है कि उक्त स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर में सम्मिलित हो कर अपना स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण कराना सुनिश्चित करें।

# सीएम तक पहुंचाई जायेगी आईपीए की आवाज: कृष्ण मुरारी

- निडर होकर करें काम, किसी ने शोषण किया तो सीखायेंगे सबक: सूरज
- इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन ने समारोह पूर्वक मनाया स्थापना दिवस एवं फिजियोथैरपी-डे

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन का स्थापना दिवस एवं फिजियोथैरपी-डे पर विविध कार्यक्रम का आयोजन नगर के हरवंशपुर स्थित सिंहासिनी वाटिका में किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, विशिष्ठ अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, अभय प्रजापति, ब्लाक प्रमुख बलवंत यादव, उमेश विश्वकर्मा आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर हुआ। इसके बाद अतिथिद्वय का जोदार स्वागत करते हुए पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों को चिकित्सा मित्र बनाने सहित पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने कहा कि कोरोना में पराचिकित्सकों व ग्रामीण चिकित्सकों के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। आईपीए की मांगों को सीएम तक पहुंचाकर एसोसिएशन की मांगों पूरा कराने का भरसक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहाकि सरकार पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षित करा देती है तो निश्चित ही ग्रामीण स्तर पर ही मरीजों का प्राथमिक चिकित्सा मिलेगी, जिससे अनेको मरीज लाभांवित होंगे। फिजियोथैरपी-डे की बधाई देते हुए भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव ने कहाकि किसी भी दशा में आजमगढ़ में आईपीए के पराचिकित्सकों और ग्रामीण चिकित्सकों को शोषण नहीं होने दिया जायेगा। अगर कोई भी आप का शोषण करेगा तो उसकी जानकारी हमे दीजिए बाकि हम देख लेंगे। आईपीए का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पराचिकित्सक और ग्रामीण चिकित्सक एकजुट होकर आईपीए को मजबूत करें। उन्होंने वादा किया कि शासन तक एसोसिएशन की मांग पहुंचाई जायेगी और शीध्र ही मांगों को पूर्ण कराया जायेगा। ब्लाक प्रमुख बलवंत यादव ने कहाकि शिक्षा मित्र की भांति चिकित्सा मित्र भी ग्रामीणांचल की स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभा सकते है।

सभी के प्रति आभार जताते हुए आईपीए प्रदेश अध्यक्ष डा. एच.जी. विश्वकर्मा ने कहा कि हमारी मांग है कि पराचिकित्सकों एवं अनुभवशील ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार करने का अधिकार प्रदान किया जाए, पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों को सम्मान देते हुये चिकित्सा मित्र बनाने का सौगात दी जाएं। वहीं रामकेश यादव ने बताया कि नर्सिग एवं पैरामेडिकल के हर विभाग की भर्ती निकाली जाए, अनुभवशील ग्रामीण चिकित्सकों को शासन द्वारा अधिकृत कुशल चिकित्सकों जैसे (जिला चिकित्सालय, सामुदायिक केंद्र एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सालय) द्वारा 6 से 12 माह का प्रशिक्षण दिलाकर प्राथमिक उपचार करने की स्वीकृति प्रदान की जाए, स्वास्थ्य संबन्धित रोगों से बचाव के लिए जन जागरुकता के लिए पराचिकित्सकों को प्राथमिकता दी जाए। संचालन अभय तिवारी ने किया। इस अवसर पर डा नीतिश यादव, दीपक पांडेय, डा अजीत कुमार, डा अनिल कुमार, डा मुकेश यादव, डा आरके भारद्वाज, डा बीएल उपाध्याय, आरके यादव, नबिशान अहमद, पीके विश्वकर्मा, डा हरिश्चन्द्र यादव, डा संतोष विश्वकर्मा, डा रविप्रकाश, डा राजकुमार, डा विजय मौर्य, डा के आर सक्सेना, डा अवधेश विश्वकर्मा, डा प्रवेश यादव, डा विजय यादव, डा प्रशांत श्रीवास्तव, डा अमन विश्वकर्मा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **01.10.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 09602025 dated 09.09.2025 | |
| निविदा सं. | 1. 15-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26<br>3. 17-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 | 2. 16-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26<br>4. 18-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य)–प्रथम/सुलतानपुर अनुभाग में सुलतानपुर से उतरेटियाँ (छोड़कर) सर्विस भवन और स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत का प्रावधान।<br>2. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर(कार्य)–प्रथम/सुलतानपुर के खंड में समपार और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत और सुलतानपुर से उतरेटियाँ (छोड़कर) तक पुलों की मरम्मत का प्रावधान।<br>3. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर(कार्य)–द्वितीय/सुलतानपुर के खंड में समपार और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत और जफराबाद (छोड़कर) से सुलतानपुर (छोड़कर) और अयोध्या (अयोध्या छोड़कर) से पीपरपुर तक पुलों की मरम्मत का प्रावधान।<br>4. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर(कार्य)–द्वितीय/सुलतानपुर के खंड में समपार और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत और जफराबाद (छोड़कर) से सुलतानपुर (छोड़कर) और अयोध्या (अयोध्या छोड़कर) से पीपरपुर तक पुलों की मरम्मत का प्रावधान। | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹2,79,52,059.04<br>3. ₹2,78,67,249.52 | 2. ₹1,49,90,081.67<br>4. ₹1,49,83,328.41 |
| धरोहर राशि | 1. ₹2,89,800/-<br>3. ₹2,89,300/- | 2. ₹2,25,000/-<br>4. ₹2,24,900/- |
| कार्य समापन की अवधि | क्र.सं. 1 से 4 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 17.09.2025 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01.10.2025 को 15:00 बजे | |

नोट: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2743/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आजादी से लेकर अब तक हर क्षेत्र में हुआ सर्वांगीण विकास

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश / 2047 के परिपेक्ष्य में आज सुदिति ग्लोबल ऐकैडेमी में शासन द्वारा नामित वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारियों, जिलाधिकारी ने प्रगतिशील कृषकों, कृषि उत्पादन श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों, पॉलीहाउस के स्वामियों से संवाद करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को 2047 तक समर्थ-विकसित प्रदेश बनाने के लिए आपके महत्वपूर्ण विचार आमंत्रित किए हैं, आप सब शासन स्तर से उपलब्ध कराये गये क्यू.आर. कोड को स्कैन करें या वेबसाइट पर अपने सुझाव अवश्य दें ताकि आपके अमूल्य सुझाव इस प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने में सहयोग कर सकें। सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई.पी.एस. राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होंगे, आजादी से लेकर अब तक हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हुआ है, खाद्यान्न से लेकर तकनीकि, सुरक्षा के क्षेत्र में हम पूरी तरह आत्मनिर्भर है, 2047 में हमारा देश विश्व का सबसे समृद्धशाली, शक्तिशाली देश बने, विकसित देशों की श्रेणी में प्रथम पंक्ति में हो, यह सपना देश के प्रधानमंत्री ने देखा है और इस सपने को पूरा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को देश का सबसे विकसित प्रदेश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, उ.प्र. को विकसित प्रदेश बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक से सुझाव मांगे हैं, आपके सुझाव अमूल्य हैं।

उन्होने कहा कि किसी भी प्रदेश, देश का विकास तभी संभव है, जब वहां की कानून व्यवस्था बेहतर हो, उद्यमियों को उद्योगों की स्थापना के बेहतर संसाधन मुहैया हों, विगत् कुछ वर्षों में प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य हुआ, आज प्रदेश के निवासी अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों, महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को ग्राम देवता के नाम से संबोधित किया गया है, ग्राम देवता ने सोने-चांदी से नहीं बल्कि मिट्टी से प्यार किया है, किसानों की मेहनत के दम पर हम सबको खाद्यान्न उपलब्ध हो रहा है, मेहनतकश किसान, घर की सरस्वती महिलाओं के बल पर ही हमारा समाज दिन-प्रतिदिन विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों में किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए समान योजनाएं संचालित है, हम सबका प्रयास है कि संचालित योजनाओं का लाभ आसानी से किसानों तक पहुंचे।

# डॉ ननकू राम बनाए गए मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से आज़मगढ़ सहित छह जिलों में नए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती की है। आज़मगढ़ का कार्यभार अब डॉ. ननकू राम को सौंपा गया है, जो इससे पहले जालौन स्थित महिला चिकित्सालय में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर कार्यरत थे। इस निर्णय का उद्देश्य जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को पूरा करना और ग्रामीण इलाकों में आवश्यक सेवाओं को बेहतर बनाना है। आज़मगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को देखते हुए, नए मुख्य चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति से अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार होगा, जिससे आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकेंगी।डॉ. ननकू राम ने अपनी नई जिम्मेदारी के बारे में कहा, ÷मैं पूरी कोशिश करूंगा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाएँ। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी वर्ग के लोग, विशेषकर ग्रामीण समुदाय, उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त कर सकें।÷ मानना है कि डॉ. ननकू राम की तैनाती स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नई तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन होगा और आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।


## आम सूचना

मेरी सम्पत्ति का एक असल बैनामा फोटो कॉपी कराते समय दि.8.9.2025 को गणेशपुर चौक के पास (रूडकी) में कहीं गिर गया था, जो तलाशने पर भी नहीं मिला,जो ओमकार सिंह पुत्र कलीराम निवासी ग्राम लिब्बरहेडी, प्र0मंगलौर तहसील रूडकी(हरिद्वार)से खरीद किया था, जिसकी बही सं.1, जिल्द 719, पेज 25-40 दस्तावेज सं.6793 दि.16.12.2009 में दर्ज है यदि किसी को मिले तो 7 दिन के भीतर संपर्क करें। बादशाही बेगम द्वारा पंकज सिंह एड.चै.141, सिविल कोर्ट , सहारनपुर मो. 9675983535


# एक अर्पित सिंह के छह अवतार: यूपी स्वास्थ्य विभाग में 4.5 करोड़ का घोटाला

**अवधनामा संवाददाता**

- मानव संपदा पोर्टल से खुला राज़ एक ही नाम पर छह नौकरियां

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग में एक चौंकाने वाला घोटाला उजागर हुआ है। मानव संपदा पोर्टल की जांच में सामने आया कि अर्पित सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह, जन्मतिथि 12 जून 1989 नामक व्यक्ति छह अलग-अलग जिलों में एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत पाया गया। अनुमान है कि इस फर्जीवाड़े के चलते लगभग 4.5 करोड़ रुपये का वेतन निकाला गया।

**नरैनी सीएचसी का मामला–** बाँदा जिले के नरैनी सीएचसी में अर्पित सिंह की नियुक्ति 25 जुलाई 2016 को हुई थी। वर्ष 2016-17 में उसने यहाँ पर एक्स-रे टेक्नीशियन के रूप में कार्य किया। उस समय डा. बी.एस. राजपूत सीएचसी प्रभारी थे।

**सीएमओ ने कराई प्राथमिकी–** बाँदा के तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को जब इस गड़बड़ी की जानकारी हुई तो उन्होंने दिसम्बर 2017 में ही नरैनी कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करवाई। इसके बाद अर्पित सिंह फरार हो गया और तब से उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।

**घोटाले का नेटवर्क–** रिकॉर्ड के अनुसार, हाथरस, रामपुर, बाँदा, बदायूँ, बलरामपुर और फर्रुखाबाद जिलों में एक ही नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि वाले अर्पित सिंह नौकरी कर रहे थे। कई जगह स्थायी पता भी प्रताप नगर, शाहगंज, आगरा दर्ज है।

**जांच और कार्रवाई –** घोटाले का खुलासा होते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। फर्रुखाबाद समेत कई जिलों में तीन सदस्यीय जांच समितियाँ गठित की गई हैं। विभागीय अधिकारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि इतनी बड़ी गड़बड़ी वर्षों तक उनकी नजरों से कैसे बची रही।

**युवाओं में आक्रोश–** घोटाले के सामने आने के बाद बेरोजगार युवाओं में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि जहाँ लाखों युवा एक नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं एक नाम पर छह-छह नियुक्तियाँ होना भर्ती प्रक्रिया और विभागीय निगरानी की पोल खोलता है।

# फरियादियों की सुनी समस्याएं

**अवधनामा संवाददाता**



**लालगंज/आजमगढ़।** लालगंज के अंतर्गत सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मे उपजिलाधिकारी लालगंज मे स्छरू राजकुमार बैठा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 29 फरियादी आए, मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। शेष 26 फरियादियों के प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया। रसूलपुर गांव निवासी चंद्रबली पुत्र देवराज ने शिकायत किया की घूर गड्डा पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार लालगंज को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। चिरकहिट गांव निवासी विमला पत्नी रामबचन अपनी भूमि पर कब्जा को लेकर शिकायत किया। इस पर उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकांश अधिकारी मोबाइल पर व्यस्त दिखे नजर आए। इस मौके का तहसीलदार लालगंज उमेश सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश श्रीवास्तव, BDO लालगंज मनोज शर्मा, प्रभारी सीडीपीओ लालगंज मीना देवी, राजस्व निरीक्षक आदि के अलावा संबंधित विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसके पश्चात एसडीएम लालगंज ने सभी बीएलओ की बैठक कर त्रिस्तरीय चुनाव की तैयारी को लेकर मतदाता सूची मे सुधार करने का निर्देश दिया।उन्होंने चेतावनी दिया कि अगर गड़बड़ी पाई जाएंगी तो संबंधित बीएलओ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में गुरूवार उप्र. माध्यमिक शिक्षा खेलकूद के अन्तर्गत 69वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अन्डर-19, अन्डर-17 व अन्डर-14 बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में अलग - अलग विद्यालयों के लगभग 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दयानन्द शुक्ल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज रेणुसागर, ख्रीस्ट ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट, महिला मंडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट, राजकीय इण्टर कालेज पिपरी व मेजबान विद्यालय के खिलाड़ी सम्मिलित हुए।


## कोर्ट नोटिस

इश्तहार मजरिया सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर। प्रकीर्ण वाद सं0194 सन 2025 1. निशान्त शर्मा पुत्र श्री सुशील शर्मा 2. युवान वत्स आयु लगभग 5-1/2 वर्ष नाबालिग पुत्र निशान्त शर्मा द्वारा अपने प्राकृतिक पिता व कानूनी संरक्षक श्री निशान्त शर्मा पुत्र श्री सुशील शर्मा निवासी भवन संख्या 4/1036, मौहल्ला मटिया महल, खालापार डाकघर, सहारनपुर प0 तहसील व जिला सहारनपुर..बनाम..आम जनता.(विपक्षी) दरख्वास्त मुसम्मा प्रार्थी निशान्त शर्मा आदि वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल जर 14,14, 136.50/- रूपये. किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा निशान्त शर्मा आदि मुतवफ्फा श्रीमति प्रतिभा शर्मा अपने बसूजिब ऐक्ट 7 सन 1889 ई0 बकैद 4,00,000/- रूपये 10 हमराह मुसम्मा उक्त ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख 9.10.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है जिस किसी की नस्बत दरख्वास्त के उज्ज हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर बतारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दस्सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा। हाजिर हुक्म मुनासिब निस्ब दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा लअमरकूम 9 माह 9 सन 2025

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडि सहारनपुर**

## सर्राफा बाजार में लंबी छलांग

# सोना 5080 चढ़कर नए शिखर पर, चांदी 1.28 लाख के पार पहुंची

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने का भाव 5,080 रुपये की तेजी के साथ 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये बढ़कर 1,28,800 रुपये प्रति किलोग्राम सभी करों सहित के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सोने का भाव 5,080 रुपये की तेजी के साथ 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये बढ़कर 1,28,800 रुपये प्रति किलोग्राम सभी करों सहित के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

चालू कैलेंडर वर्ष में सोने की कीमतों में 33,800 रुपये प्रति 10 ग्राम या लगभग 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 10 ग्राम हो गई है।

वैश्विक बाजारों में मंगलवार को

**वृद्धि**

**चालू कैलेंडर वर्ष में सोने की कीमतों में 33,800 रुपये प्रति 10 ग्राम या लगभग 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।**

सोना 3,659.27 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बाद में यह कीमती धातु 16.81 डॉलर या 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,652.72 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.29 पर कारोबार कर रहा था।

व्यापारियों का कहना है कि



पिछले हफ्ते अमेरिकी श्रम बाजार के कमजोर आंकड़ों ने मौद्रिक नीति में ढील की संभावना बढ़ा दी है। इससे निवेशकों का रुझान सोने जैसी सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की ओर बढ़ा है। डॉलर में गिरावट ने सर्राफा कीमतों में तेजी को और बल दिया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक कमोडिटीज सौमिल गांधी ने कहा कि केंद्रीय बैंकों की मजबूत मांग, एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों में निवेश और ब्याज दरों में कटौती की अटकलों से कीमती धातुओं में रिकॉर्ड तोड़ तेजी आई है।

गांधी ने आगे कहा कि सुरक्षित-आश्रय परिसंपत्तियों की निरंतर मांग भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण है व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव की चिंताओं ने भी इस तेजी में योगदान दिया है।

ब्रोकरेज फर्म ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी त्रिवेश डी ने कहा कि वैश्विक बाजारों में पीली धातु 3,659 डॉलर प्रति औंस के आसपास घूम रही है। यह नए रिकॉर्ड बना रही है।

त्रिवेश डी ने कहा कि यह उछाल अमेरिकी फेड के आशावाद की प्रतिक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि यह वृहद कारकों का एक आदर्श तूफान है। फेड फेडरल रिजर्व द्वारा अगली तिमाही में ब्याज दरों में दो से तीन बार कटौती किए जाने की व्यापक उम्मीद है। इससे वास्तविक प्रतिफल कम होगा और सोने का आकर्षण बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि डॉलर के प्रभुत्व पर दबाव पड़ रहा है क्योंकि केंद्रीय बैंक लगातार अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड से अलग अपने भंडार में विविधता ला रहे हैं। यह प्रवृत्ति तीन साल से भी ज्यादा समय से जारी है। उन्होंने आगे कहा कि, रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर बढ़ते टैरिफ खतरों तक, भू-राजनीतिक जोखिम को देखते हुए, सुरक्षित-आश्रय परिसंपत्तियों की मौलिक खरीद अधिक मजबूत हो गई है।

# टाटा एआईजी स्वास्थ्य बीमा के साथ अपने परिवार के स्वास्थ्य को डेंगू से सुरक्षित रखें

**लखनऊ।** लखनऊ में डेंगू के मामलें लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारीयों से मिली जानकारी के अनुसार, इस साल अब तक डेंगू के 58 केसेस दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 22 पिछले 45 दिनों में मिले हैं। अप्रैल में 6, मई में 6, जून में 11, जुलाई में 10 और अगस्त के पहले 12 दिनों में 12 केसेस पाए गए थे। पिछले दो महीनों में तेज़ी से हो रही वृद्धि इसमें साफ़ दिखाई दे रही है। इसके अलावा, अगस्त में मलेरिया के 6 केसेस दर्ज किए गए। लेकिन, लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) के अधिकारियों ने बताया कि मानसून में वेक्टर जनित बीमारियों का बढ़ना एक आम बात है और शहर भर में निवारक उपायों को और तेज़ किया जा रहा है।

डेंगू और अन्य संबंधित बीमारियों के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों और खर्चों को देखते हुए, समय पर और पर्याप्त मेडिकल सहायता सुनिश्चित करने के लिए मज़बूत स्वास्थ्य बीमा होना ज़रूरी है। टाटा एआईजी की व्यापक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियाँ इन ज़रूरतों और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

स्वास्थ्य बीमा कवर की कुछ प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं-

इन-पेशंट उपचारः पॉलिसी अवधि के दौरान किसी बीमारी/चोट के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा तो उसके खर्चों को कवर करता है, अगर बीमित व्यक्ति बतौर इन-पेशंट अस्पताल में भर्ती है। इस पर कोई भी उप-सीमा नहीं है और बीमित राशि तक खर्चों को कवर किया जाता है।

ओपीडी कवरः पॉलिसी के नियमों और शर्तों के अधीन, मरीज़ को प्रत्येक पॉलिसी वर्ष में आउट-पेशंट कन्सल्टेशन और दवा के लिए ?20,000 तक के कवर एक्सेस मिलता है। यह लाभ समय पर मेडिकल देखभाल और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करता है, जिससे व्यक्ति वित्तीय चिंताओं के बिना अपने स्वास्थ्य का प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर पाता है।

कन्ज्यूमेबल्स कवरः अस्पताल में भर्ती होने पर, पॉलिसी न केवल अस्पताल में भर्ती होने के खर्च को कवर करती है, बल्कि उपचार में आवश्यक विशिष्ट मेडिकल कंज़्यूमेबल सामग्रियों के खर्च को भी कवर करती है। यह सुनिश्चित करता है कि मरीज़ों को अस्पताल में भर्ती होने के समय अतिरिक्त मेडिकल आवश्यकताओं के लिए अपनी जेब से भारी खर्च न करना पड़े।

अस्पताल में भर्ती होने से पहले और बाद के खर्च- इसमें अस्पताल में भर्ती होने की तारीख से पहले और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद निर्धारित दिनों तक कन्सल्टेशन, जाँच और दवाओं के खर्चों को कवर किया जाता है। बीमित बच्चे के साथ आने वाले व्यक्ति के लिए दैनिक नकद- अगर बीमित व्यक्ति 12 वर्ष या उससे कम आयु का बच्चा है और वह अस्पताल में भर्ती है, तो उस बच्चे के साथ 24 घंटे रहने के लिए आने वाले एक वयस्क के लिए अधिकतम 2000 रुपये प्रतिदिन तक की एक निश्चित लाभ राशि का भुगतान किया जाता है।

## एनएसई ने आईएफएससीए के पूर्व प्रमुख इंजेती श्रीनिवास को नियुक्त किया चेयरमैन

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण आईएफएससीए के पूर्व अध्यक्ष इंजेती श्रीनिवास को मंगलवार से अपना अध्यक्ष नियुक्त किया है। एनएसई में दो साल से कोई चेयरमैन नहीं था। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब एक्सचेंज अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ की तैयारी कर रहा है। ओडिशा कैडर के 1983 बैच के आईएएस अधिकारी श्रीनिवास पिछले सप्ताह एनएसई के बोर्ड में जनहित निदेशक के रूप में शामिल हुए। एक बयान में, एनएसई के बोर्ड और प्रबंधन ने श्रीनिवास का एक्सचेंज के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में स्वागत किया।

इससे पहले श्रीनिवास कॉरपोरेट मामलों के सचिव के रूप में कार्य किया है। वे आईएफएससीए के संस्थापक अध्यक्ष थे। वहां उन्होंने संस्थागत सुधारों, शासन वृद्धि और प्रणालीगत नीति नवाचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

श्रीनिवास को कॉर्पोरेट और वित्तीय विनियमन, औद्योगिक संवर्धन, कॉर्पोरेट और दिवालियापन कानून, प्रतिस्पर्धा कानून, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, लागत लेखा, कंपनी सचिव कानून, सार्वजनिक नीति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में चार दशकों से अधिक का अनुभव है।

इससे पहले, केंद्रीय खेल सचिव और भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक के रूप में, उन्होंने खेलो इंडिया कार्यक्रम शुरू करने की नींव रखी थी। उन्होंने भारत के खेल प्रशासन ढांचे में व्यापक बदलाव दिया था। उन्होंने राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण का भी नेतृत्व किया है। वे कोसोवो और अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के साथ भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने सेबी के साथ-साथ एलआईसी के बोर्ड में भी कार्य किया और 2017 से 2023 तक भारतीय वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद के सदस्य रहे।

## कैनन इंडिया ने पूरे देश में रिटेलर्स के लिए अपना 'रिटेलर उत्सव' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** अपने रिटेल पार्टनर नेटवर्क को मजबूत बनाने और आगामी त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए कैनन इंडिया ने 'रिटेल उत्सव' का लॉन्च किया है। यह पार्टनर्स के बीच पहुँचने का एक अत्यधिक प्रभावशाली और विस्तार योग्य कार्यक्रम है, जिसमें 45 से अधिक शहरों के 4,000 से अधिक रिटेलर्स हिस्सा लेंगे। यह प्रोग्राम चार प्रमुख मेट्रो शहरों - दिल्ली, मुंबई, बैंगलुरू और कोलकाता में लॉन्च किया गया था। हाल ही में इसका आयोजन लखनऊ शहर में किया गया और अब इसका विस्तार भारत के अन्य शहरों में किया जाएगा। यह अभियान जोशीले और इंटरैक्टिव फॉर्मेट में उत्साह बढ़ाने, सामुदायिक समर्थन हासिल करने और कैनन के उत्पादों की मुख्य पेशकशों, जारी कार्यक्रमों तथा उनके फायदों के बारे में बताने के लिए डिज़ाईन किया गया है।

'रिटेल उत्सव' भारत में त्योहारों की जीवंत भावना के अनुरूप शुरू किया गया समारोह है, जो संबंधों, खुशी और साझा सफलता को प्रोत्साहित करता है। इस साल यह



उत्सव और अधिक खास है क्योंकि इसके साथ कैनन इंडिया के फ्लैगशिप मेगाटैंक प्रिंटर 10 साल पूरे कर रहे हैं। उनका 10 सालों का यह सफर इनोवेशन, विश्वसनीयता और लाखों ग्राहकों के विश्वास का सफर है। यह अभियान विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं और स्टोर फॉर्मेट्स के अनुरूप डिज़ाईन किया गया है तथा कैनन इंकजेट प्रिंटर एवं लेज़र प्रिंटर श्रेणियों की मुख्य जानकारी प्रदान करता है। मौजूदा योजनाओं के बारे में बताता है, तथा इंटरैक्टिव एवं ऑन-ग्राउंड अनुभवों द्वारा रिटेलर्स की निष्ठा के लिए उन्हें पुरस्कृत करता है।

इस अभियान के अंतर्गत एक नए एवं गेमिफाईड दृष्टिकोण के साथ कैनन उत्पादों के बारे में क्विज, रिटेल डिस्प्ले प्रोग्राम, एवं रिवॉर्ड आदि के माध्यम से जुड़ाव बढ़ेगा। रिटेलर्स को आकर्षक प्रोत्साहनों के साथ अनेक रिवार्ड स्लैब उपलब्ध होंगी।

इस अभियान के बारे में श्री सी सुकुमारन, सीनियर डायरेक्टर, प्रोडक्ट्स एवं कम्युनिकेशन सेंटर, कैनन इंडिया ने कहा, ''रिटेल उत्सव कैनन के विकास के सफर में हमारे रिटेल पार्टनर्स के योगदान को सम्मानित करने का हमारा प्रयास है। यह हमें उनसे जमीनी स्तर पर मिलने, उनकी बात सुनने और उन्हें सफल होने के लिए टूल्स उपलब्ध कराने का अवसर प्रदान करता है। यह भारत में ग्राहकों तक कैनन के इनोवेशन पहुँचाने में उनकी बहुमूल्य भूमिका की खुशी मनाता है। हमारे मेगाटैंक प्रिंटर के 10 साल पूरे होने के अवसर पर रिटेल उत्सव त्योहारों की खुशी मना रहा है, व्यवसायों को सशक्त बना रहा है, और एक मजबूत एवं कनेक्टेड रिटेल परिवेश स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता पर जोर दे रहा है, जिससे आने वाले त्योहारों पर मौजूद संभावनाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।''

## जीएसटी कानून में सुधारों से अर्थव्यवस्था में बढ़ेगी मांग पर राजस्व घटेगा, मूडीज ने किया दावा

**नई दिल्ली।** वैश्विक एजेंसी मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में जीएसटी दरों में कमी किए जाने से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। इससे देश को ऐसे समय पर मदद मिलेगी जब यह अमेरिका की ओर से लगाए गए 50% टैरिफ के कारण दबाव से निपटने की तैयारी कर रहा है।

भारत में हुए जीएसटी सुधारों पर अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी अपनी राय दी है। एजेंसी ने बताया है कि जीएसटी सुधारों से, जिसके तहत 375 वस्तुओं पर कर की दरें कम की गई हैं आम लोगों के घर के बजट पर सकारात्मक असर पड़ेगा। एजेंसी ने कहा है कि इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि इन सुधारों से सरकारी राजस्व में कमी आएगी। मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत की प्रभावी जीएसटी दरों में कमी से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। इससे देश को ऐसे समय पर मदद मिलेगी जब यह अमेरिका की ओर से लगाए गए 50% टैरिफ के कारण दबाव से निपटने की तैयारी कर रहा है। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह अपनी बैठक में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय संरचना बनाने को मंजूरी दी। तंबाकू और संबंधित उत्पादों तथा अति विलासिता वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर रखी गई। नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी, तंबाकू और संबंधित उत्पादों को छोड़कर, जिन पर 31 दिसंबर तक 28 प्रतिशत कर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू रहेगा। वर्तमान में जीएसटी 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब में लगाया जाता है। इसमें कहा गया है, जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप है, जो फरवरी में शुरू की गई उच्च आयकर सीमा का पूरक है, जिससे कई मध्यम आय वाले परिवारों को आयकर से छूट मिली और अन्य के लिए आयकर भुगतान कम हुआ।

# बिरला टायर्स बना डीपी वर्ल्ड एशिया कप 2025 का आधिकारिक टायर पार्टनर

**कोलकाता।** बिरला टायर्स यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस करता है कि वह आगामी डी पी वर्ल्ड एशिया कप 2025 का आधिकारिक टायर पार्टनर होगा। यह प्रतिष्ठित साझेदारी ब्रांड की उस दृष्टि को दर्शाती है जिसमें क्रिकेट की भावना को आत्मसात किया गया है । एक ऐसा खेल जो करोड़ों लोगों को देशों, संस्कृतियों और समुदायों के बीच जोड़ता है। डी पी वर्ल्ड एशिया कप दुनिया के सबसे चर्चित क्रिकेट टूर्नामेंट्स में से एक है, और यह सहयोग बिरला टायर्स की परफॉर्मेंस, भरोसे और मजबूती के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। वे मूल्य जो क्रिकेट के खेल और उन करोड़ों ग्राहकों की यात्रा से गहराई से जुड़े हैं जो इस ब्रांड पर विश्वास करते हैं।इस अवसर पर हिमाद्री स्पेशलिटी केमिकल लिमिटेड के सी एम डी एवं सी ई ओ श्री अनुराग चौधरी ने कहा डी पी वर्ल्ड एशिया कप 2025 का आधिकारिक टायर पार्टनर बनना हमारे लिए एक गर्व का क्षण है। क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है; यह एक भावना है जो करोड़ों लोगों को जोड़ती है। डलमिया भारत रेफ्रेक्ट्रीज़ लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं सी ई ओ डॉ. चन्द्रा नरैन महेश्वरी ने आगे कहा इस साझेदारी के माध्यम से हम दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत करने की आशा रखते हैं, साथ ही अपने ब्रांड के लचीलेपन, विश्वास और प्रदर्शन के मूल्यों को उजागर करना चाहते हैं।

बिरला टायर्स की विरासत को मजबूत बनाते हुए दशकों से, बिरला टायर्स टायर उद्योग में एक विश्वसनीय नाम रहा है, जो उच्च गुणवत्ता, टिकाऊ और नवोन्मेषी उत्पाद प्रदान करने के लिए जाना जाता है। मजबूत घरेलू उपस्थिति और लगातार बढ़ते वैश्विक विस्तार के साथ, ब्रांड अपनी डिपेंडेबिलिटी और एक्सीलेंस की मूल भावना के साथ विकसित होता जा रहा है।डीपी वर्ल्ड एशिया कप 2025 के साथ यह साझेदारी बिरला टायर्स की अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में दृश्यता को काफी बढ़ाएगी, जिससे प्रशंसकों और उपभोक्ताओं के बीच गहरा जुड़ाव बनेगा और कंपनी की स्थिति को मोबिलिटी, प्रगति और विकास के सहयोगी के रूप में और सुदृढ़ किया जाएगा।

## ब्रेन लीग से जुड़ें कोटक कन्या छात्रवृत्ति के साथ जहां शीर्ष NIRF विद्वान मिलते हैं असीम संभावनाओं से!

**नई दिल्ली।** कोटक एजुकेशन फाउंडेशन, जो कोटक महिंद्रा ग्रुप की सीएसआर शाखा है, यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है कि 'कोटक कन्या छात्रवृत्ति कार्यक्रम' के तहत 500 नई छात्रवृत्तियाँ शुरू की जा रही हैं। यह कार्यक्रम लगातार पांचवें वर्ष मेधावी और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग की छात्राओं को उनके उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा करने की दिशा में सशक्त बना रहा है।

ड्रीम इट. चेज़ इट. ओन इट. के प्रेरणादायी मंत्र के साथ, कोटक कन्या छात्रवृत्ति शिक्षा में लैंगिक खाई को पाटने की दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल है। यह छात्रवृत्ति देश के शीर्ष हृढ्ढक्रस्न और ढ्ढस्ट मान्यता प्राप्त संस्थानों में स्ञ्चश्वरू चिकित्सा, कानून, वास्तुकला, डिज़ाइन और अन्य क्षेत्रों में स्नातक अध्ययन कर रही छात्राओं को सहायता प्रदान करती है।

भारत भर के 136 शीर्ष संस्थानों की छात्राएँ इसमें शामिल

2021 से अब तक कोटक कन्या छात्रवृत्ति ने 24 राज्यों में 1,025 से अधिक छात्राओं को प्रभावित किया है, जिनमें केवल 2024 में 500 नई छात्राएँ शामिल हुईं। केवल वित्तीय सहायता ही नहीं, बल्कि चश्वस्न गहन छात्र सहभागिता और 'फिनिशिंग स्कूल' गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं का समग्र विकास सुनिश्चित करता है।

कोटक एजुकेशन फाउंडेशन की छात्रवृत्ति प्रमुख और कार्यकारी समिति सदस्य आरती कौलगुड ने कहा-

कोटक एजुकेशन फाउंडेशन में हमारा दृष्टिकोण अकादमिक उत्कृष्टता से आगे बढ़कर है। कोटक कन्या छात्रवृत्ति के माध्यम से हम केवल प्रतिभाशाली युवतियों को आर्थिक मदद नहीं देते, बल्कि उनके चरित्र, विवेक और संभावनाओं में निवेश करते हैं। इस वर्ष हमारी पहली खेप मज़बूत नियुक्तियों और स्पष्ट उद्देश्य के साथ पेशेवर जीवन में कदम रख रही है। वे जहाँ भी जाएँगी, दृढ़ता और नेतृत्व का प्रभाव छोड़ेंगी।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने चांसलर स्वर्ण पदक विजेता नैन्सी को किया सम्मानित

**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर की छात्रा सुश्री नैन्सी को सम्मानित किया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्ष्यता में आयोजित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया।

नैन्सी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चांसलर स्वर्ण पदक अर्जित किया। उनकी इस विशिष्ट शैक्षणिक उपलब्धि पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अपने प्रतिष्ठित बड़ौदा अचीवर्स अवॉर्ड के अंतर्गत रु. 31,000/- (इकत्तीस हजार रुपये मात्र) का पारितोषिक प्रदान किया गया।



इस अवसर पर श्री शैलेंद्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल ने कहा, बैंक ऑफ बड़ौदा मेधावी छात्रों की असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित करने पर गौरवान्वित है। 'बड़ौदा अचीवर्स अवॉर्ड' जैसी पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य युवाओं को शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है।

दीक्षांत समारोह में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, भारतीय वायुसेना (मुख्य अतिथि); माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश श्री आशीष पटेल (विशिष्ट अतिथि) तथा प्रो. जय प्रकाश पांडेय, कुलपति, ए.के.टी.यू. सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

बैंक ऑफ बड़ौदा शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवा विकास की दिशा में अपनी सीएसआर गतिविधियों एवं संस्थागत सहयोगों के माध्यम से निरंतर योगदान करता आ रहा है और राष्ट्र निर्माण में एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।

## लाइट्स, कैमरा, डेकॉरः रॉयल ग्लिट्ज़ के साथ अल्टीमेट होम मेकओवर फिल्म में नज़र आएंगी दीपिका

**नई दिल्ली।** भारत में डेकॉर ट्रेंड स्थापित करने वाली प्रमुख कंपनी, एशियन पेंट्स, अपने लग्ज़री ब्रांड रॉयल ग्लिट्ज़ को प्रीमियम वॉल फ़िनिश से अब एक संपूर्ण होम डेकॉर के तौर पर उभार रही है। यह जर्नी जीवंत हो उठती है जब ब्रांड एंबेसडर दीपिका पादुकोण एक नए विज्ञापन में नज़र आती हैं और इसी के साथ वह पर्दे पर अपनी वापसी भी कर रही हैं, जिसका लोग लंबे अरसे से इंतज़ार कर रहे थे।

यह अभियान उन सामान्य पेंट की श्रेणियों से कहीं आगे है, जहां आमतौर पर शेड्स और फ़िनिश पर ही ध्यान केंद्रित होता है। यह रॉयल ग्लिट्ज़ को केवल एक लग्ज़री पेंट से कहीं बढ़कर स्थापित करता है जहां यह हर डिज़ाइन स्टोरी का स्टार्टिंग पॉइंट बन जाता है।

इस विज्ञापन फ़िल्म के केंद्र में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण हैं। जैसे-जैसे वह रॉयल ग्लिट्ज़ के रंगों और टेक्सचर के साथ जुड़ती हैं, दीवारें जीवंत हो उठती हैं, वो भी सिर्फ़ एक सतह के रूप में नहीं, बल्कि ऐसा लगता है वो बोल उठी हों और उनके पर्सनल स्टाइल को अभिव्यक्त कर रही हों। वह रॉयल ग्लिट्ज़ फ़िनिश के साथ प्रयोग करती हैं, जो न सिर्फ़ उनकी दीवारों को बदल देता है बल्कि उनके पूरे लिविंग स्पेस को पूरी तरह से बदलने के लिए प्रेरित करता है। यह अभियान दिखाता है कि कैसे दीवार की फ़िनिश सभी तरह के डिज़ाइन विकल्पों को प्रभावित कर सकती है। फिल्म की एक प्रमुख विशेषता ग्लिट्ज़ अप योर decor' गाइडबुक है यह एक ऐसा आसान और प्रेरणादायक टूल है, जो लोगों को अपने घरों को सजाने के नए तरीकों की कल्पना करने में मदद करता है। फिल्म का हर कमरा और दीवार दर्शाती है कि किस तरह से शानदार वॉल डिज़ाइन पूरे स्थान को बदल सकता है। यह गाइडबुक होम डेकॉर में एशियन पेंट्स के प्रभुत्व की पुष्टि करती है, इसमें क्यूआर कोड्स हैं जो डेमो वीडियो और आसान, प्रेरणा देनेवाले आइडियाज़ से जुड़े हैं, जिससे प्रीमियम डिज़ाइन सभी के लिए आसान भी बनेंगे और हर कोई इन डिज़ाइन्स को अपनाना चाहेगा।

## सुपर.मनी ने लीजेंडरी क्रिकेटर जॉन्टी रोड्स के साथ नई डिजिटल विज्ञापन फिल्म लॉन्च की

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट द्वारा संचालित अग्रणी यूपीआई प्लेटफॉर्म सुपर.मनी ने लीजेंडरी क्रिकेटर जॉन्टी रोड्स के साथ नई डिजिटल विज्ञापन फिल्म लॉन्च की है। कंपनी ने जॉन्टी रोड्स को अपना 'कैशबैक कैचर' बनाया है। अपने तेज रिफ्लेक्स, फुर्ती और मैदान पर शानदार प्रदर्शन के लिए मशहूर जॉन्टी रोड्स को एक ऐसे चतुर खरीदार व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है, जो फुर्तीला, सतर्क और दिखावे से दूर है।

सुपर.मनी के सह-संस्थापक प्रेमांशु सिंह ने कहा सुपर.मनी में हमारा मानना है कि रिवार्ड्स को शर्तों के साथ व जटिल नहीं बल्कि साधारण, नियमित और सच्चे अर्थों में मूल्यवान होना चाहिए। हमारा मिशन रहा है कि हर बार कुछ खर्च करते हुए यूजर्स को सीधे एवं भरोसेमंद कैशबैक के साथ कुछ पाने की खुशी हो। जॉन्टी रोड्स ने इस विज्ञापन फिल्म में इसी भावना को जीवंत किया है, जो हमेशा सक्रिय और सतर्क रहते हैं, तथा उस चीज के लिए डाइव लगाते हैं, जो सच में रिवार्डिंग है। असल में देखा जाए तो इसमें जॉन्टी रोड्स सिर्फ



अपनी भूमिका नहीं निभा रहे हैं, बल्कि हर भारतीय उपभोक्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो कई एप्स से होते हुए अंततरू उस एप तक पहुंचता है, जहां सच में कैशबैक मिलता है। इस फिल्म के माध्यम से हम सिर्फ खुशनुमा कहानी नहीं बता रहे हैं, बल्कि उपभोक्ताओं की उम्मीदों को बदलने और असली रिवार्ड्स को एक स्टैंडर्ड बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहे हैं।'

ब्रेनडैड के संस्थापक एवं क्रिएटिव डायरेक्टर (फिल्म के लिए) विशाल डायमा ने कहा, 'कैशबैक को गंवाने से बचने के लिए महान फील्डर जॉन्टी रोड्स जिस हद तक जाते हैं, वही इस फिल्म को मनोरंजक और जानकारी से भरपूर बना देता है। जॉन्टी रोड्स की फुर्ती और लोकप्रियता इस विचार को सिर्फ कॉमेडी से आगे ले जाती है। यह व्यवहार, आदत और कुछ वापस पाने के रोमांच की कहानी है।'

क्या होता है जब दुनिया का सबसे महान फील्डर क्रिकेट बॉल के बजाय कैशबैक का पीछा करना शुरू कर देता है? अपनी नवीनतम डिजिटल फिल्म में सुपर.मनी ने जॉन्टी रोड्स को मैदान से बाहर रोजाना की जिंदगी में दिखाया है, जहां वह अपनी ट्रेडमार्क वाली फुर्ती के साथ कैशबैक के लिए डाइव लगाते नजर आते हैं। इस विज्ञापन फिल्म के पीछे यह सोच है कि आज का ग्राहक हर ट्रांजैक्शन के साथ रिवार्ड की उम्मीद करता है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक भारत के 95 प्रतिशत डिजिटल उपभोक्ता कैशबैक ऑफर्स को बहुत आकर्षक मानते हैं।

जिस तरह से जॉन्टी मैदान में हर गेंद के लिए डाइव लगाते हैं, ऐसे ही आज का ग्राहक भी लगातार एक से दूसरे विकल्प आजमाता है, ताकि हर स्वाइप, टैप या स्कैन पर बेस्ट वैल्यू मिल सके। बात चाहे ग्रॉसरी खरीदने या फ्लाइट बुक करने की हो, वे ऐसे रिवार्ड चाहते हैं, जो इंस्टैंट हो, रियल हो और भरोसेमंद हो। सुपर.मनी के साथ यह दौड़ खत्म हो जाती है, क्योंकि इसके साथ हर खर्च आपके लिए जीत का मौका होती है, हर पल आपको कुछ पाने का अवसर मिलता है।

## क्लासिक लीजेंड्स ने अपनी मशहूर परफॉर्मेंस क्लासिक्स की नई कीमतों की घोषणा की

**लखनऊ।** क्लासिक लीजेंड्स (सीएल) ने जावा-यज़्दी मोटरसाइकिलों के तहत अपनी मशहूर परफॉर्मेंस क्लासिक्स की नई कीमतों की घोषणा की। इनमें से एडवेंचर, रोडस्टर, बॉबर से लेकर स्क्रैम्बलर तक ज़्यादातर मोटरसाइकिलें अब 2 लाख रुपये से कम कीमत पर उपलब्ध होंगी। दशकों पहले, नीतिगत बदलाव के चलते 2-स्ट्रोक मोटरसाइकिलों पर प्रतिबंध लग गया था, जिन्हें पर्यावरण के लिए अनुपयुक्त माना गया। इसी के साथ भारत में जावा और यज़्दी की यात्रा थम गई थी, जो तब अपने सेगमेंट की मार्केट लीडर थीं। इस माह, एक और प्रगतिशील नीतिगत बदलाव ने इन्हें फिर से सुर्खियों में ला दिया है। जावा-यज़्दी मोटरसाइकिल्स के सह-संस्थापक, अनुपम थरेजा ने कहा सरकार के साहसिक और समयानुकूल जीएसटी सुधार समाज के बड़े हित के लिए ऐतिहासिक बदलाव साबित होंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे 2-स्ट्रोक से 4-स्ट्रोक इंजन का संक्रमण हुआ था। क्लासिक लीजेंड्स इस जीएसटी सुधारों का स्वागत करता है, खासकर 350सीसी से कम मोटरसाइकिलों के लिए 18प्रतिशत की कम दर का, जिसमें हमारी 293सीसी और 334सीसी जावा और यज़्दी परफॉर्मेंस क्लासिक्स आती हैं। भले ही इससे हमारी 652सीसी बीएसए गोल्ड स्टार जैसी हाई-सीसी मोटरसाइकिलों पर टैक्स बोझ बढ़ता है, लेकिन यह प्रगतिशील कर व्यवस्था का हिस्सा है। इस बदलाव से मिड-सेगमेंट की बाइक्स बड़े समुदाय के लिए सुलभ होंगी द्द और यह भारत की मोटरसाइक्लिंग संस्कृति के लिए एक बड़ी जीत है। हम माननीय वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने मांग को नया प्रोत्साहन दिया है, जो आर्थिक मंदी और वैश्विक शुल्क युद्ध के बीच अर्थव्यवस्था को ऊर्जा देगा। दशकों पहले, नीतिगत बदलाव से हमारे ब्रांड्स का अस्तित्व धूमिल हो गया था।

# नगर पालिका परिषद कुशीनगर का कारनामा, धन के बंदरबांट की खुली पोल

**न्यायाधीश के बागीचे में अवैध तरीके से सड़क निर्माण का मामला**

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर की मनमानेपन व भ्रष्टाचार की कारस्तानी परत दर परत खुल रही है। अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला द्वारा सुनियोजित तरीके से सरकारी धन का दुरुपयोग कर गोलमाल किए जाने से लेकर अध्यक्ष प्रतिनिधि व ईओ के मिलीभगत से आचार संहिता में लाखो रुपए की धनराशि से नियम विरुद्ध तरीके से 70 अदद सोलर बैट्री की खरीदारी तक का मामला अभी शान्त भी नही हुआ कि नगर पालिका परिषद ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश स्व. केशवानन्द द्विवेदी के बागीचे में अवैध तरीके से सड़क निर्माण शुरू कराकर नया बखेड़ा खडाकर दिया। हालांकि मामला बिगड़ता देख अध्यक्ष प्रतिनिधि अपना पल्ला झाड़ते हुए सभासद पर और सभासद, अध्यक्ष प्रतिनिधि पर आरोप मढ़ते हुए बैक फूट पर आ गए है।

बता दें कि कसया शहर के वार्ड संख्या 12 बीर अब्दुल हमीद नगर मुहल्ले मे सेवा स्व. न्यायाधीश का अपना आवास व बागीचा है। सूत्र बताते है कि चार दिन पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पति राकेश जायसवाल के कारखास ठेकेदार नगर पालिका के संसाधनों के साथ बागीचे में पहुंचे और बागीचा स्वामी से बगैर अनुमति लिए व बिना सरकारी कोरमपूर्ति किए अवैध तरीके से मिट्टी गिराकर सड़क निर्माण कराने का कार्य शुरू कर दिया, जब इसकी जानकारी स्व.न्यायाधीश द्विवेदी के परिवार को हुई तो वह मौके पर पहुंच गए। परिजनों द्वारा पूछताछ पर इस बात का खुलासा हुआ कि इस कार्य को कराने के लिए नगर पालिका की ओर से न तो टेंडर निकाला गया है न बागीचे स्वामी से अनुमति ली गई है। स्व. जज केशवानंद के पुत्र राजीव द्विवेदी ने बताया कि बीते बुधवार को वीर अब्दुल हमीद नगर में स्थित उनके बगीचे में बिना पैमाईश करवाए नगर पालिका द्वारा 800 मीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। कार्य अध्यक्ष पति राकेश जायसवाल के खास ठेकेदार करवा रहे थे।

उन्होने बताया कि रास्ते पर 12 मीटर इंटरलॉकिंग हुआ है और शेष रास्ते पर अवैध तरीके से मिट्टी गिराकर सड़क निर्माण कराने का कार्य किया जा रहा था जिसकी सूचना नगर पालिका ने बगीचा स्वामी व उनके परिवार के सदस्यों को नही दी थी जब इसकी जानकारी हुई तो वह कार्य स्थल पहुंचे और वहा मौजूद ठेकेदार के मुंशी से पूछताछ किए तो मुंशी ने ठेकेदार से बात जानकारी लेने की बात कही। इसके बाद राजीव द्विवेदी ठीकेदार के मोबाइल पर संपर्क कर वार्ता की तो ठेकेदार ने कहा कि कोई विवाद नही था इसलिए सड़क बनवा रहा था। कब इस कार्य का टेंडर हुआ है पूछे जाने पर ठेकेदार ने चुप्पी साध ली और कहा कि आप मिट्टी हटवा दीजिए हम कार्य नही करवाएंगे। राजीव का कहना है कि चेयरमैन पति राकेश जायसवाल से जब वह वार्ता किए तो अध्यक्ष पति ने कहा कि बिना पैमाईश चिन्हांकन किए किसी के खेत व नम्बर की जमीन पर रास्ते का निर्माण करना न्यायसंगत नही है, चूंकि वार्ड के सभासद ने प्रस्ताव दिया था इसलिए उनके प्रस्तावित रास्ते का निर्माण करवाया जा रहा है, ठीकेदार से वार्ता कर कार्य को रोकवा देता हूं मजे की बात यह है कि वार्ड के सभासद का कहना है कि मेरे द्वारा कोई प्रस्ताव नही दिया गया है।

# एसडीएम के औचक निरीक्षण में 40 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**07:55 बजे सीएचसी मोतीचक का निरीक्षण करने पहुंच गए एसडीएम कसया**

**अवधनामा संवाददाता**



सीएचसी मोतीचक का निरीक्षण करते एसडीएम कसया

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने के लिए डीएम के निर्देश पर एसडीएम कसया आशुतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 40 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले जिनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित कर दिया। एसडीएम के निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के समस्त तहसील क्षेत्रों में एक साथ उप जिलाधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसके क्रम में उप जिलाधिकारी कसया आशुतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को सीएचसी मोतीचक पर सुबह 07-55 बजे पहुंच गए। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया, चीफ फार्मासिस्ट सतेंद्र मिश्रा सहित 6 स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित मिले, जबकि 40 अनुपस्थित रहे जिसमें कुछ डाक्टर गोरखपुर से आते है वह भी शामिल है। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्था को देखा और साफ सफाई के निर्देश दिया। इसके बाद एसडीएम ने उपस्थित पंजिका को देखा तो कुछ स्वास्थ्य कर्मियों को छोड़कर बाकी 40 अनुपस्थित रहे। इसके बाद ओपीडी, एक्सरे कक्ष, ईटीसी वार्ड, टीकाकरण कक्ष, लैब, टीवी कक्ष, लेबर रूम सहित विभिन्न वार्डो का बारीकी से निरीक्षण किया। एसडीएम के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया, निरीक्षण की जैसे सूचना मिलते ही डॉक्टर, स्टॉफ नर्स सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल की तरफ दौड़ पड़े। जब तक ये लोग पहुंचते तब तक एसडीएम अपना कार्य कर निकल पड़े थे। इस संबंध में एडीएम ने कहा कि सीएचसी मोतीचक का निरीक्षण किया गया है जिसमें तमाम स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले है जिनके विरुद्ध रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है।

# हिरण्यवती नदी की सफाई हेतु गठित हुई टास्क फोर्स

**अवधनामा ब्यूरो**

**बौद्ध अनुयायी इस नदी के जल को पवित्र मानते है और इसके समक्ष प्रार्थना करते हैं**

**कुशीनगर।** जनपद सांस्कृतिक धरोहरों को संजोए हुए है। यहां का सांस्कृतिक इतिहास मुख्य रूप से भगवान बुद्ध से जुड़ा है। कुशीनगर प्राचीन काल में मल्ल गणराज्य की राजधानी थी, जहां भगवान बुद्ध ने महानिर्वाण प्राप्त किया था। यह धरा जैनियों, वैष्णव शिव, शक्तिपीठ आदि के लिए महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है, जिसमें प्रवाहित गंडक नदी के तट पर बैठकर हिमालय के तराई के निकट ऋषि एवं महर्षि प्राचीन काल में ध्यान केन्द्रित करते थे।

तहसील कसया अन्तर्गत स्थित रामाभार स्तूप/भगवान स्तूप, बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थली से होकर हिण्यवती नदी प्रवाहित होती है जिसका बौद्ध धर्मावलम्बी के लिए ऐतिहासिक महत्व है। बौद्ध अनुयायी इसके जल को पवित्र मानते है एवं इस नदी के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना करते है। परन्तु अनेक प्रयासों के बावजूद बौद्धों की पवित्र गंगा हिरण्यवती नदी जल कुम्भी से पटी हुई है। जिसके क्रम में नदी की स्वच्छता एवं जल प्रवाह बनाए रखने के लिए हिरण्यवती नदी जीर्णोद्धार टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने गठित टास्क फोर्स का अध्यक्ष अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को नामित किए हैं, इसी प्रकार उपजिलाधिकारी, कसया, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायतीराज अधिकारी, तहसीलदार कसया, अधिशासी अधिकारी, नपाप कुशीनगर, क्षेत्रीय वनाधिकारी (रेंजर), कसया, खण्ड विकास अधिकारी, कसया/रामकोला को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने हिरण्यवती नदी जीर्णोद्धार हेतु टास्क फोर्स के कार्य एवं दायित्व निर्धारण भी किया है जिसके अंतर्गत हिरण्यवती नदी से जुड़े विभिन्न गुलों का चिन्हांकन एवं वाधाओं का निराकरण टास्क फोर्स द्वारा हिरण्यवती के जुड़ने वाले विभिन्न गुलों का चिन्हांकन अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, कुशीनगर एवं अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, द्वारा किया जायेगा।

इस प्रकार के सर्वेक्षण में सम्बन्धित हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक इनके साथ होंगे एवं सर्वेक्षण में सहयोग करेगें। गुलों के चिन्हांकन के बाद हिरण्यवती नदी से इनके जुड़ाव में आ रही वाधाओं को सूचीवद्ध करते हुए इनका निराकरण सक्षम स्तर से कराये जाने हेतु त्वरित कार्यवाही की जायेगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट विषयक आंकड़ो का संग्रहण/एकत्र अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग द्वारा किया जायेगा तथा इस सन्दर्भ में रंगभेदी नक्शा प्रस्तुतीकरण/पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि टास्क फोर्स अपने प्रभाव में आने के एक सप्ताह के अन्दर विभिन्न गूलों के चिन्हांकन कर एवं उनके नदी से जुड़ाव में आ रही बाधाओं के बारे में अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएगी।

इसी प्रकार हिरण्यवती नदी की साफ-सफाई के संबंध में श्रम लागत की रूपरेखा उपायुक्त मनरेगा द्वारा तैयार की जायेगी। साफ-सफाई की कार्य योजना जिला पंचायतीराज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी, नपाप कुशीनगर द्वारा तैयार की जायेगी। श्रम लागत घटक के अन्तर्गत नदी तट की साफ-सफाई हेतु श्रमिकों की आवश्यकता, उपलब्धता एवं वैकल्पिक व्यवस्था की गणना की जानी है। नदी चैनल की साफ-सफाई हेतु संसाधनों को उनकी आवश्यकता, उपलब्धता/वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर आकलित किया जायेगा।

## दुर्घटना में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल, एम्स में चल रहा है इलाज

**अमेठी/ जायस।** कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसा सामने आया है। जगदीशपुर रोड स्थित सेठी तालाब के पास देर रात एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बड़ा घोसियाना निवासी दो सगे भाई घायल हो गए।

घायल भाइयों की पहचान अखिलेश और चंद्रकेश मौर्य के रूप में हुई है। दोनों राम नरेश मौर्य के पुत्र हैं। हादसे के समय दोनों भाई बाइक से अपने घर लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें एम्स रायबरेली रेफर किया गया। वहां से सुबह 5 बजे दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। घायल के परिजन अर्जुन कुमार मौर्य ने बताया कि हादसे के बाद बोलेरो चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्वामित्व योजना के तहत 75 लाभार्थियों में वितरण किया गया घरौनी प्रमाण पत्र

**खतौनी में किया गया सुधार, आधा दर्जन गांवों में लगा शिविर**

**अवधनामा संवाददाता**


घरौनी प्रमाण पत्र के साथ लाभार्थी व अधिकारी

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्वामित्व योजना के तहत मंगलवार को तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में एसडीएम विनोद गुप्ता की अध्यक्षता में शिविर के माध्यम से 75 लाभार्थियों में घरौनी प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा खतौनी भी पढ़कर सुनाई गई जिसमें त्रुटि को संबंधित लेखपाल द्वारा सही कराने का निर्देश दिया गया।

बता दें कि उप जिलाधिकारी कप्तानगंज विनोद गुप्ता व नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी के नेतृत्व में क्षेत्र के अगया, धरमौली, अडरौना, हसनगंज, कुंवर, घिवही सहित आधा दर्जनों गांवों में शिविर लगाया गया जहां 75 लाभार्थियों में स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण किया गया। इसके अलावा खतौनी भी पढ़कर लोगों को सुनाई गई जिसमें त्रुटि मिलने पर सुधार करने के लिए संबंधित लेखपाल को निर्देशित किया गया।

इस मौके पर एसडीएम श्री गुप्ता ने कहा कि घरौनी पाकर लोग अपने घर का हकदार होंगे तथा आने वाले समय कोई भी व्यक्ति स्वामित्व को लेकर परेशान नहीं करेगा। खतौनी के संबंध में उन्होंने कहा कि लेखपाल खतौनिया पढ़ेंगे जिसमें किसी मृतक व्यक्ति या खतौनी में कोई त्रुटि हो उसका समाधान किया जाएगा। घरौनी पाने वालों मे हरिकिशुन पुत्र सियार, श्रीकांत पुत्र शंकर, छोटेलाल पुत्र सियार, झगरू पुत्र परशुराम, शम्भू पुत्र परशुराम, लल्लन पुत्र चंद्रमणि, गुलईची देवी पत्नी सुदामा आदि लाभार्थी शामिल है।

# गैर मान्यता संचालित विद्यालय को एसडीएम ने कराया सील


स्कूल को सील कराते एसडीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के खोटही गांव के भरपटिया राजपुर चौराहा स्थित जेएमएस एकेडमी को पूर्व में नोटिस देने के बाद भी विद्यालय संचालित हो रहा था। मंगलवार को एसडीएम कप्तानगंज व बीईओ रामकोला ने विद्यालय को बंद करा दिया। बच्चों को वापस घर भेजवाया और सरकारी स्कूलों में नामांकन कराने की सलाह दी। एसडीएम ने प्रबंधक को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा स्कूल संचालित मिला तो केस दर्ज कराया जाएगा।

एसडीएम कप्तानगंज विनोद कुमार गुप्ता और बीईओ रामकोला राजेश कुमार राजपुर भरपटिया चौराहा स्थित जेएमएस एकेडमी पर पहुंचे। प्रबंधक से स्कूल की मान्यता की कापी मांगी, लेकिन प्रबंधक ने पेपर दिखाने में असमर्थता जताई। इसके बाद अधिकारी कक्षा में पहुंचे और बच्चों को घर वापस जाने के लिए कहा। साथ ही प्रबंधक को चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा स्कूल बिना मान्यता के संचालित मिला तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के गेट पर नोटिस भी चस्पा किया गया। अधिकारियों के इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एसडीएम ने बताया कि स्कूल संचालक को चेतावनी दिया गया है। दोबारा स्कूल खोला तो उसके खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा।

## राजस्व न्यायालयों में पत्रावलियों के गुम होने पर डीएम हुए सख्त

**अवधनामा संवाददाता, कुशीनगर।** जनता दर्शन में राजस्व न्यायालय से पत्रावली न मिलने एवं गुम होने की प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने समस्त पीठासीन अधिकारी राजस्व न्यायालय को निर्देशित किया है कि पत्रावलियों को व्यवस्थित रूप से (साक्ष्य, सुनवाई, बहस एवं आदेश) रखते हुए अपने-अपने न्यायालयों में राजस्व न्यायालय कम्पयूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली, उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर समस्त वादों का अंकन कराकर इस आशय का प्रमाण पत्र तीन दिवस में प्रस्तुत करे कि राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली, उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर दर्ज समस्त पत्रावलियों मेरे न्यायालय में उपलब्ध है।

दर्ज पत्रावलियों में से पत्रावली के गुम हो जाने व पत्रावली न मिलने पर समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी की होगी। यदि भविष्य में पत्रावली न मिलने की शिकायत आती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अंतर्गत लैपटॉप वितरण कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत आच्छादित ऐसे बालकङ्बालिकाओं को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो कक्षा 9 अथवा उससे ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बरहज दीपक मिश्रा उर्फ शाका, विधायक रामपुर कारखाना सुरेन्द्र चौरसिया, सांसद सलेमपुर प्रतिनिधि मुन्ना यादव, विधायक भाटपाररानी प्रतिनिधि परवेज आलम, सदस्य विधान परिषद प्रतिनिधि राजू मणि, ब्लाक प्रमुख सलेमपुर प्रतिनिधि अमरेश प्रताप सिंह तथा ब्लाक प्रमुख देसही देवरिया प्रतिनिधि संजय कुमार तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। मुख्य राजस्व अधिकारी जलराजन चौधरी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।

जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया और महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत ऐसे 100 बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 63 को इस अवसर पर लैपटॉप उपलब्ध कराया गया।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जब पूरा विश्व कोरोना महामारी की चपेट में था, उस समय उत्तर प्रदेश सरकार ने बाल सेवा योजना के माध्यम से प्रभावित परिवारों के नाबालिग बच्चों को प्रतिमाह 4000 रुपये की दर से सहयोग प्रदान किया। अब उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए लैपटॉप उपलब्ध कराकर शिक्षा में तकनीकी सहयोग देने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य राजस्व अधिकारी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जनता को हो रहे लाभों की चर्चा करते हुए लैपटॉप योजना और बाल सेवा योजना के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर जय प्रकाश तिवारी (संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई), नीतू भारती (प्रबंधक), मीनू जायसवाल (मनोवैज्ञानिक, वन स्टॉप सेंटर), मंशा सिंह (जेंडर स्पेशलिस्ट, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वुमन), अनुराधा राज (प्रभारी कोऑर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन), अर्चना गौड़ (काउंसलर), राजेश कुमार यादव (सोशल वर्कर), जैनेन्द्र पाण्डेय, अमितेष यादव (ओआरडब्ल्यू, जिला बाल संरक्षण इकाई), सैफ खान (कनिष्ठ सहायक, जिला प्रोबेशन कार्यालय), नितेश कुमार, श्रवण कुशवाहा एवं महिला कल्याण विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पात्र बालकङ्बालिकाओं के साथ उनके अभिभावक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## टेलर की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत, दो गंभीर

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र ग्रामसभा रकबा दुलमापट्टी स्थित मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार अनियंत्रित टेलर की चपेट में आने से एक बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को शाम साढ़े छह बजे के आसपास विशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कतौरा निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र वैद्यनाथ सिंह (55) मधु सिंह पुत्री राजेंद्र सिंह (26) मंजू देवी पत्नी राजेंद्र सिंह उम्र करीब 50 वर्ष तीनों मोटर साइकिल से तमकुही रोड बाजार करने जा रहे थे। इस दौरान उक्त ग्राम सभा के सामने मुख्य सड़क पर सामने से आ रही तेज रफ्तार टेलर की चपेट में आ गए, जिससे मंजू देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अन्य दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों द्वारा सूचना पाकर मौके से पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी सेवरही पहुंचाया जहां दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## गया जगन्नाथ जी की यात्रा के पहले भादर में हुआ भोज का आयोजन

**अमेठी।** पितृपक्ष में गया जगन्नाथ के दर्शन किए यात्रियों के जाने का क्रम तेज है। बुधवार को भादर से यात्रियों का एक जत्था गया जगन्नाथ के लिए जाएगा। मंगलवार को भादर में यात्रियों की ओर से भोज का आयोजन किया।भोज में बड़ी संख्या में गांव के लोगों के साथ जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू भी भोज में शामिल हुए और यात्री परिवार से मिलकर मंगलमय तीर्थ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। भोज का आयोजन ग्राम प्रधान रामचंद्र सिंह और ब्रेटली सिंह ने किया।कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के प्र अ और शिक्षक नेता शिव सिंह, अपनी पत्नी और बीस यात्रियों के साथ श्री गया जगन्नाथ की यात्रा पर जा रहे हैं। यात्रियों के लिए निशुल्क बस और भोजन, विश्राम का इन्तजाम उन्होंने स्वयं किया है। यात्री दल के साथ भक्ति पूर्ण मनोरंजन के लिए एक कीर्तन टीम भी जाएगी।

# भारतीय किसान संघ ने किसान समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन




**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जनपद के सभी 13 ब्लॉकों में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारियों को सौंपा है। यह ज्ञापन ब्लॉक विकास अधिकारियों के माध्यम से भेजा है। किसानों ने कई गंभीर मुद्दे उठाए। खाद, बीज और कृषि रसायनों में मिलावट से फसलें प्रभावित हो रही हैं। छुट्टा पशुओं की समस्या बढ़ती जा रही है। सिंचाई व्यवस्था खराब है। बिजली की कटौती से खेती प्रभावित हो रही है।

संघ ने अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण की मांग भी की। इससे वे किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेंगे और सेवा भाव से काम करेंगे। किसान संगठन ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का जल्द समाधान न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला मंत्री ओम प्रकाश मिश्र, रविंद्र प्रताप पाठक, राणा प्रताप सिंह बृजेश मिश्र, आदि मौजूद रहे।

## हर घर जाकर गणना पत्रक भरने में जुटे बीएलओ, 29 के बाद शुरू होगी जांच

**अमेठी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा के पहले ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों को अपडेट करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान तेजी से चल रहा है।बूथ लेवल अधिकारी गणना प्रपत्र भरने घर घर जा रहें। गणना प्रपत्र भरने का काम 29सितम्बर तक चलेगा। गणना प्रपत्रों के आधार पर ही मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए संशोधन सूची की बुकलेट भरी जाएंगी।

बी एल ओ की ओर से जिन मकानों की गणना की जा रही है, उनमें से दो फीसदी मकानों की जांच के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक इन अधिकारियों ने कोई काम शुरू नहीं किया है। 2021मे पंचायत चुनाव के पहले जो मतदाता सूचियां फाइनल की गई थीं, उनके अनुसार जगदीशपुर विकास खंड में सबसे अधिक और शाहगढ़ विकास खंड में सबसे कम मतदाता हैं।

# कवि ध्रुवदेव मिश्र की जन्म जयन्ती समारोह का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा युगद्रष्टा कवि ध्रुवदेव मिश्र पाषाण की जन्म जयन्ती समारोह का आयोजन, समारोह के अध्यक्ष डा. जयनाथ मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा मुख्य अतिथि आचार्य परमेश्वर जोशी जी के द्वारा शुरू हुई। समारोह का शुभारंभ रमेश सिंह दीपक के वाणी वन्दना सुनि के अरजिया हमार हे देवि मइया से हुई।

उसके बाद डॉ सुधाकर तिवारी ने ध्रुवदेव मिश्र पाषाण जी के विषय में कहा कि पाषाण जी नक्सलवादी आन्दोलन की उपज हैं। यद्यपि उनके समय के लगभग सभी कवि आगे चलकर अपनी धारा बदल ली, लेकिन वे अपनी धारा पर अडिग रहे। वे हमेशा अपनी माटी से जुड़े रहे। उनके साहित्य में अविभाजित देवरिया जनपद का पूरा परिवेश समाहित है। हमें उनको समझनें के लिए उनकी रचनाओं से होकर गुजरना होगा। आगे किसान नेता शिवाजी राय ने कहा कि पाषाण जी हम लोगों के आदर्श हैं क्योंकि वे लूटेरे को लूटेरा, अपराधी को अपराधी कहने का साहस रखते थे। वे केवल कवि नहीं आन्दोलनकारी भी है। उसके बाद डॉ चतुरानन ओझा ने कहा पाषाण जी योद्धा साहित्यकार हैं। वे कवि के साथ साथ निर्भीक पत्रकार थे। पाषाण जी स्थान विशेष के साहित्यकार न होकर पूरी दुनिया के साहित्यकार थे।

प्रसिद्ध इतिहासकार एवं पुरातत्व विद डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने कहा पाषाण जी प्रेम, पीड़ा और कसक के कवि हैं। मेरी दृष्टि में उत्तर भारत के जितने कवि हैं उनमें पाषाण जी सबसे आगे हैं। वे निराला के राम की शक्ति पूजा के समानान्तर दिखाई देते हैं। अभी वे पढ़े जाने के लिए अशेष हैं।

अध्यक्षीय उद्बोधन में आचार्य परमेश्वर जोशी ने कहा कि मिश्र जी अपने नाम के अनुरूप सिद्धान्तों के प्रति अडिग , अटल और हृदय से निश्चल और विनम्र थे। उनका व्यवहार और स्वभाव मुझे आकर्षित किया। पुनः लम्बे अन्तराल के बाद हम एक दूसरे को नहीं भूले। यह उनके विश्वसनीयता का प्रमाण है। पाषाण जी के ज्येष्ठ पुत्र विश्वदेव मिश्र ने अपने पिता को याद करते हुए कहा मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे पिता के साथ बचपन गुजारने का अवसर मिला। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा पाषाण जी वाणी पुत्र हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि उनकी जयंती हमारी सभा में और मेरी उपस्थिति में हुआ। अंत में सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने उपस्थित वक्ताओं के प्रति सहयोग के धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी का भावपूर्ण संचालन सभा के उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार दीक्षित ने किया।

इस अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी में प्रार्थना राय, गिरिजेश मिश्र, सौदागर सिंह, क्षमा श्रीवास्तव, कीर्ति त्रिपाठी, दयाशंकर कुशवाहा, अचल पुलस्तेय, अंजलि अरोड़ा खुशबू, राम मनोहर मिश्र, विनोद पाण्डेय, नित्यानंद आनन्द, लालता प्रसाद चौधरी, रत्नेश रत्न, सरोज कुमार पाण्डेय, आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इस आयोजन में मिश्र जी के पुत्र वाचस्पति मिश्र के साथ पूरे पारिवारी जन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर कौशल कुमार मिश्र, रवि प्रकाश मिश्र, जगदीश उपाध्याय, सरोज कुमार पाण्डेय, रवीन्द्र नाथ तिवारी, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, सोमनाथ मिश्र, ओंकार पाण्डेय, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, डॉ शकुन्तला दीक्षित, सुबास राय, विकास तिवारी विक्की पिन्टू मिश्रा, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# पंचायत सहायकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण






- अलग अलग विकास खंडों के सहायकों को बैच वार दी जा रही जानकारियां

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद के वन सरिता रिजॉर्ट में पंचायती राज विभाग द्वारा चार दिवसीय पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण बैच वार चलाया जा रहा है जिसके बैच वार अलग-अलग विकास खण्डों से पंचायत सहायकों ने प्रतिभाग किया है अभी तक विशेश्वरगंज पयागपुर चित्तौरा तेजापुर जरवल कैसरगंज महसी आदि के पंचायत सहायकों को बैच वार प्रशिक्षण संपन्न कराया जा चुका है आज फखरपुर रिसिया का प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें आए हुए प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर आशीष श्रीवास्तव ने ग्राम सभा ग्राम पंचायत समितियो पर विस्तृत जानकारी दी और चार्ट पेपर के माध्यम सभी प्रतिभागियों को ग्रुप में बांट कर एक्टिविटी कराई और मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार बाजपेयी द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी सतत विकास लक्ष्य तथा नौ थीम्स पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पाई2.0 ई ग्राम स्वराज पंचायत गेटवे एक्सेल पावर पॉइंट और ईमेल बनाना बताया गया। डीपी आरसी फैकेल्टी बृजेश कुमार पाण्डेय के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 2 और मातृभूमि योजना पंचायत कल्याण कोष सीआरएस बहुउद्देशीय पंचायत भवन अंत्येष्टि स्थल कॉमन सर्विस सेंटर पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान चयनित संस्था इंटको के जिला समन्वयक सौरभ श्रीवास्तव व अभिषेक त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रतिभागी के रूप में शशि कुमार शर्मा दीपिका तिवारी प्रिया साहू वैष्णवी शुक्ला राधा शुक्ल अंचल पाण्डेय श्रद्धा अंजलि तिवारी संजय कुमार नसीमुद्दीन सिद्दीकी रितेश वर्मा आयुष वर्मा विनोद वर्मा प्रिंस वर्मा प्रिंस वर्मा दीपक कुमार प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

# रोडों पर आवारा पशुओं के झुंड के चलते तीन सप्ताह में 11 की मौत

- लोगों का हाईवे पर निकलना हुआ मुश्किल

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के सख्त दिशा निर्देशों के बावजूद लिंक रोड की तो बात छोड़ दीजिए हाईवे पर आवारा पशुओं के झुंड के चलते लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त दिशा निर्देश जारी करते हुए क्षेत्रीय लेखपाल खंड विकास अधिकारी और क्षेत्रवार संबंधित कर्मचारियों अधिकारियों को लगाकर सख्त दिशा निर्देश जारी किए थे कि जिस किसी के क्षेत्र में हाईवे पर आवारा पशुओं का झुंड मिला उसे अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया था कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारी हाईवे से आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशालाओं में शिफ्ट कराने का काम करेंगे लेकिन इस पर संबंधित ने कोई ध्यान नहीं दिया और



## जलालाबाद बेबर पीलीभीत राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवारा पशुओं से टकराई बाइक सोनेलाल की मौत

जलालाबाद क्षेत्र में वेबर-पीलीभीत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल टैक्स के पास पशुओं के झुंड से बाइक टकरा गई, जिससे सोनेलाल की मृत्यु हो गई, जबकि पिता-पुत्र घायल हो गए। वहां से निकल रहे लोगों ने पुलिस को घटना के बारे में बताया जिसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ देर बाद सोनेलाल के स्वजन व रिश्तेदार भी जलालाबाद पहुंच गए। जिले में बेसहारा पशुओं की वजह से आये दिन हादसे हो रहे हैं जिनमें लोगों की जान जा रही है। 15 दिन में करीब इसी हाईवे पर 15 बेसहारा पशुओं की जान भी जा चुकी है लेकिन उसके बाद भी प्रशासन इसको लेकर ध्यान नहीं दे रहा है।

आवारा पशुओं का आतंक अब गांव देहात को जाने वाले लिंक रोड तो छोड़ दीजिए हाईवे बरेली मोड़ से जलालाबाद जलालाबाद से कटरा , बरेली सीतापुर हाईवे पर जमुका से टेढ़ी पुलिया शाहजहांपुर सीमा देखा जा सकता है हाईवे पर कब्जा जमा चुके आवारा पशुओं से आए दिन लोगों की मौतें हो रही हैं पिछले तीन सप्ताह में आवारा पशुओं के चलते जनपद में लगभग 11 लोगों की जान जा चुकी है

### नौ बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

सोनेलाल के नौ बच्चे सात बेटे व दो बेटियां हैं, जिनके सिर से पिता का साया छिन गया। वे मजदूरी करते थे। आर्थिक स्थिति भी उनकी ठीक नहीं थी बताया जा रहा है कि हादसा होने से पहले पशुओं का झुंड सड़क के दूसरी साइड में था। ट्रक निकलने पर यह झुंड दोनों साइडों में हो गया। जिस वजह से बाइक टकरा गई।

### तीन सप्ताह में हुई जनपद में 11 से अधिक लोगों की मृत्यु

शाहजहांपुर जिले में तीन सप्ताह के अंदर में दंपती समेत 11 से अधिक लोगों की बेसहारा पशुओं की वजह से मृत्यु हो चुकी है। रविवार रात तिलहर क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर नरसी नगला गांव निवासी वेदपाल व उनके चचेरे भाई सुनील कुमार की सांड़ से बाइक टकरा जाने की वजह से मृत्यु हो गई थी। जबकि तीन सितंबर को पुवायां क्षेत्र के जनकापुर गांव निवासी दवा विक्रेता दीपू गुप्ता की पशु से टकराकर मृत्यु हो गई थी। 25 अगस्त को पुवायां क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी दुर्गेश व उनकी पत्नी राजकुमारी की सांड़ के हमले से मृत्यु हो गई थी। 24 अगस्त को तिलहर के बंथरा के पास कोचिंग संचालक शोभित व छात्र कार्तिकेय की जान चली गई थी। उनकी कार पशुओं को बचाने में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी। 22 अगस्त को तेहरवीं की दावत खाकर लौट सेहरामऊ दक्षिणी के हसुआ जाजू गांव निवासी छोटेलाल की सांड़ से टकराकर मृत्यु हो गई थी। उसी दिन पुवायां में हुए हादसे में लखीमपुर के मोहम्मदी क्षेत्र के सदियांपुर गांव निवासी अनिल की मृत्यु हो गई थी। इस तरह से लगातार आवारा पशुओं से टकराकर लोगों की जान जा रही है और जिम्मेदार मौन है।

# शिक्षकों को अपमानित करने का किया जा रहा है कार्यः विद्या विलास

- उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षक शिक्षिकाओं कि टीईटी परीक्षा पास करने पर ही सेवा में रहने देने के आदेश को प्राकृतिक एवं व्यवहारिक नियमावली के विरुद्ध बताते हुए 11 सितंबर को जिला अधिकारी के माध्यम से मांग पत्र प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री को दिया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए संघ के जिला महामंत्री यादवेंद्र यादव ने कहा सभी शिक्षक एकजुट हैं शिक्षकों का उत्पीड़न रोका जाना चाहिए।

संघ अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने बताया की 11 तारीख को ज्ञापन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है यह आदेश है जो व्यावहारिक नहीं है क्योंकि 2011 से पहले उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षक बनने के लिए टीईटी की कोई अहर्ता नहीं थी। उस समय जो भी अहर्ता थी उसको पूरा करके ही सभी लोग शिक्षक बने हैं ऐसे में कोई नियम नियुक्ति के 30 सालों के बाद थोपा जाए यह ना तो व्यावहारिक है और ना न्याय पूर्ण है। श्री पाठक ने कहा की अन्य विभाग जैसे पुलिस, डॉक्टर, जज ,इंजीनियर आदि आदि पर भी यह नियम लागू नहीं किया गया है फिर इस देश में शिक्षकों को अपमानित करने का कार्य क्यों किया जा रहा है।

हम आर पार की लड़ाई लड़ेंगे ज्ञापन के बाद यदि सरकार ने शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए कदम नहीं उठाया तो हम उनके सांसदों का घेराव करते हुए ज्ञापन देंगे। यदि तब भी स्थितियां सरकार द्वारा नहीं संभाली गई तो देश के सभी 51 लाख शिक्षक अपने परिवारों के साथ दिल्ली कूच करेंगे। श्री पाठक ने सभी शिक्षकों का आवाहन किया कि वह 11 तारीख को जिला अधिकारी कार्यालय धरना स्थल पर पहुंच कर इस अन्याय कारी आदेश का विरोध करें।

# विजन डॉक्यूमेन्ट 2047 निर्माण के सम्बंध में प्राप्त किये गये सुझाव

- एफपीओ, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से किया गया संवाद

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प/2047 के लिए कार्ययोजना तैयार किये जाने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप, उ.प्र. शासन रणवीर प्रसाद, से.नि. आईएएस शिवाकान्त द्विवेदी, से.नि. मुख्य अभियन्ता सिंचाई मन्साराम शुक्ला तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या की उपस्थिति में जनपद में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों, कृषकों, एफपीओ, महिला समूह, श्रमिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं आदि के साथ संवाद स्थापित कर विजन डाक्यूमेण्ट 2047 के निर्माण के सम्बंध में सुझाव प्राप्त किये गये। संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने बताया कि विकसित उत्तर प्रदेश-2047 की कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण 12 सेक्टरों संतुलित विकास, सामाजिक सुरक्षा एवं गरीब कल्याण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, शिक्षा एवं कौशल विकास, आर्थिक समृद्धि, कृषि विकास, पशुधन, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स, पर्यटन विकास, नगर विकास एवं अवस्थापना विकास का चयन किया गया है। उन्होंने बैठक में मौजूद प्रबुद्धजन से अपेक्षा की कि आकांक्षी जनपद के विकास हेतु जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए चिन्हित सेक्टरों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव क्यू आर कोड अथवा समर्थउत्तरप्रदेश डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का साझा लक्ष्य है। सरकार की कोई भी योजना तभी सफल होती है, जब जनता उसे विश्वास और सक्रिय सहभागिता के साथ आगे बढ़ाती है। विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना भी हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी। उन्होंने बताया कि जनभागीदारी से विजन डॉक्यूमेंट 2047 का निर्माण करने के उद्देश्य से 500 से अधिक विषय-विशेषज्ञों सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, कुलपति एवं प्रोफेसर्स, चिकित्सक, सेक्टोरल विशेषज्ञों का पैनल जिलों में संवाद के लिए जा रहे हैं। संवाद कार्यक्रम के दौरान योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, स्वयं सहायता समूह की प्रतिभा वर्मा, शकुन्तला, बसन्ती, बाबुन्निशा, किरन वैश्य, गीता श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विजन डॉक्यूमेन्ट 2047 निर्माण के सम्बंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने विगत 08 वर्षों में हुए विकास का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले के विकास के लिए जनपद के उत्पादों के लिए बाजारों की व्यवस्था, आवागमन के लिए अच्छी सड़को, कोल्ड स्टोरेज, अच्छे नस्ल के पशु आदि आवश्यक है।

## खाद्यान्न वितरण 10 से 25 सितम्बर तक

**फिरोजाबाद।** माह सितम्बर, 2025 का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न पर अन्त्योदय कार्ड हेतु गेहूँ 14 किग्रा0, चावल 21 किग्रा0 (कुल 35 किग्रा0) प्रति कार्ड निःशुल्क वितरण तथा माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर, 2025 के सापेक्ष प्रति कार्ड 03 किग्रा0 चीनी रू0 18/- प्रति किग्रा0 की दर से रू0 54/- में किया जायेगा। तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किग्रा0 गेहूं, 03 किग्रा0 चावल (कुल 05 किग्रा0) प्रति यूनिट वितरण किया जायेगा। निर्धारित वितरण तिथि 10.09.2025 से 25.09.2025 तक निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उक्त वितरण नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में सुनिश्चित कराया जायेगा। 25.09.2025 को मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से आधार ऑथेन्टिकेशन से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले उपभोक्ताओं को वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। वितरण कार्य निश्चित समयानुसार सुनिश्चित किया जायेगा जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे।

# यमुना नदी ने निचले इलाके में मचाई दबाही, कई गांवों का संपर्क टूटा

- घरों में तीन से चार फीट तक भरा है यमुना का पानी, खाने-पीने का भी संकट
- यमुना पिछले एक सप्ताह से दिखा रही रौद्ररूप, प्रशासन की टीम नहीं पहुंची गांव

**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** यमुना नदी में जल स्तर बढ़ गया है। आलम यह है कि यमुना किनारे बसे निचले गांव जलमग्न हो गये हैं। घरों में तीन से चार फीट तक पानी भरा है। कुछ परिवार प्राथमिक विद्यालय में रह कर गुजारा कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणों को रोजी-रोटी के लिए ट्यूब के सहारे घरों से दूसरे गांव तक जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी या कर्मचारी उनकी हालत को देखने तक नहीं पहुंचा है, राहत की बात तो दूर है। हरिहा गांव के चार मजरों में इस समय यमुना नदी अपना रौद्र् रूप दिखा रही है। ये चारों गांव एक तरह से पानी में डूब से गये हैं। यहां के प्रत्येक घर में चार फीट पानी भरा हुआ है। जिससे ज्यादातर लोग मकानों की छतों पर रहने को मजबूर हैं। पांच परिवार गांव के बाहर ऊंचाई पर बने प्राथमिक विद्यालय में आश्रय लिए हुये हैं। यहीं पर रह कर वह अपने दिन-रात व्यतीत कर रहे हैं। स्कूल के छात्र-छात्राओं को शिक्षक दूसरी जगह पढ़ा रहे हैं। यहां सिद्धकापुरा और रंजीतकापुरा का एक दूसरे से संपर्क टूट गया है। रंजीत पुरा के लोग दूध की केन ट्यूब में बांध कर लाते हैं। आलम यह है कि मार्ग में कमर से ऊपर पानी है। जिससे वह नंगे बदन ही आते हैं और सिद्धकापुरा पहुंच कर कपड़े पहनते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह दैनिक कार्यों के साथ ही रोजगार के लिए भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। बीमार बच्चों को दवा भी नहीं दिला पा रहे हैं। वहीं पशुओं के दूध को बेंचने के लिए उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सिद्धका पुरा तक किसी तरह पशुओं का दूध लेकर आते हैं और फिर यहां लोडर वाहन में लोड कराकर बाजार में भेजते हैं।

# विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए शिक्षाविदों व छात्र-छात्राओं ने दिये सुझाव

**अवधनामा संवाददाता**





**बहराइच।** जनपद के स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जेबी सिंह आडिटोरियम में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जिले के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं शिक्षाविदों द्वारा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प /2047 के लिए कार्ययोजना तैयार किये जाने के सम्बन्ध में पूरे उत्साह के साथ सुझाव दिये गये। संवाद कार्यक्रम में से.नि.आईएएस शिवाकान्त द्विवेदी, सेनि मुख्य अभियन्ता सिंचाई मन्साराम शुक्ला तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या मौजूद रहे। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प/2047 के लिए कार्ययोजना तैयार किये जाने के उद्देश्य से केडीसी में से.नि. आईएएस शिवाकान्त द्विवेदी, से.नि. मुख्य अभियन्ता सिंचाई मन्साराम शुक्ला तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या की उपस्थिति में छात्रों, अध्यापिकों व शिक्षाविदों से संवाद स्थापित कर विजन डाक्यूमेण्ट 2047 के निर्माण के सम्बंध में सुझाव प्राप्त किये गये।

संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए से.नि. आईएएस शिवाकान्त द्विवेदी ने प्रबुद्धजन से अपेक्षा की कि आकांक्षी जनपद के शैक्षणिक विकास को केन्द्र बिन्दु में रखते हुए चिन्हित सेक्टरों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव क्यू आर कोड अथवा समर्थउत्तरप्रदेश डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से उपलब्ध करा दें ताकि बेहतर विज़न डाक्यूमेंट तैयार किया जा सके। कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व जिला विकास अधिकारी राज कुमार सहित अन्य वक्ताओं द्वारा विजन डॉक्यूमेंट 2047 के निर्माण के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये।इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, डीएसटीओ घासीराम, प्राचार्य केडीसी विनय सक्सेना, प्रबन्ध समिति के सचिव मेजर एस.पी. सिंह, उप प्राचार्य मो. उस्मान, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## तहसील के अधिवक्ताओं ने भी की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**शिकोहाबाद।** सिरसागंज बार एसोसियेशन के अधिवक्ता लेखपाल के विरोध में धरना प्रदर्शन व हड़ताल पर हैं। सिरसागंज के अधिवक्ताओं के समर्थन में मंगलवार को शिकोहाबाद तहसील बार एसोसियेशन के अधिवक्ता भी मैदान में कूद गये हैं। आरोप है कि जिले का एक लेखपाल सिरसागंज तहसील में अपनी दवगई से क्षेत्र की जनता का शोषण कर रखा है। इसके खिलाफ सिरसागंज के अधिवक्ताओं ने आन्दोलन शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन व्दारा इस लेखपाल के खिलाफ कोई कार्यवाही न करने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने शिकोहाबाद आकर समर्थन माँगा। शिकोहाबाद के अधिवक्ताओं ने सिरसागंज वार को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। हरिओम यादव वार अध्यक्ष के नेतृत्व में लेखपाल देवेन्द्र सिंह परमार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह जनपद का चर्चित दवंग लेखपाल है। ये सिरसागंज क्षेत्र में भू.माफिया से मिलकर स्थानीय लोगों का लगातार उत्पीड़न करता चला आ रहा है।

# डीएम ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का किया दौरा

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** यमुना के बढ़ते जलस्तर के मददेनजर जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जनपद के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया, इस क्रम में सर्वप्रथम वह तहसील सदर के ग्राम मडुआ में बाढ़ की स्थितियों का जायजा लेने गए, इसके पश्चात् टूंडला क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद का भी भ्रमण किया, इस दौरान जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी विशु राजा, उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद, उप जिलाधिकारी टूंडला, एक्स ई एन विद्युत फिरोजाबाद और टूंडला, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी फिरोजाबाद एवं टूंडला इत्यादि मौजूद रहें, जिला अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी स्थितियों का जायजा लिया, ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की तरफ से उन्हें संपूर्ण मदद पहुंचाई जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को यहां पर राहत शिविर में संपूर्ण व्यवस्थाएं संपन्न कराने, नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं जैसे भोजन, पानी, कपड़ा और दवा के वितरण करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने नागरिकों को हिदायत दी की कि बाढ़ के पानी में अनावश्यक रूप से न तैरे और न जाएं, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सीय टीम सदैव सक्रिय रहे, पशुओं के लिए भूसा और चारे की व्यवस्था रहे, आपदा स्थितियों के लिए राशन की टीम को तैयार रहने के लिए कहा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस दौरान पशुओं को मुहपका और खुरपका बीमारियों की संभावना रहती है, इसलिए सभी पशुओं को टीका लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा भी प्रदान किया जाएगा, साथ ही उपस्थित ग्राम वासियों से अपील की की नदी के लिए जो आरक्षित भूमि है, उस पर कदापि घर इत्यादि न बनाएं, अन्यथा की स्थिति में आगे चलकर आपको मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है, साथ ही उन्होंने समस्त ग्राम वासियों को यह आश्वासन दिया कि प्रशासन आपके साथ 24 घंटे है, आप किसी भी स्थिति में परेशान न हो आपकी समस्याओं का हल करने के लिए प्रशासन सदैव तत्पर है। अंत में जिलाधिकारी बहुउददेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति टूण्डली का भी निरीक्षण करने गए, वहां उन्होने खाद का स्टॉक वितरण रजिस्टर भी देखा और निर्देशित किया कि किसानो को खाद खतौनी के अनुसार ही वितरण की जाए।

# व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किये जाने के लिये महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये है। शासन की व्यवस्थानुसार यह पुरस्कार राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यो में अद्वितीय एवं सराहनीय योगदान करने वाले युवाओं (पुरुष/महिला) को विकास कार्यक्रमों के विभिन्न क्षेत्रों यथा-खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्पबचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना व संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यकम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सकिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो को विशिष्ट पहचान देने हेतु प्रदान किया जायेगा। किये गये कार्यो की अवधि 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 तक के मध्य होगी। प्रत्येक वर्ष 10 व्यक्तियों को शासन स्तर पर पुरस्कृत किये जाने का प्राविधान है। पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाण-पत्र स्वामी विवेकानन्द की एक प्रतिमा और रु0-50000/- नकद शामिल होंगे। पात्रता में उ0प्र0 का नागरिक हो, 01 जनवरी को 15 से 35 वर्ष के बीच आयु हो, पुरस्कार जीवनकाल में एक बार दिया जायेगा। किसी सेवा में अर्थात केन्द्र-राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों, स्कूल-कालेज आदि में कार्यरत व्यक्ति पुरस्कार के लिये पात्र नहीं हैं। इच्छुक युवाओं के आवेदन - 10 सितम्बर, 2025 तक प्राप्त कर जनपद स्तरीय समति से परीक्षणोपरान्त उपयुक्त प्रस्ताव को जिलाधिकारी, फिरोजाबाद की अनुशंसा के साथ 15 सितम्बर, 2025 तक महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक विवेकानन्द यूथ एवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय कक्ष सं0-203 द्वितीय तल विकास भवन सिविल लाइन, फिरोजाबाद से प्राप्त कर सकते हैं।

## लुमनी एसोशिएशन ने ओल्ड ऐज होम में की दवाईया वितरण

**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** एलुमनी एसोसिएशन ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए रामलाल ओल्ड ऐज होम आगरा में दवाइयाँ दान कीं गई।

यह पहल न केवल बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए सहायक है बल्कि सेवा और मानवता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। हमारा मानना है कि बुजुर्ग हमारे अनुभव, संस्कार और ज्ञान के स्रोत हैं। उनके प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करना ही हमारी असली पहचान है। इस छोटे से प्रयास के माध्यम से हम सभी को यह संदेश देना चाहते हैं कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब हम अपने वरिष्ठ नागरिकों का ख्याल रखें। इस अवसर पर डॉ. संजीव जैन अध्यक्ष, शुभम अग्रवाल सचिव, मुनीश गुप्ता कोषाध्यक्ष, अंकित जैन कम्युनिकेशन डायरेक्टर, राजेश सिंह, ऋषभ गुप्ता, कुनाल जैन, राजीव वाष्णेय, डा. अनुशील वाष्णेय, परितोष सिंह, अश्वनी पालीवाल, रीतेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बेहाल खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला

- सेवानिवृत्ति के बाद भी गैरकानूनी ढंग से विभाग मे अनाधिकृत रूप से काम कर रहे है
- सरकार की छवि बिगाडने का प्रयास कर रहे है जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सरकार के आदेशो को हवा मे उडा रहे है जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** जनपद मे अवैध रूप से संचालित संगठित गिरोह के माध्यम से जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मे सेवानिवृत्त बाबुओ द्वारा धन उगाही की जा रही है , अगर सूत्रो की बात मानी जाये तो देवीप्रसाद और राकेश निगम द्वारा क्रमशः कमासिन और नरैनी मे मिष्ठान के दुकानदारो से अवैध रूप से वसूली की जारी है।

जनपद मे खाद्य पदार्थो की बिक्री मे गुणवत्ता बकरार रहे है नकली एवं मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री ना हो सके , इसके लिये सरकार ने आनलाइन लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन लेने का विकल्प दिया है जिससे खाद्य पदार्थो के विक्रेता अपना लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन समय से कराकर सरकार का सहयोग करें परंतु दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रो मे स्थित दुकानदारों द्वारा अपना पंजीकरण नही कराया जाता है और लगातार मिलावटी खाद्य बेचा जाता है जिसमे विभागीय कर्मचारियों की संलिप्तता से इंकार नही किया जा सकता है।

परंतु जब वाभागीय कर्मचारी ही भ्रष्टाचार लढाने मे मदद करेगे तो मिलावटी खाद्य पदार्थ पूरे जनपद मे आसानी से बिकेगे और उनके सेवन से व्यक्ती बीमार पडेगे।

विभाग मे कार्य कर चुके देवी प्रसाद और राकेश निगम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो की दुकानों से अवैध वसूले के समाचार मिल रहे थे जिस पर स्थानीय संवाददाता द्वारा जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होने ऐसी सभी बातो से इंकार कर दिया परंतु देवीप्रसाद और राकेश निगम के प्रतिदिन कार्यालय आने की बात स्वीकार की और बताया कि वो अपने कार्यो के मामले मे आते है पुराने कर्मचारी रहे है जबकि सूत्र बताते है कि देवीप्रसाद और राकेश निगम द्वारा की गयी अवैध वसूली का प्रतिदिन बंटवारा किया जाता है।

वहीं कुछ ऐसा ही हाल जिले के औषधि विभाग का भी है जहां मिथुन नामक कर्मचारी जो संविदा मे था उसका कार्यकाल पूरा हो चुका है फिर भी वो कार्यालय के सारे पत्राचार और कार्य प्रतिदिन करता है ऐसे मे यदि कोई भ्रष्टाचार का मामला आता है तो उसके लिये जिम्मेदार कौन होगा , क्योकि औषधि निरीक्षक और डीएलए माह मे दो या तीन दिन ही अपने कार्यालय आते है जबकि मिथुन द्वारा प्रतिदिन कार्यालय मे कार्य संपादित किये जाते है।

## सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद।** न्यायालय के आदेश पर सेंट्रल बैंक आफइंडिया शिकोहाबाद के शाखा प्रबंधक सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रक्षपाल (65) निवासी नगला छत्तू थाना एका के नाम एक नोटिस जिला फिरोजाबाद का सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से शाखा प्रबंधक, फील्ड आफीसर (तैनाती वर्ष 2015) बिहारीलाल निवासी ग्राम विरामपुर तहसील जसराना (गारंटर) के नाम से उसके पास 22 नवंबर 2024 को नीरज कुमार एडीजीसी तहसील कंपाउंड तहसील शिकोहाबाद का मिला। जिसमें बताया गया कि उसने सेंट्र बैंक आफइंडिया शाखा शिकोहाबाद से 27 फरवरी 2015 को 3,05,000 रुपये का ऋण खाता से रुपये निकालना दर्ज है। जबकि पीड़ित ने कभी भी किसी बैंक से ऋण नहीं लिया है। नोटिस मिलने के बाद वादी ने सूचना का अधिकार 2005 के तहत प्रार्थना पत्र के साथ 13 दिसंबर 24 को मांगी थी। आरोप है कि पीड़ित को वर्तमान शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा शिकोहाबाद ने फर्जी एडीजीसी जो एडीजीसी नहीं है के द्वारा फर्जी रूप से फर्जी ऋण मय ब्याज 3,73,500 रुपये दर्शा कर उक्त शाखा प्रबंधक एवं फर्जी एडीजीसी नीरज कुमार ने मिल कर षणयंत्र के तहत फर्जी एवं कूटरचित नोटिस भेजा है।

# एमनीव विज़न स्कूल की ऐतिहासिक उपलब्धि

- पहली बार दो छात्र एसजीएफआई के लिए चयनित
- राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में जीते स्वर्ण पदक




वहाज अली निहाल

इटावा। एमनीव विज़न स्कूल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025 में देश और विदेश से सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एमनीव विज़न स्कूल के अनेक विद्यार्थियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के दो प्रतिभाशाली छात्र प्रियदर्शन शाक्य (अंडर-14, 29 किग्रा वर्ग) और शौर्य सिंह (अंडर-17, 48 किग्रा वर्ग) ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विशेष पहचान बनाई। उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर दोनों का चयन अब स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह विद्यालय के इतिहास में पहली बार है कि किसी छात्र का एसजीएफआई के लिए चयन हुआ है, जो एमनीव विज़न स्कूल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। विद्यालय के ताइक्वांडो कोच हिमांशु ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने पूरे समर्पण और अनुशासन के साथ तैयारी की थी। प्रियदर्शन शाक्य और शौर्य सिंह का एसजीएफआई में चयन विद्यालय और इटावा दोनों के लिए गर्व की बात है। अन्य बच्चों का प्रदर्शन भी प्रेरणादायक रहा। अब प्रियदर्शन शाक्य(अंडर-14, 29 किग्रा वर्ग)और शौर्य सिंह(अंडर-17, 48 किग्रा वर्ग)एसजीएफआई राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में एमनीव विज़न स्कूल, इटावा की ओर से और सीबीएसई बोर्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न शैक्षिक बोर्डों जैसे सीबीएसई, आईसीएसई, राज्य बोर्ड आदि के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। उल्लेखनीय है कि एसजीएफआई के विजेता खिलाड़ियों को कैंपस ट्रेनिंग, खेल छात्रवृत्ति तथा आगे चलकर 'खेलो इंडिया'और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलता है। विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस-चेयरमैन डॉ.विकास यादव और मैनेजिंग डायरेक्टर सलिल यादव ने संयुक्त रूप से बधाई देते हुए कहा कि एमनीव विज़न स्कूल के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और टीम भावना से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गौरव की बात है बल्कि इटावा जनपद के लिए भी गौरवशाली क्षण है। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने भी सभी विजयी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जो उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह सामूहिक प्रयास, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिणाम है। हमें विश्वास है कि एसजीएफआई में भी वे एमनीव विज़न स्कूल और सीबीएसई बोर्ड का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, मुख्य वित्तीय अधिकारी मोहम्मद आरिफ़, कार्यक्रम प्रमुख विनयशील पठानिया सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे और विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।

## मरीजों से अभद्रता करने वाले मौदहा सीएचसी कर्मचारी निलंबित

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मौदहा के एक कर्मचारी द्वारा मरीजों से अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करने का मामला जांच में सही पाया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है।

जिला सूचना कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो की जांच के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) ने समिति गठित की थी। समिति ने 2 सितम्बर को मौदहा सीएचसी का निरीक्षण कर बयान और साक्ष्यों के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति सीएचसी मौदहा में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी काशिफ महमूद ही है और उसने मरीजों से गाली-गलौज की थी। रिपोर्ट आने के बाद सीएमओ ने दोषी कर्मचारी काशिफ महमूद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# सारी रात चले रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय कंशवध मेला

अवधनामा संवाददाता



मौदहा (हमीरपुर)। बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहर और दो सौ साल पुरानी परंपरा का प्रतीक कंशवध मेला सोमवार रात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सकुशल सम्पन्न हो गया। तीन दिन तक चले इस मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक उमड़े। मंच पर भक्ति संगीत, लोकगीत, बुंदेली नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने देर रात तक वातावरण को उत्सवमय बनाए रखा।

**सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी-** मेले को शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। डीआईजी राजेश एस., जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने पूर्व में ही कस्बे का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया था। मेले के दौरान जनपद और बाहरी जिलों की पुलिस, पीएसी, अग्निशमन दल, यातायात पुलिस, एम्बुलेंस व चिकित्सक टीम के साथ गोताखोरों की तैनाती की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक लगातार मुख्यालय से निगरानी करते रहे।

**जनता व आयोजकों का सहयोग-** मेले की सफलता में प्रशासन के साथ-साथ मौदहा की जनता और आयोजकों का भी अहम योगदान रहा। व्यापारियों, समाजसेवियों और स्वयंसेवी संगठनों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग दिया।

**लोक संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन-** कंसवध मेला धार्मिक आयोजन होने के साथ-साथ बुंदेलखंड की लोक संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन भी है। पारंपरिक ढोलक-मंजीरा संग भजन-कीर्तन, लोक नृत्य मंडल की झांकियां, बाल कलाकारों की नाटिकाएं और शिवधुन व भजन संध्या मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों और युवाओं के लिए प्रतियोगिताएं व झूले विशेष आकर्षण बने रहे। तीन दिवसीय यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि क्षेत्रीय एकता और सामुदायिक सौहार्द का प्रतीक भी बन चुका है।

## एनसीएल की गृहिणियां सीख रहीं जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार

सोनभद्र/सिंगरौली। सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा गृहणियों को आपात परिस्थितियों में जीवन बचाने हेतु प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में कंपनी की सभी परियोजना और इकाइयों में गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा अभी तक 144 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 4727 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इन प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को सीपीआर (हृदय पुनर्जीवन), सड़क दुर्घटनाओं में तुरंत चिकित्सा सहायता, सांप काटने पर प्राथमिक उपचार, जलने या गंभीर चोट पर त्वरित राहत उपायों के साथ रक्तचाप और सामान्य रोगों की पहचान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं।

# यूपीएस इंगुरी महेवा की टीम विजेता एवं जसवंतनगर टीम उपविजेता रही



अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय वॉलीबाल एवं योगा प्रतियोगिता /ट्रायल का आयोजन महात्मा ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। वॉलीबाल बालक वर्ग में यूपीएस इंगुरी महेवा की टीम विजेता एवं जसवंतनगर टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में महेवा विजेता रही बसरेहर टीम उपविजेता रही। योगा बालक वर्ग में महेवा टीम विजेता घोषित की गई। बालिका वर्ग में दताबली बसरेहर टीम विजेता व सरायहाली महेवा टीम उपविजेता रही। अंत में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने विजेता उप विजेता टीमों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका गौरव पाठक जिला व्यायाम शिक्षक अमित कुमार, वेद प्रकाश ज्योत्सना सिंह ने निभाई। कार्यक्रम में ब्लाक व्यायाम शिक्षक अजयपालसिंह राजेश जादौन योगेंद्र चौधरी नितिन यादव खालिद अभिषेक कुमार आदि ने सहयोग किया।

# खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने हाईवे जाम किया

अवधनामा संवाददाता



मौदहा (हमीरपुर)। फसल बुआई का समय शुरू होने के बावजूद खाद की कमी से जूझ रहे किसानों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। नाराज किसानों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे घंटों आवागमन बाधित रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कर्णवीर सिंह ने किसानों से बातचीत कर किसी तरह जाम खुलवाया।

**लंबी लाइनों से भड़के किसान-** सुबह पीसीएफ समिति में खाद आने की सूचना मिलते ही किसान बड़ी संख्या में लाइन में लग गए। लेकिन वितरण शुरू होने के बाद पर्याप्त खाद न मिलने और समय समाप्त होने पर किसान आक्रोशित हो उठे। इसके बाद उन्होंने हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

किसान रामदयाल प्रजापति ने कहा कि हर साल सीजन में खाद की कमी होती है और मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ता है। किसान सुमित्रा देवी ने आरोप लगाया कि ÷राजनीतिक दलों से जुड़े तथाकथित समाजसेवी इस बार खाद वितरण के दौरान नदारद रहे, जिससे किसानों को अकेले आंदोलन करना पड़ा।

**प्रशासन का पक्ष-** एसडीएम कर्णवीर सिंह ने बताया कि जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा और किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या का तत्काल समाधान करना प्राथमिकता है और आगामी दिनों में आपूर्ति को बेहतर बनाने के इंतजाम किए जाएंगे।

**बार-बार उभरती समस्या-** स्थानीय लोगों का कहना है कि मौदहा क्षेत्र में खाद की किल्लत कोई नई बात नहीं है। लगभग हर साल फसल सीजन में यह समस्या सामने आती है और किसान जाम लगाकर ही प्रशासन का ध्यान खींच पाते हैं। किसानों व प्रशासन, दोनों ने माना कि आगामी सीजन के लिए ठोस व्यवस्था की आवश्यकता है ताकि बुआई के समय खाद की कमी से जाम जैसी स्थितियां न बनें।

## संक्षिप्त समाचार

### मीरपुर में 11 सितम्बर को लगेगा रोजगार मेला

हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता। जिला सेवायोजन कार्यालय, हमीरपुर में आगामी 11 सितम्बर (गुरुवार) को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार सहायता प्रभारी अधिकारी आशीष कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार आयोजित इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां और नियोजक प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक मूल प्रमाणपत्रों और फोटो सहित निर्धारित तिथि व समय पर रोजगार मेले में उपस्थित होना होगा। यदि कोई उम्मीदवार किसी कारणवश ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाता है तो वह सीधे भी मेले में प्रतिभाग कर सकता है।

### जिलाधिकारी ने सुनी 92 शिकायतें



हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 92 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम (जूम एप) से बैठक कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ और अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में नियमित रूप से जनसुनवाई करें और किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनसुनवाई, आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों का स्थल पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर समय से आख्या प्रस्तुत की जाए।

### सत्यनिष्ठ शपथ कार्यक्रम का आयोजन




सोनभद्र/बीजपुर, अवधनामा संवाददाता। एनटीपीसी रिहंद के सतर्कता विभाग द्वारा तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 के अंतर्गत आदर्श शिक्षा निकेतन, बीजपुर में सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के लगभग 550 छात्र-छात्राएँ तथा विद्यालय के प्राचार्य शामिल रहे। समारोह के दौरान छात्रों को ईमानदारी, पारदर्शिता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही, तीन माह तक चलने वाले अभियान के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं, गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की गई ताकि विद्यार्थी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में नैतिकता एवं स्वच्छ छवि को बढ़ावा दें।

# भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन आज



अवधनामा ब्यूरो

इटावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होकर महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले संगठनात्मक अभियान %सेवा पखवाड़ा% के निमित्त भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी बैठक संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आज 10 सितंबर 2025 को भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य व भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहेंगे। जनपद में चल रहे संगठनात्मक अभियानों की समीक्षा की जाएगी साथ ही साथ आगामी अभियानों को सफल बनाने हेतु प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, पूर्व चेयरमैन इकदिल सौरभ दीक्षित, जिला मंत्री राहुल राजपूत, रजत चौधरी, सोशल मीडिया जिला संयोजक विमलेश शाक्य, सतेंद्र राजपूत, बासु चौधरी, युवा मोर्चा जिला मंत्री अंकित सैनी, प्रीती दुबे, किसान मोर्चा जिला मंत्री सुरेश राजपूत, अभिषेक मिश्रा, प्रशांत मिश्रा सहित अभियानों के संयोजक व सह-संयोजक उपस्थित रहें।

# 6420 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर धराया

अवधनामा ब्यूरो



- टनपरा थाना व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई

सोनभद्र। अनपरा थाना व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने एक ट्रक से 6420 लीटर अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है पकड़ी गई शराब की अनुमानित कीमत 75 लाख रुपए बतायी जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तस्कर की पहचान जसवीर सिंह उर्फ शेरा पुत्र स्व बलवीर सिंह निवासी ग्राम बालाचक थाना तरनतारन जिला तरनतारन पंजाब के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अनपरा थाना व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर सिंगरौली मध्य प्रदेश के मोरवा थाना क्षेत्र से अनपरा थाना क्षेत्र से होकर बिहार प्रान्त में होने वाले आगामी चुनाव में उपयोग के लिए ले जायी जा रही अवैध शराब की एक बड़ी खेप को पकड़ा। पुलिस को यह कामयाबी अनपरा क्षेत्र के भारत ह्यूम इंडस्ट्रीज नामक बंद पड़े करहिया स्थित बन्द भट्ठे के पास से मिली। तस्कर ने ट्रक में 740 पेटी में कुल 6523 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब लादकर जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जसवीर सिंह उर्फ शेरा पुत्र स्व बलवीर सिंह निवासी ग्राम बालाचक थाना तरनतारन जिला तरनतारन पंजाब उम्र करीब 50 वर्ष के रूप में की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि 4 सितम्बर को कर्नाल (हरियाणा) से उसे एक ट्रक सौंपा गया था, जिसमें शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा था। उक्त ट्रक उसे पोपिन्दर सिंह नामक व्यक्ति द्वारा सौंपा गया, जो लुधियाना (पंजाब) का निवासी है। पोपिन्दर सिंह द्वारा अभियुक्त को निर्देशित किया गया कि वह इस ट्रक को बिहार राज्य के भीतर किसी निश्चित स्थान तक पहुंचाए, जिसका विवरण आगे चलकर फोन या अन्य माध्यम से दिया जाएगा। अभियुक्त को बताया गया कि वह केवल ट्रक को बताए गए स्थान तक पहुंचाए और वहां खड़ा कर दे। उक्त ट्रक को लेकर अभियुक्त ने हरियाणा से प्रस्थान किया और अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश), रामपुर (उत्तर प्रदेश), बुलन्दशहर (उत्तर प्रदेश), रीवा (मध्य प्रदेश), सिंगरौली (मध्य प्रदेश) होते हुए अभियुक्त ने जनपद सोनभद्र में स्थित अनपरा क्षेत्र में प्रवेश किया। अभियुक्त का उद्देश्य बिहार राज्य की सीमा में प्रवेश करना था, किन्तु अनपरा क्षेत्र में पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर वाहन की तलाशी ली गई, जिसके फलस्वरूप ट्रक में अवैध रूप से लदी शराब की खेप बरामद हुई।

## हमीरपुर में 6 अपराधियों पर जिलाबदर की कार्रवाई

हमीरपुर। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चल रही कार्यवाही के तहत पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) ने जनपद के छह अपराधियों को छह माह के लिए हमीरपुर की सीमा से निष्कासित (जिलाबदर) करने का आदेश पारित किया है। आदेशानुसार, जिलाबदर की अवधि में कोई भी अभियुक्त हमीरपुर जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। साथ ही वह अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र या अवैध असलहा लेकर नहीं चलेगा। जिलाबदर अपराधियों को जिस जनपद में निवास करना होगा, उसकी सूचना संबंधित न्यायालय और स्थानीय पुलिस को देनी होगी।

**जिलाबदर किए गए अपराधियों की सूची इस प्रकार है-** 1. अजय प्रताप सिंह पुत्र तुलसीराम, निवासी ग्राम परसी का डेरा थाना कुरारा- 19.08.2025 से 6 माह। 2. छोटू सिंह पुत्र भोजा सिंह, निवासी ग्राम जखेला थाना कुरारा-29.08.2025 से 6 माह। 3. जावेद उर्फ जगलर पुत्र शाकिर, निवासी मोहल्ला कालपी चौराहा गौरा देवी थाना कोतवाली नगर-22.08.2025 से 6 माह।

# रमा हॉस्पिटल में गलत ऑपरेशन से महिला की मौत

- स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छ छवि के ईमानदार अधिकारी अब करेंगे जांच



अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छ छवि के ईमानदार अधिकारियों की घोर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। जिला मुख्यालय के प्रमुख शहर सोनभद्र नगर के उरमौरा क्षेत्र में संचालित एक मानक विहीन चर्चित अस्पताल में एक बार फिर गलत ऑपरेशन से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। इस अस्पताल में करीब डेढ़ माह पूर्व भी एक महिला की हुई थी। परिजनों ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के देवरी गांव निवासी पूनम उम्र 25 वर्ष को सुरक्षित प्रसव के लिए उरमौरा स्थित रमा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां अस्पताल के चिकित्सक ने सर्जरी कर मरे बच्चे को बाहर निकाला। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद काफी दूरी दूरी पर टांका लगाने से ब्लड नहीं रुका, इससे महिला की हालत गंभीर हो गई। बाद अस्पताल प्रबंधक ने खुद को बचाने के चक्कर में मरीज को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। परिवार के लोग वाराणसी के एक अस्पताल में ले जाकर महिला को भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित मृतका के परिजनों ने वापस रमा हॉस्पिटल पहुंचे और चिकित्सक पर गलत ऑपरेशन का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को किसी प्रकार से समझा बूझकर उनका गुस्सा शांत कराया। बाद शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

**जिला अस्पताल से एक प्राइवेट व्यक्ति ने कराया था भर्ती**

जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मृतक के परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि महिला के पेट में दर्द होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद न मिलने की वजह से वे लोग महिला को लेकर अल्ट्रा जाने की व्यवस्था कर रहे थे कि एक व्यक्ति उनसे संपर्क किया और कम खर्च में अच्छा उपचार कराने का भरोसा देते हुए महिला को ले जाकर राम हॉस्पिटल में भर्ती कर दिया। जहां अस्पताल के चिकित्सक ने ऑपरेशन के बाद मरे बच्चे को बाहर निकाला। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद गलत टांका लगाने की वजह से महिला की बिगड़ी हालत उसकी मौत की मुख्य वजह बनी। उधर मामले में क्षेत्राधिकार ने बताया कि मृतका के परिजनों की तहरीर पर संबंधित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# शतरंज प्रतियोगिता आयोजित



अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में गुरुवार उ॰ माध्यमिक शिक्षा खेलकूद के अंतर्गत 69वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अन्डर-19, अन्डर-17 व अन्डर-14 बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में अलग - अलग विद्यालयों के लगभग 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज रेणुसागर, क्रीस्ट ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट, महिला मंडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट, राजकीय इण्टर कालेज पिपरी व मेजबान विद्यालय के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के अन्डर-14, अन्डर-17 व अन्डर-19 के बालकों व बालिकाओं के तीनों वर्गों में कई राउन्ड के बाद सोनभद्र जिले के लिए तीनों वर्गों के खिलाड़ियों का चयन मंडल में प्रतिभाग करने के लिए किया गया। जिसमें 15 बालकों एवं 15 बालिकाओं का चयन किया गया, जिसमें आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट के 13 बालक व 9 बालिकाएं, क्रीस्ट ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट, का 1 बालक व 4 बालिकाएं, महिला मंडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट की 2 बालिकाएं तथा आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेणुसागर का 1 बालक चयनित हुआ।

# डीपीएस की आध्या और आंशिका ने सीबीएसई नेशनल ताईक्वांडो में जीते 2 गोल्ड

- अंशिका यादव ने एसजीएफआई गेम्स के लिए किया क्वालीफाई

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। एमनीव विजन स्कूल में 3 से 7 सितंबर तक आयोजित हुई सीबीएसई नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप, 2025 में दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा के होनहार खिलाड़ियों ने जनपद की दो बेटियों आध्या कुशवाह और अंशिका यादव ने अपनी विशिष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर जनपद सहित अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। बालिका वर्ग में अंडर 14 आयु वर्ग एलम 16 किलो भार वर्ग में गोल्डन गर्ल आध्या कुशवाहा एवम अंडर 14 आयु वर्ग एवम 18 किलो भार वर्ग में गोल्डन गर्ल अंशिका यादव ने कड़े मुकाबले में गोल्ड मेडल जीत लिए। इसी क्रम में अंडर 14 आयु वर्ग में गोल्डन गर्ल अंशिका यादव ने राष्ट्रीय स्तर पर एसजीएफआई गेम्स के लिए भी क्वालीफाई किया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गल्फ कंट्री में शामिल विभिन्न देश जैसे दुबई, बहरीन, यूएई, ओमान, कतर, सऊदी अरब, ईराक, कुवैत, यमन आदि के लगभग 1200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। दोनों गोल्डन गर्ल का विद्यालय में माल्यार्पण के साथ मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। प्रिंसिपल भावना सिंह ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली दोनों गोल्डन गर्ल्स को आगे भी ऐसे ही श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव ने इस अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में सफल हुई दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डीपीएस की ताईक्वांडो कोच आराधना तिवारी और मैनेजर सूरज मगर के कुशल निर्देशन में दोनों बच्चों ने गोल्ड मेडल पर निशाना लगाया।

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में श्री चित्रगुप्त मंदिर सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित किया

# कायस्थ समाज ने सिर्फ कलम ही नहीं, तलवार की भी पूजा की: योगी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें कायस्थ समाज के महापुरुषों ने अपना विशिष्ट योगदान न दिया हो। कायस्थ समाज ने सिर्फ कलम ही नहीं, तलवार की भी पूजा की है। यह समाज यह जानता है कि कलम और तलवार दोनों के समन्वय से ही समाज व राष्ट्र की व्यवस्था चलती है। मुख्यमंत्री गोरखपुर क्लब में आयोजित श्री चित्रगुप्त मंदिर सभा, गोरखपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समारोह में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि यह माना गया है कि सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा की विशिष्ट काया से कायस्थ का प्रादुर्भाव हुआ है। भगवान श्री चित्रगुप्त को कर्म की साधना के अनुसार सृष्टि का लेखा-जोखा रखने वाले और श्रेष्ठ कार्य करने की प्रेरणा देने वाले भगवान की प्रतिष्ठा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज को प्रबुद्ध समाज माना जाता है। धर्म, अर्थ, प्रशासन, व्यवसाय, विधि, कला, चिकित्सा, शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में इस समाज ने विशिष्ट योगदान दिया है। गुलामी के कालखण्ड में देश जब भारतीयता की विस्मृति के दौर से गुजर रहा था, तब शिकागो में 'गर्व से कहो हम हिन्दू हैं' का उद्घोष कर भारतीयता के मानव कल्याण के मंत्र का स्मरण कराने वाले स्वामी विवेकानन्द कायस्थ कुल परम्परा से ही थे। स्वाधीनता आंदोलन में 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उद्घोष करने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इसी परम्परा के थे।



- कलम और तलवार दोनों के समन्वय से समाज व राष्ट्र की व्यवस्था चलती, कायस्थ समाज यह जानता है
- कायस्थ समाज के महापुरुषों ने जीवन के हर क्षेत्र में अपना विशिष्ट योगदान दिया
- प्रदेश सरकार प्रयागराज में डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के नाम पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बना रही

जब सभी मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा को एकसूत्र में पिरोने वाले संविधान के निर्माण की बात आयी, तो संविधान सभा के अध्यक्ष के लिए डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद का नाम सामने आया, जो देश के पहले राष्ट्रपति बने। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद इसी परम्परा के थे। स्वतंत्र भारत में देश के दुश्मनों को जवाब देने वाले, वर्ष 1965 की लड़ाई में नाको चने चबवाकर पाकिस्तान को घुटनों पर लाने वाले लाल बहादुर शास्त्री भी इसी परम्परा के थे। वर्ष 1975 में जब देश में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा था, तब लोकतंत्र को बचाने के लिए सामने आए जयप्रकाश नारायण इसी समाज के थे। यही नहीं जब अयोध्या में राम मंदिर बनने की बात दुरूह लग रही थी, तब इसी समाज के महर्षि महेश योगी ने हॉलैण्ड में भगवान श्रीराम के नाम का सिक्का जारी कर दिया था। हिन्दी साहित्य में उपन्यास की विशिष्ट शैली देने वाले मुंशी प्रेमचन्द भी इसी समाज के महापुरुष थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शालीनता और सहजता व्यक्ति के आन्तरिक गुण हैं। उसमें भी राष्ट्र प्रेम और क्रांति के ज्वार होते हैं। स्वामी विवेकानन्द, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, जयप्रकाश नारायण, मुंशी प्रेमचन्द आदि ने यही सिद्ध किया। कोई ऐसा दौर नहीं, जब कायस्थ समाज ने देश के लिए योगदान न दिया हो। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद देश के ऐसे पहले राष्ट्रपति हैं, जो माघ मेले के दौरान एक माह प्रयागराज में प्रवास कर सनातन संस्कृति को मजबूती देने का कार्य करते थे। उनकी साधना जाति नहीं, बल्कि देश के लिए थी। उनके योगदान के सम्मान में प्रदेश सरकार प्रयागराज में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बना रही है। देश की पुरातन संस्थाओं में कायस्थ पाठशाला, प्रयागराज का नाम आता है।

## वीटीएस इन्फोसॉफ्ट ने 'इन्फोरिया 2025' में मनाई 12वीं वर्षगांठ, आईटी उत्कृष्टता पुरस्कार की हुई शुरुआत



**गाजियाबाद/लखनऊ।** वीटीएस इन्फोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी 12वीं वर्षगांठ अपने वार्षिक समारोह इन्फोरिया 2025 के साथ मनाई, जिसका विषय था खुशियों को अनलॉक करना। इस कार्यक्रम में कंपनी के पहले आईटी उत्कृष्टता पुरस्कार की शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य आईटी उद्योग में नवप्रवर्तकों, नेताओं और परिवर्तनकारी व्यक्तियों को सम्मानित करना है। स्वतंत्र निर्णायक मंडल में सान्या दुग्गल (माइक्रोसॉफ्ट), सचिन दुबे (रेडिंगटन) और डॉ. उमेश पंडित (डीएक्ससी टेक्नोलॉजी) शामिल थे। यह पुरस्कार केपीएमसी समूह के एमडी, सीए पवन कुमार रस्तोगी द्वारा आकाश सिंह को एक क्रिस्टल ट्रॉफी, एक साल का निःशुल्क को-पायलट लाइसेंस और 10,000 नकद प्रदान किए गए। इस समारोह में जीएसटी ट्रिब्यूनल के तकनीकी सदस्य पी.के. गोयल उपस्थित थे और इसमें उद्योग जगत के दिग्गजों और आईटी पेशेवरों के एक प्रतिष्ठित समूह ने भाग लिया।

### दृष्टिबाधित छात्रों हेतु तीन दिवसीय सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित अध्यापक प्रशिक्षण केन्द्र, मोहान रोड, लखनऊ की ओर से 09 सितम्बर से 11 सितम्बर 2025 तक तीन दिवसीय सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्रों हेतु राजकीय छात्रावास, निशातगंज, लखनऊ के सभागार कक्ष में आयोजित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण में बेसिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों के सामान्य एवं विशेष अध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा और सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाना है।

### प्रेरणा कैन्टीन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों, संकुल स्तरीय संगठनों व ग्राम स्तरीय संगठनों से जुड़ी महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर निर्भर बनाने लिये प्रभावी व ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व अन्य प्रमुख स्थानो पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा प्रेरणा कैंटीन खोली गयी हैं। इससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर होने के साथ साथ, आमदनी बढ़ने से अपने घर-परिवार का आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक विकास और अधिक बेहतर ढंग से कर रही है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया bob Aspire

**खाते की प्रमुख विशेषताएँ**

विदेश जाने से पहले भारत में ही एनआरई खाता खोलने की सुविधा।
शुरुआती दो तिमाहियों तक न्यूनतम शेष राशि पर कोई शुल्क नहीं।
उसके बाद 10,000 की त्रैमासिक औसत शेष राशि आवश्यक।
खाते में अर्जित आय आयकर और संपत्ति कर से मुक्त।
विशेष डेबिट कार्ड के साथ एयरपोर्ट लाउंज सुविधा।

अवधनामा संवाददाता

- अब विदेश जाने से पहले खुल सकेगा एनआरई खाता

**मुंबई/लखनऊ।** देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों के लिए नई सौगात पेश की है। बैंक ने bob Aspire NRE Savings Account लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से भारतीय नागरिक विदेश जाने से पहले ही भारत में एनआरई खाता खोल सकेंगे। यह सुविधा विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो रोज़गार, व्यवसाय, शिक्षा या अन्य कारणों से लंबे समय तक विदेश में रहने जा रहे हैं। खाता भारत में रहते हुए inoperative mode में खोला जाएगा और विदेश पहुँचने के बाद ग्राहक द्वारा पासपोर्ट पर इमीग्रेशन स्टैम्प और विदेश के पते का प्रमाण प्रस्तुत करने पर यह पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यकारी निदेशक बीना वहीद ने कहा, bob Aspire NRE Savings Account भारतीय नागरिकों को विदेश रवाना होने से पहले ही एनआरई खाता खोलने की सुविधा देता है। यह छात्रों, नौकरीपेशा और अन्य एनआरआई ग्राहकों के लिए एक बड़ी सहूलियत है।

बैंक ऑफ बड़ौदा पहले से ही एनआरई/एनआरओ ग्राहकों के लिए कई खाते उपलब्ध कराता है, जिनमें Baroda Power Pack NRE Savings Account, bob Global Women NRE & NRO Savings Account, bob Premium NRE & NRO Savings Account और अब नया bob Aspire NRE Savings Account शामिल है।

# आईटीबीपी में पीआर, मीडिया मैनेजमेंट व फोटोग्राफी कोर्स का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के ईस्टर्न फ्रंटियर मुख्यालय, सेंट्रल भवन, लखनऊ में आज पीआर, मीडिया मैनेजमेंट और फोटोग्राफी कोर्स का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ईस्टर्न फ्रंटियर, लखनऊ के महानिरीक्षक (आईजी) क्ले खोंगसाई, आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजी ने कहा कि मीडिया, जनसंपर्क और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों ने सशस्त्र बलों की जिम्मेदारियों को और अधिक संवेदनशील व व्यापक बना दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी



बल की छवि, विश्वसनीयता और जनसंपर्क क्षमता सीधे उसके आचरण, अनुशासन और समाज से संवाद पर आधारित होती है।

आईजी ने बताया कि यह प्रशिक्षण अधिकारियों और जवानों को संचार कौशल विकसित करने के साथ-साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस, साक्षात्कार, संकट प्रबंधन, सोशल मीडिया के उपयोग और कार्यक्रमों के दस्तावेजीकरण में दक्ष बनाएगा। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के माध्यम से बल की गतिविधियों को अधिक पारदर्शी व पेशेवर ढंग से प्रस्तुत करना संभव होगा।

उन्होंने कहा, आज के सूचना युग में एक सटीक तस्वीर और सही शब्द हजारों विचार व्यक्त कर सकते हैं। इसी वजह से इस कोर्स में शामिल विषय–फोटोग्राफी तकनीक, समाचार लेखन, डिजिटल मीडिया का उपयोग, प्रेस विज्ञप्ति तैयार करना और आपदा या आपात स्थिति में जनसंपर्क–विशेष महत्व रखते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों ने भी अपने विचार साझा किए। प्रशिक्षकों ने आश्वस्त किया कि प्रशिक्षण आधुनिक मानकों के अनुरूप होगा। वहीं प्रतिभागियों ने इसे अपने पेशेवर जीवन में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण लाने वाला अवसर बताया। समापन पर आईजी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण आईटीबीपी की छवि को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय हित में उसकी भूमिका को और प्रभावी बनाएगा।

# राज्य भंडारण निगम कर्मियों ने दो दिन किया पूर्ण कार्य बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता

- 10 अगस्त से अनिश्चित कालीन धरने की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम नियमित, आकस्मिक/संविदा यूनियन, लखनऊ द्वारा दिनांक 23 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम प्रबंधन के मध्य संपन्न वार्ता से संबंधित जारी कार्यवृत्त के किसी भी बिंदु पर कोई कार्रवाई न किए जाने की दशा में यूनियन के नोटिस संख्या 174 दिनांक 19 अगस्त 2025 के द्वारा निगम में कार्य बहिष्कार/हड़ताल का आह्वान किया गया जिसके तत्वावधान में निगम मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय समेत प्रदेश के समस्त राज्य भंडारगृहों पर कार्मिकों के



द्वारा 8 अगस्त और 9 अगस्त को पूर्ण कार्य बहिष्कार किया गया। कार्यबहिष्कार के इन दो दिनों के दौरान निगम के गोदामों में जमाकर्ता संस्थाओं और खाद्यान्न सार्वजनिक वितरण संस्थाओं यथा FCI/RFC/नेफेड द्वारा निगम प्रबंधतंत्र से घोर आपत्ति जताई गई। दिनांक 8 अगस्त को जेपीएस राठौर, राज्यमंत्री सहकारिता और यूनियन के साथ संपन्न वार्ता में यूनियन द्वारा प्रस्तावित मांगों के प्रति किसी भी बिंदु पर सहमति न हो पाने के कारण निगम कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष विनोद दुबे एवं महामंत्री बिंदु बहादुर सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 10 अगस्त 2025 से उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना/प्रदर्शन करने हेतु विवश होना पड़ेगा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने चांसलर स्वर्ण पदक विजेता नैन्सी को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर की छात्रा नैन्सी को सम्मानित किया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU), उत्तर प्रदेश के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। नैन्सी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चांसलर स्वर्ण पदक अर्जित किया। उनकी इस विशिष्ट शैक्षणिक उपलब्धि पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अपने प्रतिष्ठित बड़ौदा अचीवर्स अवॉर्ड के अंतर्गत रु. 31,000/- (इकत्तीस हजार रुपये मात्र) का पारितोषिक प्रदान किया गया। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल ने कहा, बैंक ऑफ बड़ौदा मेधावी छात्रों की असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित करने पर गौरवान्वित है। 'बड़ौदा अचीवर्स अवॉर्ड' जैसी पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य युवाओं को शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है। दीक्षांत समारोह में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, भारतीय वायुसेना (मुख्य अतिथि); तकनीकी शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश आशीष पटेल (विशिष्ट अतिथि) तथा प्रो. जय प्रकाश पांडेय, कुलपति, ए.के.टी.यू. सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही। बैंक ऑफ बड़ौदा शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवा विकास की दिशा में अपनी सीएसआर गतिविधियों एवं संस्थागत सहयोगों के माध्यम से निरंतर योगदान करता आ रहा है और राष्ट्र निर्माण में एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।


# रामायण मानव मन के संशय दूर करती है: स्वामी अभयानंद सरस्वती



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** चांसलर क्लब आश्यिाना में हो रही ''रामकथा'' के पहले दिन महामण्डलेश्रवर स्वामी अभयानंद सरस्वती जी ने कहा सनातन शास्त्रों ने लोक कल्याण के लिए जीवन दृष्टि दी है। जैसे श्रीमद्भगवतगीता, जीवन जीने की कला सिखाती है। श्रीमद् भागवत महापुराण मरने की कला सिखाती है। उसी प्रकार श्री रामचरित मानस संशय दूर करने की कला सिखाती है। सत्य सनातन सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में राम कथा के किष्किंधा कांड को स्वामी ने मानस का हृदय है। तीन कांड पहले और तीन कांड बाद में उनके मध्य में है किष्किंधा कांड। जैसे मनुष्य के शरीर में हृदय मध्य में होता है उसी प्रकार किष्किंधा कांड मानस का हृदय है। कथा के आयोजन कर्ता अनुराग गुप्ता ने बताया कि कथा रोज सायं 4:00 बजे से 6:00 बजे तक 14 सितम्बर तक होगी। आज का व्यास पूजन आलोक गुप्ता, सीमा गुप्ता, अनुराग गुप्ता, संध्या गुप्ता, अर्चना गुप्ता और गुड्डन गुप्ता ने किया, इस अवसर पर त्रिवेणी अलमीरा के अध्यक्ष वरूण तिवारी जी भी उपस्थित थे।

# हजरत मोहम्मद साहब और इमाम जाफर सादिक की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर महफिलें



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स) और इमाम जाफर सादिक (अ.स) की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर जगह जगह महफिलें सजीं। नारे रिसालत या रसूल अल्लाह की गूंजी सदाएं। जामा मस्जिद तहसीनगंज में मंगलवार को जश्ने मुरसले आजम का आयोजन किया गया। जश्न-ए-महफिल को मौलाना सैयद हैदर अब्बास, मौलाना रजा अब्बास, मौलाना जावेद अब्बास और मोहम्मद शफीक आब्दी ने खिताब किया व संचालन समी अब्बास ने किया। इसके बाद शायर एजाज जैदी, आसिफ कस्तवी, खुशनूस मुस्तफा, रिजवान हसन, गुलरेज नकी, काशिफ, फजल अब्बास असदजाफरी, रेहान, शुएब, मेहदी हसन, अफजल रूदौलवी, रजा हैदर, शहनवाज, फरकान और फराज हैदर ने अपने कलाम पेश किये। हुसैनी इमामबारगाह अलीगंज में ईद-ए-मिलादउन नबी मनाया गया। यहां महफिल को मौलाना आसिम बाकरी ने खिताब किया। छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में जश्ने रहमत का आयोजन किया गया। जश्ने महफिल को मौलाना आगा मुजाहिद हुसैन, मौलाना हुसैन मुर्तुजा कुमैल, मौलाना मोहम्मद जकरिया और रेहान हसन रिजवी ने खिताब ने किया। इसके बाद मौलाना साबिर अली इमरानी, मिंहाल आजमी, वसीम अमरोहवी और मुजीब सिद्दीकी ने अपने कलाम पेश किये। जश्न का आगाज कारी मोहम्मद अब्बास ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन जीशान अली आजमी ने किया। महफिल का आयोजन जश्ने रहमत कमेटी ने किया था। रौजाए जैनबया टिकैतराय तालाब में आफताब रिजवी की ओर से महफिले नूर का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना एहतिशाम हुसैन रिजवी ने खिताब किया। तिब्बती मस्जिद बाग मक्का में जश्ने सादेकीन शीर्षक से एक महफ़िल का आयोजन किया गया। जश्ने महफिल को जाकिरे अहलेबैत अंबर आब्दी ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किये। जश्ने का आगाज तिलावते कलामे पाक से मौलाना रिजवान हैदर व संचालन फजल फतेहपुरी ने किया। महफिल का आयोजन कमर अब्बास ने किया था। मस्जिद अख्तर साहब टापेवाली गली में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने महफिल को खिताब किया।

### हजरतमोहम्मद साहब व इमाम जाफर सादिक का जन्मदिन आज, सजेंगी महफिलें घरों में होगी नज़्र

लखनऊ। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स) और छठे इमाम जाफर सादिक (अ.स.) की विलादत 17 रबीउल अव्वल की खुशी में बुधवार को शहर के विभन्न स्थानों पर महफिल-मीलाद का आयोजन होगा। इस मौके पर शिया समुदाय इमामबाड़ों, रौजों, कर्बला और अपने घरों में नज़्र-नियाज का आयोजन करेंगे और एक-दूसरे को हजरत मोहम्मद साहब और इमाम की विलादत की मुबारक देंगे। महिलाएं घरों में महफिलों का आयोजन करेंगी। शिया हजरत मोहम्मद साहब (स) का जन्मदिन इस्लामी माह रबीउलअव्वल की 17 तारीख को मनाते है। इस मौके पर मस्जिद और इमामबाड़ों को खूबसूरत रोशनी से सजाया जा रहा है।

### जश्ने सादेकीन आज

हजरत रसूले खुदा और इमाम जाफर ए सादिक अस की विलादत के मौके पर इमामबाड़ा मुगलसाहिबा वजीरबाग में बुधवार को रात 8. बजे जश्ने सादेकीन मनाया जाएगा। जश्ने महफ़िल को मौलाना गुलाम रजा खिताब करेंगे जबकि संचालन मेहदी महमूदाबादी करेंगे। इसके बाद शायर अपने कलाम पेश करेंगे। मस्जिद अबुजाफ़र गुइन रोड अमीनाबाद में शाम 7 बजे जश्ने सादेकीन मनाया जायेगा। यहां महफ़िल को मौलाना बाकर जैदी खिताब करेंगे। इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी जैदी मरहूम पाटानाला में बुधवार को रात 10 बजे महफिले फजायल व कसीदाख्वानी का आयोजन होगा। महफिल को मौलाना मिर्जा एजाज अब्बास खिताब करेंगे। महफिल का आगाज कारीम नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से करेंगे।

### काज़मैन में महफ़िल आज

आल इंडिया शिया यूथ फेडरेशन ने रौजाए काज़मैन से अमीनउद्दौला पार्क अमीनाबाद तक जुलूसे मोहम्मदी निकालने की मांग की है। इससे पूर्व मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना रहमत हुसैन, मौलाना फिरोज हुसैन, मौलाना दानिश ज़ैदी, मौलाना मोहम्मद अस्करी और मौलाना अतहर अब्बास महफिल को खिताब करेंगे।

### इमामबाडा पंजेतनी में जश्ने उम्मे कुलसूम कल

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की बेटी हजरत उम्मे कुलसूम (स.अ.) की यौमे विलादत के सिलसिले में इमामबाड़ा पंजतनी कश्मीरी मोहल्ला में जश्ने जनाबे उम्मे कुलसूम का आयोजन बृहस्पतिवार को अंजुमन पंजेतनी की ओर से किया जायेगा। अंजुमन के सचिव सैयद हुसैन रिजवी ने बताया कि महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से व संचालन खुर्शीद फतेहपुरी करेंगे। महफिल को मौलाना मोहम्मद अस्करी खिताब करेंगे। इसके बाद शायर ए अहलेबैत जनाबे उम्मे कुलसूम (स.अ.) की शान में अपने कलाम पेश करेंगे। महफिल के बाद ड्रा के जरिये उपहार दिये जाएंगे।

# जनता की सुविधा हमारी पहली जिम्मेदारी: ए.के. शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आगामी त्यौहारों नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा और दीपावली को देखते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जल निगम की चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता को किसी भी स्थिति में निर्माणाधीन कार्यों से परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंत्री शर्मा ने कहा कि जल निगम की विभिन्न परियोजनाओं में समयबद्धता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर साफ-सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिएं। जनता की सुविधा सर्वोच्च



प्राथमिकता है। बैठक में नगर विकास मंत्री ने उन स्थानों पर विशेष ध्यान देने को कहा जहां परियोजनाओं के चलते सड़कें काट दी गई हैं या मिट्टी खोदकर छोड़ दी गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे स्थानों पर कार्य पूरा होने तक सड़कों की अस्थायी मरम्मत की जाए, ताकि आम लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि आगामी नवरात्रि और अन्य पर्वों के दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होंगे।

# प्रकाश गुप्ता सी.एम.एस. छात्रों से मिलकर स्कूली दिनों की यादें ताजा की

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के पूर्व छात्र एवं सिएटल, अमेरिका में भारत के काउन्सेल जनरल प्रकाश गुप्ता, आई.एफ़एस. ने आज सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस में पधारकर छात्रों से मुलाकात की। यह वही विद्यालय परिसर है, जहाँ प्रकाश गुप्ता ने एक छात्र के रूप में अपने भावी जीवन के सपनों को संजोया और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में मेहनत व लगन से उसे साकार भी किया। प्रकाश गुप्ता के स्कूली दिनों के दौरान सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या रहीं सुमंजीत बत्रा एवं वर्तमान प्रधानाचार्या दीपाली गौतम ने विद्यालय परिसर में गुप्ता का हार्दिक स्वागत किया। अपने स्कूल पहुँचने पर गुप्ता खुशी से अभिभूत दिखे। उन्होंने बड़ी आत्मीयता से छात्र-छात्राओं व शिक्षकों से मुलाकात की और छात्रों में भी प्रकाश गुप्ता से मिलने व बातचीत



का अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। इस अवसर पर गुप्ता ने पूरे विद्यालय परिसर का भ्रमण कर आधुनिक शैक्षिक संसाधनों का अवलोकन किया और भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रकाश गुप्ता ने सी.एम.एस. संस्थापक स्वं. डा. जगदीश गाँधी को हार्दिक श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए कहा कि सन् 1982 से 1996 तक मैं इस परिसर का हिस्सा रहा और मैं स्वयं को भाग्यशाली समझता हूँ कि यहाँ मुझे ऐसे शिक्षक मिले, जिन्होंने मुझे भविष्य के जीवन के लिए तैयार किया। सी.एम.एस. एक अलग तरह का स्कूल है जो छात्रों में सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना पैदा करता है और वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान कर छात्रों को बहुसाँस्कृतिक दुनिया के लिए तैयार करता है। गुप्ता छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन के सबसे अच्छे साल अक्सर स्कूल में ही बीतते हैं। ऐसे में, आप सी.एम.एस. में अपने स्कूली समय का भरपूर लाभ उठायें और अपनी रुचियों के अनुसार पढ़ाई में अपना सर्वश्रेष्ठ दें।